www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in
डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84
वर्ष-37, अंक-25, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in
प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 22.06.2020 से 28.06.2020

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

महिला स्व-सहायता समूहों के जरिये आत्मनिर्भर बनेगा मध्यप्रदेश

महिला स्व-सहायता समूहों को दिलाए जाएंगे 1 हजार 433 करोड़ रुपये के कार्य

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्व-सहायता समूहों की महिलाओं से चर्चा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में महिला स्व-सहायता समूहों की महत्वपूर्ण भूमिका है। सरकार द्वारा उन्हें विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के लिए आगामी समय में 1 हजार 433 करोड़ रुपये के कार्य दिलाए जाएंगे। स्व-सहायता समूहों की महिलाएं अपने गांव और क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुसार स्थानीय वस्तुओं का निर्माण करें। उन्हें बाजार उपलब्ध कराने में सरकार उनकी मदद करेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग एवं वेब लिंकिंग के माध्यम से प्रदेश के महिला स्व-सहायता समूहों की लगभग 10 लाख महिलाओं को संबोधित करते हुये कहीं। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के एनआईसी केंद्रों में उपिस्थत स्व-सहायता समूह की महिलाओं से बातचीत भी की।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में अपने गांव और क्षेत्र को जागरुक करने में महिला स्व-सहायता समूह आदर्श बनें। वे अपने गांव और क्षेत्र में कोरोना के प्रति जागरुकता फैलाएं। दो गज की दूरी (6 फीट), सेनेटाइजेशन, बार-बार हाथ धोना, सार्वजनिक स्थानों पर न थूकना आदि ऐसे हथियार हैं, जिनके माध्यम से हम कोरोना को हरा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मैं आपको यह महत्वपूर्ण जवाबदारी दे रहा हूं, आप यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं'।

महिलाओं को बनाया जाएगा आर्थिक रूप से सशक्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए लगभग 400 करोड़ रुपये की लागत का विद्यार्थियों के लिए गणवेश बनाने का कार्य, आजीविका विकास के लिए 65 करोड़ रुपये के कार्य, मुर्गी पालन, भेड़ पालन के लिए 12 करोड़ रुपये के कार्य, 90 हजार पीपीई किट निर्माण के लिए 4.56 करोड़ रुपये के कार्य, टेक होम राशन तैयार करने के लिए 700 करोड़ रुपये के कार्य तथा गौशाला, पशु शेड, मुर्गी शेड, बकरी शेड, खेत, तालाब, मेड़ बंधान, वृक्षारोपण आदि के लिए 252 करोड़ रुपये के कार्य दिलाए जाएंगे।

लॉकडाउन अवधि में महिला एस.एच.जी. ने उल्लेखनीय कार्य किए

श्री चौहान ने कहा कि लॉकडाउन की अवधि में महिला एस.एच.जी ने उल्लेखनीय कार्य किए हैं। 20 हजार से अधिक स्व-सहायता समूह सदस्यों द्वारा 105 लाख से अधिक मास्क बनाकर विक्रय किए गए, जो कि सभी प्रदेशों में अधिकतम है। महिला एस.एच.जी. द्वारा 90 हजार 537 लीटर सेनेटाइजर, 17 हजार 131 लीटर हैंडवॉश बनाकर विक्रय किया गया। महिलाओं द्वारा 97 हजार 318 सुरक्षा उपकरण किट बनाए गए, 05 जिलों के 20 समूहों के 222 सदस्यों एवं एक उत्पादक कंपनी ने गेहूं उपार्जन का कार्य किया। इसके अलावा सब्जी एवं किराना वितरण, दूध उत्पादन एवं घर-घर वितरण कार्य किया गया। वीसी सखियों द्वारा जनधन खाता धारकों को बैंकिंग सेवाएं प्रदान की गई, जिनके माध्यम से 3 अप्रैल 2020 से 13 जून तक 20.59 करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार इन सखियों द्वारा किया गया। महिला एस.एच.जी. द्वारा प्रवासी मजदूरों के लिए भोजन एवं अन्य व्यवस्था में सहयोग, महामारी की जानकारी के प्रचार में सहयोग, एप के माध्यम से खाद्य सामग्री का वितरण तथा दीवार पर पेंटिंग से जागरूकता जैसे अनेक कार्य किए गए हैं।

सुनीता चलाती हैं आजीविका एक्सप्रेस

मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूह के सदस्यों से बातचीत की तथा उनकी गतिविधियों की जानकारी ली। ग्राम टुण्डीखेड़ा जिला श्योपुर के सावन माता स्व-सहायता समूह की सुश्री सुनीता विलवाल ने बताया कि वे आजीविका एक्सप्रेस- वाहन चलाती हैं।

मुर्गी पालन एवं फलों की खेती करती हैं तथा एक साल में 5 से 6 लाख रुपये कमा लेती हैं। ग्राम चननऊदी जिला शहडोल के निहाल स्व-सहायता समूह की सुश्री नूरी बेगम ने मुख्यमंत्री को बताया कि वे उन्नत जैविक कृषि एवं हाउस कीपिंग का कार्य करती हैं तथा प्रशिक्षण भी प्रदान करती हैं। मुख्यमंत्री ने दोनों के कार्य की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

निराशा देवी ने खुलवाए 800 उद्यम

शिवपुरी जिले के ग्राम रूपयपुर के सरस्वती देवी स्व-सहायता समूह की सुश्री निराशा देवी ने बताया कि वे ग्राम की महिलाओं के छोटे-छोटे उद्योग खुलवाती हैं। अभी तक वे अन्य महिलाओं के सहयोग से लगभग 800 उद्यम उनके गांव एवं आसपास खुलवा चुकी हैं।

चंबल एक्सप्रेस-वे सहित विभिन्न योजनाओं को मिलेगी गति

भोपाल, केंद्रीय पंचायती राज, ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर और मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में ग्वालियर चंबल क्षेत्र के विकास के संबंध में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की।

बैठक में जानकारी दी गई कि चंबल एक्सप्रेस-वे की मंजूरी से चंबल अंचल के विकास को नये आयाम मिलेंगे। योजना के अंतर्गत भारत सरकार को दी जाने वाली भूमि का चिन्हांकन भी कर लिया गया है। कुल 309 किलोमीटर क्षेत्र की प्रगति को साकार करने के लिए योजना से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को तेजी से पूरा किया जा रहा है। श्री तोमर ने बताया कि वे केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री श्री नितिन गडकरी से चर्चा कर प्रक्रियाओं को गति देने के संबंध में चर्चा करेंगे।

बैठक में ग्वालियर नगर में ग्रीष्मकाल में पर्याप्त पेयजल आपूर्ति के लिए चंबल नदी से पानी लेने, जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल व्यवस्थाएं करने, अमृत योजना के क्रियान्वयन, प्रदेश में औषधीय पार्क के विकास, वीहड़ विकास योजना, आत्मनिर्भर भारत में कृषक वर्ग के उत्पादक संगठनों को लाभान्वित करने, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषि आधुनिकीकरण, जैविक खेती के क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की। बैठक में बताया गया कि मध्यप्रदेश में कोरोना के संकट काल में मनरेगा से श्रमिकों को बड़ा सहारा मिला। अन्य राज्यों की तुलना में अधिक संख्या में जरूरतमंद लोगों को रोज़गार मिला। इस कार्य में मध्यप्रदेश देश में अग्रणी राज्य है। मनरेगा कार्यों के तहत हर्बल गार्डन भी विकसित किए जा रहे हैं।

श्री चौहान ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने ग्रामीण विकास और कृषि क्षेत्र में मध्यप्रदेश की प्रगति और योजनाओं के बेहतर अमल की स्थिति को अनुभव किया है। किसानों के हित में उन्होंने तिवड़ा चना की खरीदी की मंजूरी दी, जिसके फलस्वरूप मध्यप्रदेश के किसानों से 1.5 लाख मीट्रिक टन से अधिक तिवड़ा चना की खरीदी की जा सकी।

प्रवासी श्रमिकों के लिए जीवन का आधार बना रोज़गार सेतु पोर्टल

भोपाल, मध्यप्रदेश में प्रवासी श्रमिकों को उनके कौशल एवं दक्षता के अनुसार रोज़गार दिलाए जाने के लिए प्रारंभ किए गए रोज़गार सेतु पोर्टल के सार्थक परिणाम सामने आने लगे हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई इस पहल के माध्यम से बड़ी संख्या में प्रवासी श्रमिकों को उनके कौशल के अनुरूप स्थानीय स्तर पर कारखानों, निर्माण कार्यों तथा व्यावसायिक संस्थानों में रोज़गार प्राप्त हो रहा है।

लॉकडाउन के कारण अपने घर आष्टा वापस लौटे श्री संजय परवाल बताते हैं कि वे छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में ड्रायवर का काम करते थे। लेकिन लॉकडाउन के कारण उन्हें अपने निवास स्थान वापस आना पड़ा। परिवार के पालन के लिये रोज़गार की तलाश थी। इसी बीच उन्हें मध्यप्रदेश शासन के रोज़गार सेतु पोर्टल की जानकारी मिली। उन्होंने पोर्टल पर अपना पंजीयन करवाया। पंजीयन के कुछ दिन बाद ही उन्हें नगरपालिका आष्टा से रोज़गार दिये जाने की सूचना मिली। नगरपालिका आष्टा द्वारा उन्हें लगभग 9 हजार रुपये मासिक वेतन पर श्रमिक के पद पर नियोजित किया गया है।

रोज़गार सेतु पोर्टल के माध्यम से रोज़गार पाने वाले भोपाल निवासी श्री सुनील ककोड़िया को दिलीप बिल्डकॉन कम्पनी में रोज़गार का अवसर मिला है। श्री सुनील बताते हैं कि वे विगत 2 वर्षों से नासिक, महाराष्ट्र में कार्यरत थे, कोरोना संकट की परिस्थितियों के चलते लॉक-डाउन होने के कारण वे वापस अपने घर आ गये। परिवार के गुजर-बसर और आजीविका के लिये उन्होंने रोज़गार की तलाश शुरू कर दी।

पोर्टल पर अभी तक 3,457 प्रवासी श्रमिकों को कुशल श्रमिक के रूप में रोज़गार प्राप्त हुआ है तथा 9 हजार 938 श्रमिकों को कुशल रोज़गार दिए जाना प्रक्रियाधीन है। अकुशल प्रवासी श्रमिकों में 3 लाख 6 हजार 956 को जॉब कार्ड उपलब्ध कराया गया है और एक लाख 31 हजार 667 प्रवासी श्रमिकों को मनरेगा के अंतर्गत कार्य दिलाया गया है। रोज़गार सेतु पोर्टल नियोक्ताओं के लिए भी उनकी आवश्यकता के अनुरूप कुशल/अकुशल श्रमिक आसानी से प्राप्त करने का प्रभावी मंच है। इस पोर्टल पर अभी तक 15 हजार 863 नियोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराया है।

मध्यप्रदेश में निवेश के लिये जापानी कम्पनियों ने दिखाई रुचि

भोपाल, जापानी कम्पनियों ने मध्यप्रदेश में निवेश में रुचि दिखाई है। जापान स्थित भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित वेबिनार में मध्यप्रदेश के प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति और निवेश संवर्धन श्री संजय शुक्ला ने मध्यप्रदेश में निवेश के लिये बेहतर वातावरण एवं अनुकूल परिस्थितियों पर प्रेजेन्टेशन दिया। वेबिनार में 70 से अधिक जापानी फर्म सहित 95 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए। प्रमुख सचिव ने प्रदेश की अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र एवं औद्योगिक परिवेश के संबंध में बताया। उन्होंने राज्य के प्रमुख शक्ति क्षेत्रों की जानकारी दी और बताया कि देश के मध्य में स्थित होने के कारण जापानी कम्पनियों को अपनी अधोसंरचना स्थापित करने में कैसे मदद मिलेगी। वेबिनार के दौरान जापानी फर्मों ने प्रदेश में मौजूद विभिन्न संभावनाओं में गहरी रुचि दिखाई। जापानी फर्मों ने विशेष रूप से राज्य की औद्योगिक संवर्धन नीति, विश्व स्तर के औद्योगिक बुनियादी ढांचे के साथ-साथ हाल ही के श्रम सुधारों सहित इज-ऑफ-डूइंग बिजनेस के बारे में उत्साह दिखाया।

मध्यप्रदेश ने गेहूं खरीदी का बनाया रिकॉर्ड

भोपाल, मध्यप्रदेश ने समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन में देश में नया रिकॉर्ड बनाया है। प्रदेश में 15 जून तक एक करोड़ 29 लाख 28 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है। गेहूं की यह मात्रा पूरे देश में किसी राज्य द्वारा अब तक की गई खरीदी का ऑलटाइम रिकॉर्ड है। अभी तक इतनी मात्रा में गेहूं का उपार्जन किसी भी राज्य में नहीं किया गया है।

मध्यप्रदेश सरकार ने उपार्जित गेहूं में से एक करोड़ 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं गोदामों में सुरक्षित परिवहन किया है, जो कि कुल उपार्जन का 97 प्रतिशत है। अभी तक 45 जिलों में शत-प्रतिशत परिवहन का कार्य पूर्ण हो गया है। शेष 7 जिलों में तीव्र गति से परिवहन का कार्य कराया जा रहा है। इंदौर और उज्जैन जिलों में मार्कफेड और नागरिक आपूर्ति निगम दोनों एजेंसियों को कार्य पर लगाकर तेजी से परिवहन कार्य पूर्ण करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उपार्जित गेहूं के विरुद्ध लगभग 22 हजार करोड़ का भुगतान 14 लाख 88 हजार किसानों के खातों में किया गया।

मुख्यमंत्री ने गेहूं उपार्जन के प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। मुख्यमंत्री ने 23 मार्च से लगातार 75 बैठकें एवं जिला कलेक्टर्स के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर गेहूं उपार्जन की प्रतिदिन समीक्षा की है।

सरकार ने गेहूं उपार्जन के लिए प्रभावी रणनीति बनाई। पिछले वर्ष किये गये उपार्जन से बढ़कर 100 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित करते हुए वारदानों और भण्डारण की व्यवस्था की गई। प्रदेश में कोरोना के कारण उपार्जन कार्य 15 अप्रैल से शुरू किया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

13 जून

केंद्र सरकार ने ड्रोन के रजिस्ट्रेशन को किया प्रारंभ

● नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने ड्रोन विमानों का रजिस्ट्रेशन फिर से शुरू कर

दिया है। मंत्रालय के अनुसार, उन ड्रोन विमानों का रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ है, जो नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से पंजीकृत नहीं हैं और उन्हें ड्रोन पावती संख्या डीएएन नहीं प्रदान किया गया है। मंत्रालय द्वारा जारी एक सार्वजनिक नोटिस में कहा गया कि इस तरह के ड्रोन को स्वैच्छिक रूप से जानकारी देने का मौका 14 से 31 जनवरी 2020 के बीच दिया गया था। इस दौरान 19 हजार 553 ड्रोन पंजीकृत किये गये थे। मंत्रालय ने कहा कि जन अनुरोध पर ड्रोन रखने वाले लोगों को एक और मौका दिया जा रहा है। जरूरी सूचना पहले की तरह ऑनलाइन पोर्टल के जरिये दी जाये। पोर्टल पर सूचना प्रविष्टि करने के बाद मालिकाना हक पावती संख्या और ड्रोन पावती संख्या ऑनलाइन जारी की जायेगी।

● भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा कंपनियों को लॉन्ग टर्म मोटर बीमा की अनिवार्यता को खत्म करने के निर्देश दिये हैं। इरडा ने अगस्त 2018 से चार पहिया वाहनों के तीन साल की मोटर बीमा पॉलिसी तथा सितंबर 2018 से दोपहिया वाहनों के लिये पांच साल की मोटर बीमा पॉलिसी को अनिवार्य किया था। इरडा ने अब यह नियम वापस ले लिया है। इस फैसले के बाद अब चार पहिया और दोपहिया वाहन खरीददारों को लॉन्ग टर्म बीमा पॉलिसी लेने का दबाव नहीं रहेगा। लॉन्ग टर्म बीमा पॉलिसी की वजह से दो पहिया वाहन मालिकों को तीन से पांच हजार रुपये तथा चार पहिया वाहन मालिकों को दस से पंद्रह हजार रुपये अधिक खर्च करने पड़ते थे।

● फ्रांस के दक्षिणी आइलैंड कोर्सिका में बाढ़ ने कहर मचाया है। कोर्सिका में भारी बारिश के बाद अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ के तेज बहाव में कई कारें और वस्तुएं बह गईं। दमकल विभाग ने बचाव अभियान चलाकर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। बाढ़ की स्थिति को देखते हुये कोर्सिका प्रशासन ने स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी। प्रशासन के अनुसार, कोर्सिका में कुछ घंटे में ही 120 मिलीमीटर बारिश हो गई, जो कि आमतौर पर दो महीने में होती है।

14 जून

इरडा ने बीमा क्लेम के लिये जारी किये दिशा-निर्देश

● भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा कंपनियों के

IRDA

लिये क्लेम संबंधी नये दिशा-निर्देश जारी किये हैं। अब आठ वर्ष तक प्रीमियम भर चुके ग्राहकों को बीमा कंपनियां क्लेम देने में आना-कानी नहीं कर सकेंगी। इरडा ने कहा कि नये दिशा-निर्देशों से बीमा क्षेत्र में एकरूपता आयेगी। मौजूदा पॉलिसी कॉन्ट्रेक्ट्स में नये दिशा-निर्देशों के अनुसार, बदलाव कराना होगा। इरडा ने कहा कि धोखाधड़ी से जुड़े मामलों में बीमा कंपनियों को अपील करने की इजाजत दी जायेगी। दिशा-निर्देशों के तहत बीमा कंपनी को सभी कागजी प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद 30 दिन के भीतर दावे को स्वीकार या अस्वीकार करना चाहिये। यदि इस अवधि में बीमा कंपनियां क्लेम नहीं देती हैं, तो उन्हें बीमा पॉलिसीधारक को ब्याज देना चाहिये। ब्याज बैंक दर से दो प्रतिशत अधिक होना चाहिये।

● फ्रांस सरकार द्वारा प्रस्तावित पुलिस सुधार बिल के खिलाफ पुलिस अफसरों ने विरोध प्रकट किया है। बिल के विरोध में पुलिस अफसरों ने सेंट्रल पेरिस के ऐतिहासिक आर्क डी ट्रायम्फ के सामने अपनी दर्जनों कारें खड़ी कर नीली लाइटें जलाईं। उल्लेखनीय है कि फ्रांस सरकार विभिन्न विरोध प्रदर्शनों में पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों को पकड़ने के विवादास्पद तरीके में बदलाव करना चाहती है। इन बदलावों का पुलिस विरोध कर रही है। पुलिस अफसरों ने इससे पहले आंतरिक मंत्रालय के सामने भी विरोध प्रदर्शन किया था।

15 जून

भारत ने की कोरोना पर संयुक्त राष्ट्र की मुहिम की अगुवाई

● भारत सहित 13 देशों ने संयुक्त राष्ट्र में कोरोना महामारी पर गलत सूचना से

United Nations

निपटने के लिये तथ्य आधारित सामग्री का प्रचार करने के लिये शुरू की गई मुहिम की अगुवाई की है। इस मुहिम में भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया, चिली, फ्रांस, जॉर्जिया, इंडोनेशिया, लातविया, लेबनान, मॉरीशस, मैक्सिको, नॉर्वे, सेनेगल और दक्षिण अफ्रीका भी शामिल हैं। इस मुहिम को विश्व के 132 देशों ने समर्थन दिया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि कोरोना महामारी से निपटने के अलावा विश्व में भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से भी निपटना होगा। कोरोना संकट के दौर में गलत सूचना फैलाना मानव स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिये खतरनाक हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र संचार प्रतिक्रिया पहल 'वेरिफाइड' का समर्थन करता है और कोरोना महामारी के दौर में गलत जानकारी से निपटने के लिये वैश्विक कार्रवाई का आह्वान करता है।

● केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सीमित उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कोरोना वायरस के मध्यम स्तर तक संक्रमित मरीजों के इलाज में वायरल रोधी दवा रेमडेसिविर, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाली दवा टोसीलीजुमैब और प्लाज्मा थेरेपी के इस्तेमाल को मंजूरी दी गई है। मंत्रालय के अनुसार, मध्यम स्तर तक कोरोना संक्रमित मरीज वे हैं, जिन्हें ऑक्सीजन दी जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि केवल प्रतिबंधित आपातकालीन उपयोग के उद्देश्य से रेमडेसिविर को जांच चिकित्सा के रूप में शामिल किया गया है।

● गुजरात के कच्छ क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र कच्छ का भचाऊ क्षेत्र में जमीन के 10 किलोमीटर नीचे था। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.3 मापी गई। भूकंप के झटके अहमदाबाद, पाटण, मेहसाणा, राजकोट, भावनगर, जूनागढ़ और बलसाड़ सहित 20 जिलों में महसूस किये गये। उल्लेखनीय है कि गुजरात के कच्छ में वर्ष 2001 को विनाशकारी भूकंप ने काफी जान-माल का नुकसान पहुंचाया था।

16 जून

एनटीए ने विभिन्न परीक्षाओं के लिये आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने कई परीक्षाओं के लिये आवेदन करने की अंतिम

तिथि को आगे बढ़ा दिया है। इनमें यूजीसी नेट, जेएनयू एंट्रेंस एग्जाम, इग्नू ओपन मैट, आईसीएआर एंट्रेंस एग्जाम और आयुष पोस्ट ग्रेजुएशन एंट्रेंस टेस्ट शामिल हैं। इन परीक्षाओं के लिये अब 30 जून तक आवेदन किया जा सकेगा। केंद्रीय मानव संसाधन और विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने ट्विटर पर इस संबंध में घोषणा करते हुये लिखा कि कोरोना महामारी के कारण कई छात्रों ने एनटीए की परीक्षाओं के लिये आवेदन की आखिरी तारीख को आगे बढ़ाने की सलाह दी है। उल्लेखनीय है कि ये परीक्षाएं कब आयोजित होंगी इस पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

● काउंसिल फॉर इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने कहा कि वह विद्यार्थियों पर बचे हुये पेपर देने का दबाव नहीं बनायेगा। सीआईएससीई ने बॉम्बे हाईकोर्ट में एक प्रस्ताव जमा किया है। इस प्रस्ताव के तहत छात्र परीक्षा न देने का विकल्प चुन सकते हैं। ऐसी स्थिति में इंटरनल या प्री-बोर्ड परीक्षा के अंक के हिसाब से उनका रिजल्ट जारी किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के कारण सीआईएससीई की 10वीं और 12वीं कक्षा के कुछ पेपर नहीं हो पाये थे। इसके बाद कुछ अभिभावकों ने बॉम्बे हाईकोर्ट में 10वीं कक्षा के बचे हुये पेपर रद्द करने की मांग की थी, जिसके जवाब में यह प्रस्ताव जमा कराया गया है।

● दक्षिण पूर्वी यूरोपीय देश मॉंटेनेग्रो में धार्मिक स्वतंत्रता से जुड़े विवादित कानून के खिलाफ चर्च की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गये हैं। राजधानी पॉडगोरिया में लोगों ने सर्वियाई रूढ़िवादी चर्च के सामने मोबाइल की टॉर्च जलाकर विरोध प्रदर्शित किया। उल्लेखनीय है कि मॉंटेनेग्रो में चर्च और धार्मिक संगठनों की सम्पत्ति के अधिकार को लेकर विवादास्पद कानून बनाया गया है। इस कानून को लेकर मॉंटेनेग्रो और सर्विया के ऑर्थोडॉक्स चर्च आमने-सामने आ गये हैं।

17 जून

कोरोना महामारी में असरदार साबित हो सकती है डेक्सामेथासोन दवा-ब्रिटेन

● ब्रिटेन के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने दावा किया है कि सस्ती और हर जगह मिलने वाली डेक्सामेथासोन दवा कोरोना वायरस से संक्रमित गंभीर मरीजों की जान बचाने में मददगार साबित हुई है। विशेषज्ञों के अनुसार, जिन मरीजों को गंभीर रूप से बीमार पड़ने की वजह से वेंटिलेटर का सहारा लेना पड़ रहा है, इस दवा के इस्तेमाल से उन मरीजों में मृत्यु का जोखिम एक तिहाई से कम हो जाता है। विश्वविद्यालय की लीड रिसर्चर प्रोफेसर मार्टिन लैंड्रे ने एक अध्ययन के हवाले से कहा कि डेक्सामेथासोन दवा का ट्रीटमेंट 10 दिनों तक चलता है और इसमें प्रति मरीज 500 रुपये से भी कम खर्च आता है। उन्होंने कहा कि यह दवा काफी सस्ती है और विश्वभर में उपलब्ध है।

● बच्चों में होने वाली बीमारी अटेंशन डेफिसिट हाइपर एक्टिविटी डिसऑर्डर के इलाज के लिये अमेरिका में एक वीडियो गेम बनाया गया है। अमेरिका के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने इस बीमारी से ग्रसित बच्चों के इलाज के लिये इस गेम को मंजूरी प्रदान की है। एफडीए ने कहा कि बोस्टन की अकीली इंटरेक्टिव लैब्स द्वारा बनाया गया यह गेम अटेंशन फंक्शन में सुधार ला सकता है। यह गेम अटेंशन डेफिसिट हाइपर एक्टिविटी डिसऑर्डर के लक्षण वाले 8 से 12 वर्ष की उम्र के बच्चों के लिये बनाया गया है।

● भारत की 155 कंपनियों ने अमेरिका में 2 हजार 200 करोड़ डॉलर (लगभग 1.65 लाख करोड़ रुपये) का निवेश किया है। यह दावा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की तरफ से कराए गये एक सर्वे में किया गया है। सर्वे रिपोर्ट के अनुसार, इन कंपनियों के निवेश से अमेरिका में लगभग 1.25 लाख लोगों के लिये रोज़गार के अवसर सृजित हुये हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 155 भारतीय कंपनियां अमेरिका के सभी राज्यों में कारोबार कर रही हैं।

18 जून

डब्ल्यूएचओ ने फिर रोका हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन दवा का ट्रायल

● कोरोना वायरस के इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली एंटी मलेरिया दवा हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन (एचसीक्यू) के सॉलीडैरिटी ट्रायल पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक बार फिर रोक लगा दी है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि कई देशों में ट्रायल होने के बाद भी ये दवा कोरोना मरीजों के इलाज में कारगर साबित नहीं हुई है। डब्ल्यूएचओ की एक्सपर्ट एना मारिया ने बताया है कि हमने जितनी भी स्टडी की है उससे पता चलता है कि एचसीक्यू की वजह से कोरोना मरीजों की मृत्यु दर में कोई कमी नहीं आई है। इसलिये डब्ल्यूएचओ ने तय किया है कि एचसीक्यू का ट्रायल विश्व के किसी भी देश में कोरोना मरीजों पर नहीं किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूएचओ ने मई 2020 में भी इस दवा के ट्रायल पर रोक लगाई थी, लेकिन बाद में यह रोक हटा दी गई थी। एचसीक्यू दवा के उत्पादन में भारत विश्व में अग्रणी है।

● उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। उत्तर कोरिया ने दोनों देशों के बीच सुलह संबंधी समझौतों को खत्म कर दिया है। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया से लगी सीमाओं पर सैनिकों की संख्या में इजाफा कर दिया। साथ ही बंद हो चुके अंतर कोरियाई स्थलों पर फिर से सैनिक तैनात कर दिये हैं।

● केंद्रीय दूरसंचार मंत्रालय ने फैसला किया है कि बीएसएनएल की 4जी सुविधा को अपग्रेड करने में चीनी उपकरणों का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा। मंत्रालय ने बीएसएनएल से कहा कि सुरक्षा कारणों के चलते चीनी उपकरणों का इस्तेमाल न किया जाये। मंत्रालय ने 4जी अपग्रेडेशन के संबंध में सभी टेंडर्स खत्म करने के आदेश दिये हैं। सरकार ने निजी टेलीकॉम कंपनियों को भी इस संबंध में निर्देश देने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

19 जून

अमेरिका ने सीरिया पर लगाये कड़े प्रतिबंध

● अमेरिका ने सीरिया पर अब तक के सबसे बड़े प्रतिबंध लगा दिये हैं। इन प्रतिबंधों के चलते सीरिया की राजस्व उगाही में भारी गिरावट आयेगी। अमेरिका ने कहा कि इन प्रतिबंधों का उद्देश्य सीरिया में पिछले 10 वर्षों से चल रहे गृह युद्ध को समाप्त करना है। उल्लेखनीय है कि इन प्रतिबंधों से सीरिया के राष्ट्रपति बशीर अल असद के लिये सरकार चलाना कठिन हो जायेगा। सीरिया में अमेरिका के समर्थन वाले विद्रोही असद को सत्ता से हटाने के लिये 10 वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। वहीं राष्ट्रपति असद को रूस का समर्थन प्राप्त है।

● ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया एक बड़े साइबर हमले का शिकार हुआ है। इस हमले में ऑस्ट्रेलिया की कई सरकारी और निजी कंपनियों की वेबसाइट तथा डाटा को निशाना बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया की गुप्तचर एजेंसियां इस साइबर हमले की जांच में जुट गई हैं। मॉरिसन ने देश के लोगों को इस साइबर हमले से सावधान करते हुये कहा कि लोग डिजिटली कार्य करते समय सतर्क रहें। मॉरिसन ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कई साइबर हमलों की कोशिशें की जा रही थीं, लेकिन कुछ दिनों से साइबर हमलों में तेजी आई है।

प्रदेश की 15 पंचायतों को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

भोपाल, भारत सरकार द्वारा पंचायतों के राष्ट्रीय अवॉर्ड घोषित किए गए हैं। मध्यप्रदेश की 15 पंचायतों को यह अवॉर्ड मिला है। दो जिला पंचायत नीमच, मंदसौर और दो जनपद पंचायत आलोट एवं होशंगाबाद सहित मध्यप्रदेश की 11 ग्राम पंचायतों को पुरस्कार मिला है। पंचायतों द्वारा सेवाओं के बेहतर प्रदाय पर दीनदयाल उपाध्याय पंचायत सशक्तिकरण पुरस्कार दिया गया है।

पंचायत राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पुरस्कारों में जिला पंचायत को प्रमाण-पत्र सहित 50 लाख रुपये, जनपद पंचायत को प्रमाण-पत्र सहित 25 लाख रुपये और ग्राम पंचायतों को उनकी जनसंख्या के अनुसार प्रमाण-पत्र के साथ पांच लाख से 15 लाख तक के पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। प्रदेश की 11 ग्राम पंचायतों को राजस्व आय में बढ़ोत्तरी, प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन और सामाजिक विकास के क्षेत्र में किये गये कार्यों के लिये पुरस्कृत किया गया है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 25, 22.06.2020 से 28.06.2020

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

प्रधानमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये राज्यों के मुख्यमंत्रियों से चर्चा

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कोरोना के संक्रमण की रोकथाम की कोशिश के बीच जहां भी संभव हो, हमें आर्थिक गतिविधियों को तेज करना है। अब हमें अनलॉक के फेज ही ढूंढ़ना है, इसी दिशा में कदम बढ़ाना है। लॉकडाउन के दबाव को मन से बाहर निकालना है। अब राज्यों को यह निर्णय लेना है कि अनलॉक फेस-2 कैसा हो। यह प्रसन्नता का विषय है कि हर राज्य आर्थिक विकास की गतिविधियों को तेजी देने का प्रयास कर रहा है। प्रतिबंध कम हो, गतिविधियां बढ़े और निर्माण एवं अधोसंरचना विकास को राज्य प्राथमिकता दें, ऐसी मेरी मंशा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सब मिलकर कोरोना को हराने एवं भारतीयों का जीवन बचाने के लिये प्रतिबद्ध हैं और निरंतर प्रयासरत हैं। हमने कोरोना के हालात पर नियंत्रण पाया है। लॉकडाउन के दौरान भारत की जनता ने अनोखा अनुशासन दिखाया है। स्वास्थ्य अधोसंरचना को बढ़ाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। हमें टेलीमेडिसन पर जोर देना होगा। कोरोना के विरुद्ध लड़ाई में यंग वॉलिन्टियर्स तैयार करने होंगे। हमें लोगों को सचेत करना होगा, जागरूकता बरतनी होगी। आप सभी के सामुहिक प्रयासों से हम कोरोना पर तो विजय पायेंगे ही, साथ ही आर्थिक विकास की बुलंदियां भी छुएंगे। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल स्थित मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में शामिल हुये। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में प्रधानमंत्री द्वारा महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, बिहार एवं तेलंगाना के मुख्यमंत्रियों से भी चर्चा की गई। शेष राज्यों के मुख्यमंत्रियों से लिखित में स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई। मध्यप्रदेश की जानकारी में बताया गया कि मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण की गति पूरे देश की तुलना में आधी से भी कम है। मध्यप्रदेश का कोरोना संक्रमण ग्रोथ 1.7 प्रतिशत है। वहीं भारत की दर 3.8 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश में कोरोना का डबलिंग रेट 41.1 दिन है। जबकि भारत की डबलिंग रेट 19.4 दिन है। मध्यप्रदेश में गत 12 मई की तुलना में जब प्रधानमंत्री ने राज्यों की कोरोना स्थिति की समीक्षा की थी, तब मध्यप्रदेश के कोरोना मरीजों के स्वस्थ होने की दर 46.7 प्रतिशत थी। वहीं 16 जून को यह बढ़कर 73.6 प्रतिशत हो गई है। भारत में कोरोना रिकवरी दर 52.5 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश में कोरोना के एक्टिव प्रकरणों में निरंतर कमी आ रही है। 17 जून की स्थिति में मध्यप्रदेश में कोरोना के एक्टिव प्रकरण 2455 हैं, जो कि पूरे भारत के कोरोना एक्टिव प्रकरण का 1.6 प्रतिशत है। भारत में कोरोना के एक्टिव प्रकरणों की संख्या 1 लाख 63 हजार 178 है। 12 मई को मध्यप्रदेश में कोरोना के एक्टिव प्रकरणों की संख्या 1901 थी। मध्यप्रदेश में कोरोना के पॉजीटिव प्रकरणों की संख्या 11 हजार 83 है, जो कि भारत का 3.2 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश में अनलॉक-1 के बाद कोरोना की वृद्धि दर में कमी आई है। 30 मई को मध्यप्रदेश में कोरोना की वृद्धि दर 3.01 प्रतिशत थी, जो 16 जून को घटकर 1.7 प्रतिशत रह गई। गत 12 मई को मध्यप्रदेश में कोरोना की वृद्धि दर 3.9 प्रतिशत थी। मध्यप्रदेश के अधिक संक्रमण वाले शहरों- इंदौर, भोपाल तथा उज्जैन में कोरोना की ग्रोथ रेट में निरंतर कमी आ रही है। इंदौर की डबलिंग रेट 73.9 दिन, भोपाल की डबलिंग रेट 25 दिन और उज्जैन की डबलिंग रेट 49.8 दिन रह गई है। मध्यप्रदेश में 14 लाख 3 हजार प्रवासी श्रमिक लौटे हैं, जिनमें सर्वाधिक बालाघाट में 1 लाख तथा झाबुआ में 87 हजार श्रमिक लौटकर आये हैं। इनमें से 12 लाख 3 हजार श्रमिकों को होम क्वारेंटाइन किया गया तथा 63 हजार 387 श्रमिकों को संस्थागत क्वारेंटाइन किया गया। इन श्रमिकों में 19 हजार 130 सैंपल लिये गये, जिनमें से 430 सैंपल कोरोना पॉजीटिव पाये गये। मध्यप्रदेश में आईआईटीटी (आईडेंटिफाई, आइसोलेट, टेस्ट एंड ट्रीट) की रणनीति पर कार्यवाही कर कोरोना की चेन को तोड़ा गया। आईडेंटिफाई के अंतर्गत सघन सर्वे तथा कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की गई। फीवर क्लीनिक के माध्यम से भी मरीजों की पहचान की गई। फर्स्ट कॉन्टैक्ट तथा हाईरिस्क वाले मरीजों को घर पर तथा संस्थाओं में आईसोलेट किया गया। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिये नित नये उपाय किये जा रहे हैं। इसके बेहतर परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे- महाद्वीपों का बहाव- महाद्वीपीय बहाव के सिद्धांत की कल्पना यह है कि महाद्वीप सागर में अति विशाल जहाज की तरह तैरते हैं। **35 करोड़ वर्ष पूर्व-** प्रारंभिक भूगर्भ काल के समय में उत्तर में लौरेशिया के बड़े-बड़े महाद्वीपीय समूह और दक्षिण गोंडवानालैंड के द्वीप समूह एक-दूसरे की तरफ बहने लगे। ब्रिटेन और पश्चिमी यूरोप के अधिकांश भाग भूमध्यवर्ती अक्षांश में पड़ गये। **20 करोड़ वर्ष पूर्व-** उत्तर भूगर्भ काल में लौरेशिया और गोंडवानालैंड आपस में टकराये, जिसके कारण विशाल महाद्वीप पैंजिया और विशाल सागर (जिसे पंथालासा कहा जाता है) का जन्म हुआ। ये अंतिम ट्रायसिक युग तक विशाल रूप में सुरक्षित बचे थे। उस क्षेत्र में एक विशाल खाड़ी बन गयी, जिसे टेथिस सागर कहा जाता है। उसे आज हम भूमध्यसागर और एल्पाइन हिमालयन पर्वत श्रृंखला के नाम से जानते हैं। **5 करोड़ वर्ष पूर्व-** आदिनूतन काल में पैंजिया का विखंडन चरम सीमा पर पहुंच गया। महाद्वीप और महासागर उस रूप में आ गये जैसे आज दिखाई देते हैं। अटलांटिक महासागर का विस्तार हुआ और टेथिस सागर संकरा हो गया, जबकि भारतीय महाद्वीप पृथक हो गया और तैरते हुए उत्तर एशिया से टकरा गया। **वर्तमान युग में-** पृथ्वी के अधिकांश महाद्वीप का उत्तर की तरफ खिसकना आज भी जारी है। आदिनूतन काल में हुये परिवर्तन के कारण अटलांटिक महासागर का विस्तार जारी है। भारतीय महाद्वीपों का टकराव दोनों एशियाई द्वीप समूहों और अंटार्कटिका से होकर ऑस्ट्रेलिया से अलग हो रहा है।

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व शरणार्थी दिवस 20 जून

अपनी जमीन छोड़ने का दर्द और संघर्ष

शहरों में कहर पड़ा है,
और ठांव नहीं गांव में
अन्तर में खतरे के शंख बजे,
दुराशा के पंख लगे पांव में
त्राहि! त्राहि! शरण-शरण!
रुकते नहीं युगल चरण
थमती नहीं भीतर कहीं
गूंज रही एकसुर रटना
कैसे बचें कैसे बचें कैसे बचें कैसे बचें!
आन-मान वह तो उफान है गुरूर का-
पहली जरूरत है जान से चिपटना!

23 अक्टूबर, 1947 को इलाहाबाद में यह कविता ठांव नहीं नाम से हिंदी साहित्य के महान रचनाकार सत्यानंद हीरानंद वात्सायायन अज्ञेय ने लिखी। यह कविता हिंदुस्तान-पाकिस्तान के विभाजन पर केन्द्रित उनके कविता संग्रह शरणार्थी से ली गई है। इसमें शरणार्थियों की पीड़ा का जिक्र किया गया है। अब जरा खुद सोचकर देखिए जो घर आपका अपना है, जिसमें आपने जन्म लिया, आप बड़े हुए, सारे ख्वाब देखे, अचानक बिना किसी गुनाह के आपको अपना सब कुछ छोड़कर एक ऐसे सफर पर निकलना पड़े, जो कब खत्म होगा आपको पता भी नहीं। बचपन ही भविष्य का निर्माण करता है, लेकिन जिन बच्चों का पूरा बचपन रिफ्यूजी कैंप में बीत जाता है, उन्हें बिना किसी गुनाह के यातनाओं को सहना पड़ता है उसकी हृदय विदारक तस्वीरें लगातार सामने आती रहती हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक प्रत्येक मिनट में 20 व्यक्ति आतंक, युद्ध या किसी अन्य वजह से अपनी ज़मीन छोड़कर शरणार्थी बनने को विवश हो जाते हैं।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त के अनुसार दुनिया भर में अपना घर-बार छोड़ने के लिए मजबूर होने वालों की संख्या बढ़कर 7 करोड़ से अधिक हो चुकी है और यह संख्या महज 20 साल में दोगुनी हुई है। हम इसका असर सीरिया से लेकर अफगानिस्तान और दक्षिणी सूडान तक देखते हैं। आज दुनिया के कुल शरणार्थियों में से आधे से अधिक इन्हीं देशों से विस्थापित हैं। वेनेज़ुएला इस समय दुनिया के दूसरे सबसे बड़े विस्थापन संकट का सामना कर रहा है। इस देश में चार मिलियन लोगों को अपने घर और अपने देश को छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। यह सब बातें इस संकट का जवाब प्रभावशाली ढंग से, कुशलतापूर्वक और विस्तृत रूप में दिए जाने की आवश्यकता को दिखाती हैं।

शरणार्थियों के दर्द को बताना उद्देश्य

यह दिवस प्रत्येक वर्ष 20 जून को उन लोगों के साहस, शक्ति और संकल्प के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है, जिन्हें प्रताड़ना, संघर्ष और हिंसा की चुनौतियों के कारण अपना देश छोड़कर बाहर भागने को मजबूर होना पड़ता है। शरणार्थियों की दुर्दशा की ओर ध्यान आकर्षित करने और शरणार्थी समस्याओं को हल करने के लिए ही यह दिवस मनाया जाता है। विश्व शरणार्थी दिवस पर हम संघर्ष और उत्पीड़न के कारण अपने घरों से पलायन को विवश लाखों शरणार्थियों की दयनीय स्थिति को महसूस करते हैं और इन सर्वाधिक कमजोर लोगों को जीवन-रक्षक सहायता प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं।

2001 में पहली बार मनाया गया था विश्व शरणार्थी दिवस

दुनिया भर में विभिन्न देश कई वर्षों से अपने शरणार्थी दिवस मना रहे हैं। कुछ देशों में यह एक सप्ताह के रूप में

सर्जना चतुर्वेदी
(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

मनाया जाता है। अफ्रीकी शरणार्थी दिवस 20 जून को शरणार्थी दिवस के रूप में कई देशों में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 4 दिसम्बर 2000 को 55/76 प्रस्ताव को अपनाया और हर वर्ष 20 जून को विश्व शरणार्थी दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। प्रस्ताव पारित होने के दिन महासभा ने वर्ष 2001 को शरणार्थियों की स्थिति से संबंधित 1951 कन्वेंशन की 50वीं वर्षगांठ के रूप में चिन्हित किया। अफ्रीकी एकता संगठन (OAU) भी 20 जून के लिए सहमत हो गया, क्योंकि अफ्रीकी शरणार्थी दिवस अंतर्राष्ट्रीय शरणार्थी दिवस के साथ मेल खाता है। वर्ष 2001 से प्रतिवर्ष संयुक्त राष्ट्र द्वारा 20 जून को विश्व शरणार्थी दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन को मनाने का मुख्य कारण लोगों में जागरूकता फैलानी है कि कोई भी इंसान अमान्य नहीं होता फिर चाहे वह किसी भी देश का हो। एकता और समन्वय की भावना रखते हुए हमें सभी को मान्यता देनी चाहिए। म्यांमार, लीबिया, सीरिया, अफगानिस्तान, मलेशिया, यूनान और अधिकांश अफ्रीकी देशों से हर साल लाखों नागरिक दूसरे देशों में शरणार्थी के रूप में शरण लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यू.एन.एच.सी.आर. (United Nations High Commissioner for Refugees) शरणार्थी लोगों की सहायता करती है। अंतर्राष्ट्रीय संगठन जैसे इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी (आईआरसी) और एमनेस्टी इंटरनेशनल इस अवसर पर अनेक गतिविधियां आयोजित करता है। इन गतिविधियों में शामिल है- शरणार्थी स्थलों का निरीक्षण, शरणार्थियों और उनकी समस्याओं से संबंधित फिल्मों का प्रदर्शन और जेल में बंद शरणार्थियों के लिए सही चिकित्सकीय सुविधा और नैतिक समर्थन उपलब्ध कराने के लिए रैलियां निकालना, सोशल मीडिया पर शरणार्थीयों के पक्ष में वीडियो, मैसेज पोस्ट करना, कैंपेन चलाना आदि है।

इस वर्ष की थीम है 'Every Action Counts'

इस समय पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी के दौर से गुजर रही है। इसकी वजह से पूरी दुनिया संकट की स्थिति में है। ऐसे में हमें पूरी दुनिया को सब के लिए समान रूप से बनाने के लिए हो रहे संघर्ष को और अधिक तीव्र करने की आवश्यकता है। एक ऐसी दुनिया जो सबके लिए समान हो, जहां कोई पीछे न रह जाए। हालांकि हममें से इसमें किसकी क्या भूमिका है यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन हर कोई कुछ न कुछ बदलाव ला सकता है। यही इस साल का यूएनएचसीआर का वर्ल्ड रिफ्यूजी डे का कैंपेन है। इस साल हमारा लक्ष्य लोगों को यह याद दिलाना है कि इस दुनिया में प्रत्येक व्यक्ति चाहे शरणार्थी ही क्यों न हो हर कोई समाज में योगदान दे सकता है और हर उस कार्य को गिना जाएगा जो सबके लिए समान, न्यायपूर्ण दुनिया को बनाने के हित में होगा।

लड़ाई, ज़ुल्म और भुखमरी की वजह से जब लोगों की ज़िंदगी ख़तरे में होती है, तो वह कहीं दूसरे मुल्क में पनाह लेते हैं। पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा जिन देशों में शरणार्थी जहां रहते हैं जानते हैं उनके बारे में।

तुर्की : 2018 के आंकड़ों के अनुसार किसी भी अन्य देश के मुकाबले सबसे ज़्यादा शरणार्थी तुर्की में रहते हैं। इसकी एक वजह उसके पड़ोसी देश सीरिया में 2011 से चल रहा गृह युद्ध है। वहां से विस्थापित लोग यहां आ जाते हैं। इसके अलावा दूर-दराज़ के अफगानिस्तान से भी कई लोग वहां पहुंचते हैं। यूएनएचआरसी के आदेशपत्र के तहत जितने भी शरणार्थी आते हैं, उनमें पांच में से करीब एक तुर्की में शरण लेता है।

पेरू : 2018 में दूसरे नंबर पर सबसे ज़्यादा शरणार्थी पेरू पहुंचे। इनमें से ज्यादातर वेनेज़ुएला से आए थे। वेनेज़ुएला में जारी आर्थिक संकट के चलते वहां के नागरिक लगातार देश छोड़कर जा रहे हैं। 2015 से अब तक करीब चालीस लाख लोग वेनेज़ुएला छोड़कर भागे हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक वेनेज़ुएला से भागे ज़्यादातर लोग पड़ोसी देश चले गए। प्रवासियों के इस प्रवाह को रोकने के लिए पेरू ने कड़े कानून बनाए हैं।

सूडान : 2018 के दौरान सूडान में जितने भी शरणार्थी आए, उनमें से ज़्यादातर पड़ोसी दक्षिण सूडान के गृह युद्ध से भागकर आए थे। यहां कई शरणार्थी दूर के देशों से भी आए। सूडान मध्य पूर्व के बाहर तीसरा देश है, जहां सीरिया के सबसे ज़्यादा शरणार्थी पहुंचे।

युगांडा : युगांडा में सबसे ज़्यादा शरणार्थी आंतरिक संघर्ष से जूझ रहे दो पड़ोसी देशों से आए। इनमें कांगो गणराज्य और दक्षिण सूडान शामिल हैं। इसके अलावा 2018 के दौरान युगांडा में सबसे ज़्यादा वो बच्चे आए, जिनके साथ कोई नहीं था या वो अपने मां-बाप से बिछड़ गए थे।

1951 में जिनेवा कन्वेंशन में बने थे कानून

1951 का जिनेवा कन्वेंशन (Geneva Convention) शरणार्थी कानून का मुख्य अंतर्राष्ट्रीय साधन है। कन्वेंशन में स्पष्ट रूप से बताया गया है कि शरणार्थी कौन है और वे किस प्रकार की कानूनी सुरक्षा, अन्य सहायता और सामाजिक अधिकार उन देशों से प्राप्त कर सकते हैं, जिन्होंने जिनेवा कन्वेंशन के दस्तावेज़ पर हस्ताक्षर किए हैं। कन्वेंशन पोषित सरकार के प्रति शरणार्थियों के दायित्वों को भी स्पष्ट करता है। शुरुआती समय में कन्वेंशन केवल द्वितीय विश्व युद्ध के बाद मुख्य रूप से यूरोपीय शरणार्थियों की रक्षा करने के लिए सीमित था, लेकिन एक अन्य दस्तावेज, 1967 के प्रोटोकॉल ने कन्वेंशन के दायरे का विस्तार किया, क्योंकि दुनिया भर में विस्थापन की अत्यधिक समस्या फैल गई थी।

यही होगी शरणार्थियों की वास्तविक मदद

शरणार्थियों के जीवन में बदलाव की जब बात करते हैं तो अधिकांश लोगों की मदद का सबसे अच्छा तरीका है विस्थापन के लिए जिम्मेदार संघर्षों को समाप्त करने की दिशा में काम करना, विदेशी सहायता को बेहतर ढंग से कार्यान्वित करना और साझेदारों और मित्र राष्ट्रों के साथ वित्तीय बोझ में भागीदारी को प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है। इसके अलावा हर व्यक्ति अपने स्तर पर किसी न किसी शरणार्थी के जीवन को बेहतर बनाने में योगदान दे तो यकीनन हल हो सकता है।

कार्यालय मुख्य अभियंता (राजधानी परिक्षेत्र)
लोक निर्माण विभाग, भोपाल (म.प्र.)

ई-मेल : cepwdcapital@mp.nic.in
दूरभाष/फैक्स क्रमांक : 0755-2551403

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 02/सा/01/विविध/रा.प./2020-21 भोपाल, दिनांक : 08.06.2020

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से केवल स्पीड पोस्ट के द्वारा एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	2020_PWDRB_92744_1	होशंगाबाद	सी.आर.एफ.	केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत सोहागपुर से मढ़ई मार्ग का निर्माण कार्य। लंबाई 16.90 कि.मी. (ई.पी.सी. मोड पर)	प्रथम	1759.16	कार्यालय मुख्य अभियंता रा.परि. लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन प्लाट 27-28 अरेरा हिल्स भोपाल
2.	2020_PWDRB_92754_1	रायसेन	प्लान	दरगाह से रायसेन तिराहा मार्ग टू-लेन सड़क से फोरलेन सड़क फुटपाथ मिडियम लाईटिंग सहित लं. 3.50 कि.मी.।	प्रथम	1495.25	कार्यालय मुख्य अभियंता रा.परि. लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन प्लाट 27-28 अरेरा हिल्स भोपाल
3.	2020_PWDRB_92756_1	राजगढ़	प्लान	राजगढ़ जिले के अंतर्गत एन.एच.-12 से खजूरिया मोर्चाखेड़ी भैसाना मार्ग मुंबई लं. 10.49 कि.मी. निर्माण कार्य।	प्रथम	701.75	कार्यालय मुख्य अभियंता रा.परि. लोक निर्माण विभाग निर्माण भवन प्लाट 27-28 अरेरा हिल्स भोपाल
				योग		3956.16	

उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 27.06.2020 (17:30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज **दिनांक 02.07.2020, (17:30) बजे तक** केवल स्पीड पोस्ट द्वारा उपरोक्तानुसार संबंधित कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

मुख्य अभियंता (राज.परि.)
जी-11947/44007/2020 लोक निर्माण विभाग, भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, संभाग अशोकनगर (म.प्र.)

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्रमांक 02/वर्ष 2020-21/का.यं. अशोकनगर, दिनांक 11.06.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में)	भौतिक रूप से दस्तावेज प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज)
1.	2020_PWDRB_93304_1	प्लान योजनांतर्गत	उपसंभाग अशोकनगर के अंतर्गत हिनोतिया पछार से सलमाई व्हाया जसवंतनगर मार्ग का निर्माण कार्य। लं. 8.80 कि.मी.।	प्रथम	775.77	मुख्य अभियंता निर्माण विभाग उत्तर परिक्षेत्र ग्वालियर
2.	2020_PWDRB_93305_1	प्लान योजनांतर्गत	उपसंभाग चंदेरी के अंतर्गत कुरवासा से हलनपुर मार्ग लं. 5.00 कि.मी. एवं हिरावल से बडेरा मार्ग लं. 5.30 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	718.66	मुख्य अभियंता निर्माण विभाग उत्तर परिक्षेत्र ग्वालियर
3.	2020_PWDRB_93306_1	प्लान योजनांतर्गत	उपसंभाग अशोकनगर के अंतर्गत मथनेर से जलालपुर व्हाया पौरखी मार्ग लं. 7.00 कि.मी. एवं शाहपुर से जगतपुर मार्ग लं. 3.90 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	696.42	मुख्य अभियंता निर्माण विभाग उत्तर परिक्षेत्र ग्वालियर
4.	2020_PWDRB_93307_1	प्लान योजनांतर्गत	उपसंभाग मुंगावली के अंतर्गत अचलगढ़ से सिलवारा मार्ग लं. 3.30 कि.मी. करी डोंगरा से दौलतपुर मार्ग लं. 3.30 कि.मी. एवं सांवलखेड़ा से भेड़का मार्ग लं. 2.50 कि.मी. का निर्माण कार्य।	प्रथम	478.66	मुख्य अभियंता निर्माण विभाग उत्तर परिक्षेत्र ग्वालियर

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 04.07.2020, (17.30) बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य समस्त दस्तावेज भौतिक रूप से दिनांक 07.07.2020, (17.30) बजे तक उपरोक्तानुसार दर्शित कार्यालय में आवश्यक रूप से प्रस्तुत करना होगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-11952/44009/2020 लो.नि.वि. संभाग, अशोकनगर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग छिन्दवाड़ा

e-mail :- eepwd1chhind@mp.nic.in, Phone :- 07162-248978

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 05/ब.ले.लि./2020-21/ छिन्दवाड़ा, दिनांक : 09.06.2020

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से डाउनलोड की जा सकेंगी।

स. क्र.	टेंडर क्रमांक	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	अमानत राशि	समयावधि	भौतिक रूप से लिफाफा जमा करने का कार्यालय
1.	92930	छिन्दवाड़ा	वी.टी. रिनिवल	लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 01 छिन्दवाड़ा अंतर्गत 05 मार्गों पर वी.टी. रिनिवल का कार्य। कुल लंबाई 6.10 कि.मी. (द्वितीय आमंत्रण)। 1) जामई वस्ती मार्ग कि.मी. 1/2 से 8 = 0.80 कि.मी. 2) जामई अलीवाडा केवलारी मार्ग कि.मी. 1, 2, 3 = 3.00 कि.मी. 3) जामई चिखलमउ मार्ग कि.मी. 2 = 1.00 कि.मी. 4) जामई तहसील पहुंच मार्ग कि.मी. 1 = 1.00 कि.मी. 5) जामई रेस्ट हाउस पहुंच मार्ग कि.मी. 1/2-4 (100) = 0.30 कि.मी.	42.37	5000/-	50000/-	02 माह वर्षाऋतु छोड़कर	मुख्य अभियंता, (म.क्षे.) लो.नि.वि. जबलपुर
2.	92936	छिन्दवाड़ा	सड़क मरम्मत कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 1 छिन्दवाड़ा अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर मेटल एवं स्टोन डस्ट एकत्रीकरण का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)।	10.00	2000/-	20000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) छिन्दवाड़ा
3.	92938	छिन्दवाड़ा	सड़क मरम्मत कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग क्र. 2 छिन्दवाड़ा अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर मेटल एवं स्टोन डस्ट एकत्रीकरण का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)।	10.00	2000/-	20000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) छिन्दवाड़ा
4.	92942	छिन्दवाड़ा	सड़क मरम्मत कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग तामिया अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर मेटल एवं स्टोन डस्ट एकत्रीकरण का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)।	5.00	2000/-	10000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) छिन्दवाड़ा
5.	92943	छिन्दवाड़ा	सड़क मरम्मत कार्य	लोक निर्माण विभाग उपसंभाग सौंसर अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर मेटल एवं स्टोन डस्ट एकत्रीकरण का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण)।	5.00	2000/-	10000/-	6 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) छिन्दवाड़ा
6.	92944	छिन्दवाड़ा	भवन कार्य	सामुदायिक भवन का शेष निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य सहित। लोनिया करवल, बजरंग नगर, छिन्दवाड़ा। (द्वितीय आमंत्रण)।	9.98	2000/-	20000/-	03 माह वर्षाऋतु सहित	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. (भ/स) छिन्दवाड़ा
				कुल योग	82.35 लाख				

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 24.06.2020 समय 5.30 बजे तक** है। ऑनलाइन प्राप्त निविदा ऑफर को मान्य किया जायेगा। भौतिक दस्तावेज जैसे - अमानत राशि, निविदा शुल्क रसीद, शपथ-पत्र, आयकर पेन नंबर, जी.एस.टी. पंजीयन प्रति एवं अन्य **दिनांक 27.06.2020 समय 5.30 बजे तक** संबंधित कार्यालय में लिफाफे स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से प्राप्त किये जायेंगे। भौतिक लिफाफा नियत समय एवं तिथि में संबंधित कार्यालय में प्राप्त न होने की दशा में ऑनलाइन निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-11954/44010/2020 लो.नि.वि. (भ/स), संभाग छिन्दवाड़ा, म.प्र.

जो चाहते हैं उस पर ध्यान केंद्रित करें, उस दिशा में कदम बढ़ाएं और सफल हो जाएं – जॉर्ज कोलराइजर

कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक
लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.)

ई-मेल :- apdpiuindore@gmail.com, फैक्स :- 0731-2491433

क्र. एफ -1/2020/सामान्य/ए.पी.डी./एनआईटी-16/ इन्दौर, दिनांक 10.06.2020

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 16/2020

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग, पीआईयू परिक्षेत्र इन्दौर के अंतर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., म.प्र. द्वारा दिनांक 01.08.2014 से प्रभावशील एवं निविदा सूचना प्रकाशन तिथि तक संशोधित, निर्धारित तिथि (Key-Date) अनुसार के आधार पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। आमंत्रित निविदा शासन के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर देखी जा सकती है जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. एवं कार्य का नाम :- 1. गंधवानी जिला धार में एकलव्य स्कूल कन्या शिक्षा परिसर में 250 सीटर छात्रावास एवं 8 क्लास रूम का द्वितीय तल पर निर्माण कार्य।

पोर्टल टेंडर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पी.ए.सी. रु. लाख में)	अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
2020_PWPIU_92682_1	धार	695.48	6,95,480/-	20,000/-	14

क्र. एवं कार्य का नाम :- 2. मनावर जिला धार में ट्राइबल सीनियर वालिका छात्रावास भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_92679_1	धार	192.00	1,92,000/-	12,500/-	12

क्र. एवं कार्य का नाम :- 3. डही जिला धार में एकलव्य स्कूल कन्या शिक्षा परिसर में 250 सीटर छात्रावास एवं 8 क्लास रूम का द्वितीय तल पर निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_92684_1	धार	695.48	6,95,480/-	20,000/-	14

क्र. एवं कार्य का नाम :- 4. कुकडेश्वर जिला नीमच में कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_93010_1	मंदसौर	62.44	62,440/-	10,000/-	8

क्र. एवं कार्य का नाम :- 5. भानपुरा जिला मंदसौर में कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_92887_1	मंदसौर	62.44	62,440/-	10,000/-	8

क्र. एवं कार्य का नाम :- 6. चचौर जिला नीमच में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_92921_1	मंदसौर	62.44	62,440/-	10,000/-	8

क्र. एवं कार्य का नाम :- 7. रेवली जिला नीमच में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_93057_1	मंदसौर	62.44	62,440/-	10,000/-	8

क्र. एवं कार्य का नाम :- 8. इन्दौर में 500 सीटर अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास भवन की वाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_92978_1	इन्दौर	35.67	50,000/-	5,000/-	6

क्र. एवं कार्य का नाम :- 9. कुंडला जिला नीमच में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_93027_1	मंदसौर	62.44	62,440/-	10,000/-	8

क्र. एवं कार्य का नाम :- 10. ढावला माधोसिंह जिला मंदसौर में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_92875_1	मंदसौर	62.44	62,440/-	10,000/-	8

क्र. एवं कार्य का नाम :- 11. दलौदा स्टेशन जिला मंदसौर में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_92869_1	मंदसौर	62.44	62,440/-	10,000/-	8

क्र. एवं कार्य का नाम :- 12. भालोट जिला मंदसौर में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_92863_1	मंदसौर	62.44	62,440/-	10,000/-	8

क्र. एवं कार्य का नाम :- 13. नामली जिला रतलाम में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_93291_1	रतलाम	62.44	62,440/-	10,000/-	8

क्र. एवं कार्य का नाम :- 14. ताल जिला रतलाम में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_93296_1	रतलाम	62.44	62,440/-	10,000/-	8

क्र. एवं कार्य का नाम :- 15. आलोट जिला रतलाम में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_91415_1	रतलाम	62.44	62,440/-	10,000/-	8

क्र. एवं कार्य का नाम :- 16. मंडावल जिला रतलाम में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_93247_1	रतलाम	62.44	62,440/-	10,000/-	8

क्र. एवं कार्य का नाम :- 17. वडावदा जिला रतलाम में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य।

2020_PWPIU_91425_1	रतलाम	62.44	62,440/-	10,000/-	8

निविदा संबंधी तिथियां (Key-Dates) :-

1. प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि - **11.06.2020**
2. विड प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि - **12.06.2020**
3. विड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - **27.06.2020**
4. विड खोलने की तिथि - **29.06.2020**

जी-11906/44004/2020 अतिरिक्त परियोजना संचालक, लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., इन्दौर

कार्यालय कलेक्टर (लोक सेवा प्रबंधन विभाग) जिला कटनी

प्रथम तल कक्ष क्रमांक-91, ई-मेल loksevakatni@gmail.com

क्रमांक/4853/लो.से.प्र./निविदा/2020 कटनी, दिनांक 16.06.2020

विज्ञप्ति

कटनी जिले में स्लीमनावाद लोक सेवा केन्द्र के संचालन के लिए पी.पी.पी. मॉडल के तहत प्राइवेट ऑपरेटरों के चयन हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं समस्त संशोधन और लोक सेवा केन्द्र, स्लीमनावाद की जानकारी जिले की वेबसाइट **https://katni.nic.in and www.mpedistrict.gov.in** और **www. katni. mp. gov.in** पर उपलब्ध है, निविदा के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है :-

क्र.	कार्यवाही	तिथि
1.	टेंडर (निविदा) का प्रकाशन एवं डाउनलोड करना	17 जून, 2020
2.	निविदा प्रपत्र भरकर संबंधित जिला कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	**16 जुलाई, 2020 समय दोपहर 3.00 बजे तक**

अधिक जानकारी हेतु कार्यालय कलेक्टर/जिला प्रबंधक (लोक सेवा) से सम्पर्क किया जा सकता है।

जी-12059/44030/2020 कलेक्टर, जिला-कटनी

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
म.प्र. लोक निर्माण विभाग, संभाग अशोकनगर (म.प्र.)
कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, रतलाम (म.प्र.)
दूरभाष क्रमांक : 07412-270439, फैक्स क्रमांक : 267740, ई-मेल : eephedrat@mp.nic.in
ISO 9001.2015 Certified Office

क्रमांक 1921/नि.लि./लो.स्वा.यां./2020 **रतलाम, दिनांक 15.06.2020**

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

मध्यप्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य की निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल (**https://mptenders.gov.in/nicgep/app**) पर आमंत्रित है। ऑनलाइन **निविदा दिनांक 27.06.2020 सायं 17.30 बजे तक** ऑनलाइन निविदा में दी गई **Key Dates** अनुसार क्रय की जा सकती है।

कार्य का विवरण :- रतलाम जिले के विभिन्न विकासखण्डों के निम्न ग्रामों में रजिस्टीविटी सर्वे कार्य हेतु ऑनलाइन नवीन केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अपेडिक्स 2.10" पर आमंत्रित की जाती हैं।

निविदा सूचना क्रमांक	ई-टेण्डर क्रमांक	विकासखण्ड (ग्राम का नाम)	सर्वे की संख्या	कार्य की अनु. लागत (लाखों में)	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 5.30 बजे तक	निविदा प्रपत्र का मूल्य
05/20-21	93723_1	जावरा, आलोट, पिपलोदा	200 पाईंट	3.21	6420/-	9 माह वर्षाकाल छोड़कर	**29.06.2020**	2000/-
05/20-21	93723_1	रतलाम, सैलाना, वाजना	200 पाईंट	3.21	6420/-	9 माह वर्षाकाल छोड़कर	**29.06.2020**	2000/-

शर्तें :- 1. निविदा आमंत्रण सूचना विभाग की वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क एवं धरोहर राशि ऑनलाइन पेमेंट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** किया जाना है।
3. विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. उक्त निविदा में संशोधन होने पर ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** देखे जा सकते हैं। अलग से प्रकाशित नहीं किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री
जी-12055/44028/2020 **लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रतलाम**

संबल योजना

सबके साथ मिलकर सबका विकास करेंगे - गृह मंत्री

दतिया, गृह, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने दतिया में हितग्राहियों को संबल योजना के कार्ड वितरित करते हुये कहा कि सरकार सबके साथ है और सबके विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉ. मिश्रा ने समारोह में संबल योजना के तहत 8 परिवार, संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना के अंतर्गत 5 परिवार, पेंशन योजना में 8 परिवार और परिवार सहायता योजना में 3 परिवारों के हितग्राहियों को कार्ड वितरित किए। डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में किसी को भी चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। सरकार सभी की चिंता कर रही है और सभी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इन कार्डो से सभी परिवार शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे।

डॉ. मिश्रा ने राजघाट कॉलोनी में आयोजित समारोह में पौधारोपण करते हुये सभी से पर्यावरण की सुरक्षा करने का आह्वान किया। डॉ. मिश्रा ने कहा कि सभी को पर्यावरण के प्रति सजग रहते हुए उसकी सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करने चाहिए, जिसके लिए पौधारोपण अत्यावश्यक है।

डॉ. मिश्रा ने कहा कि हम वृक्षों के बगैर अपने जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं। हम सभी का दायित्व है कि हम पर्यावरण की रक्षा करें। पर्यावरण की रक्षा के लिए बेहद जरूरी है कि हम सभी संकल्प लें और न केवल वृक्षारोपण करें बल्कि उन्हें बचाने के लिए सुरक्षा के इंतजाम भी करें।

डॉ. मिश्रा ने दतिया में माली वाली गली में राहत सामग्री का वितरण किया। उन्होंने सभी लोगों से मुलाकात की। उनका हालचाल जाना और उन्हें आश्वस्त किया कि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। सरकार उनके साथ है।

स्कूल, कॉलेज एवं शैक्षणिक संस्थाएं आगामी आदेश तक बंद रहेंगी

भोपाल, कोरोना संक्रमण की रोकथाम एवं बचाव के लिये राज्य शासन द्वारा अनेक निर्णय लिये गये हैं। जिसके तहत स्कूल, कॉलेज एवं शैक्षणिक संस्थाएं आगामी आदेश तक और अंतर्राज्यीय बसों का संचालन 30 जून तक बंद रहेगा। प्रमुख सचिव गृह श्री एस.एन. मिश्रा द्वारा जारी किये गये आदेश में राज्य के भीतर इंदौर, उज्जैन एवं भोपाल संभाग के सभी जिलों में 30 जून, 2020 तक यात्री बसों का संचालन 50 प्रतिशत क्षमता के साथ एवं अन्य जिलों में सामान्य रूप से किया जायेगा।

प्रमुख सचिव गृह ने बताया कि भोपाल नगर निगम क्षेत्र में सभी प्रकार की दुकानें सप्ताह में 5 दिन तथा इंदौर एवं उज्जैन नगर निगम क्षेत्र में डिस्ट्रिक्ट क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के परामर्श के अनुरूप दुकानें खुलेंगी। इन नगर निगम की सीमा के बाहर स्थित सभी प्रकार की दुकानें सामान्य स्थिति में खुली रहेंगी।

इंदौर, भोपाल एवं उज्जैन नगर निगम क्षेत्र में शासकीय संभागीय एवं जिला कार्यालय एवं निजी कार्यालय 50 प्रतिशत कर्मचारियों की क्षमता के साथ एवं अन्य स्थानों पर कर्मचारियों की पूरी क्षमता के साथ खुलेंगे।

मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति में निरंतर हो रहा सुधार

प्रदेश के 6 जिले संक्रमण मुक्त, 24 जिलों में 10 से कम एक्टिव प्रकरण

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति में निरंतर सुधार हो रहा है। लॉकडाउन खुलने के बाद के 19 दिनों में प्रदेश में कोरोना के एक्टिव प्रकरणों की संख्या 3 हजार से कम है। प्रदेश के 6 जिले कोरोना संक्रमण से पूरी तरह मुक्त हो गए हैं तथा 24 जिलों में 10 से कम एक्टिव प्रकरण हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

अब 2308 एक्टिव प्रकरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 18 जून तक की स्थिति में कोरोना के एक्टिव प्रकरण घटकर 2308 हो गए हैं। नए 182 प्रकरण पाए गए हैं, जबकि 244 मरीज स्वस्थ होकर घर गए हैं। प्रदेश की रिकवरी रेट 75.5 प्रतिशत हो गई है, जबकि देश की रिकवरी रेट 53 प्रतिशत है। प्रदेश में अभी तक 8 हजार 632 कोरोना के मरीज स्वस्थ होकर घर गए हैं।

डबलिंग रेट 43.2 दिन

श्री चौहान ने बताया कि मध्यप्रदेश में कोरोना प्रकरणों की डबलिंग रेट अब 43.2 दिन हो गई है, जबकि भारत की 19.6 दिन है। इसी प्रकार प्रदेश की कोरोना वृद्धि दर 1.62 प्रतिशत रह गई है, जबकि भारत की 3.59 प्रतिशत है।

मुख्यमंत्री ने प्रभारी अधिकारियों से ली जिले के प्रकरणों की जानकारी

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के प्रभारी वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों से उनके प्रभार वाले जिलों में कोरोना के प्रकरणों की जानकारी ली तथा आवश्यक निर्देश दिए। श्री मोहम्मद सुलेमान इंदौर, श्री फैज अहमद किदवई भोपाल, श्री संजय शुक्ला उज्जैन, श्री वी. चंद्रशेखर नीमच, रायसेन, राजगढ़, विदिशा, श्री राघवेन्द्र सिंह बुरहानपुर, खण्डवा, खरगौन, श्री डी.पी. आहूजा जबलपुर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, कटनी, श्री अजीत केसरी ग्वालियर, टीकमगढ़, निवाड़ी, श्री नीतेश व्यास सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना, श्री आकाश त्रिपाठी देवास, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, श्री मलय श्रीवास्तव मुरैना, भिण्ड, श्योपुर, दतिया, श्रीमती रश्मि अरुण शमी रतलाम, मंदसौर, शाजापुर, आगर-मालवा, श्री शिवशेखर शुक्ला शाजापुर, शिवपुरी, गुना, श्री नीरज मंडलोई होशंगाबाद, बैतूल, हरदा, सीहोर, श्री मुकेश चंद्र गुप्ता डिण्डौरी, बालाघाट, मण्डला, सिवनी, श्री सुखवीर सिंह अनूपपुर, शहडोल, उमरिया तथा श्री विवेक पोरवाल धार, बड़वानी, झाबुआ, अलीराजपुर के प्रभारी अधिकारी हैं।

टेस्टिंग क्षमता में निरंतर वृद्धि

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण को कम करने के लिए प्रकरणों की जल्दी पहचान कर उनका इलाज किया जा रहा है। इसके लिए हमने टेस्टिंग क्षमता को निरंतर बढ़ाया है। गत दिवस प्रदेश में कोरोना के कुल 7 हजार 103 टेस्ट किए गए। इनमें से 6 हजार 116 टेस्ट प्रदेश के अंदर तथा 987 टेस्ट प्रदेश के बाहर किए गए। प्रदेश की प्रतिदिन टेस्टिंग क्षमता 6 हजार 240 है।

खरीदी कार्य मण्डी शेड में ही होना सुनिश्चित किया जाये - कृषि मंत्री

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल भोपाल में चना, मसूर एवं सरसों की उपार्जन संबंधी बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने चना, मसूर एवं सरसों की उपार्जन संबंधी समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि खरीदी का कार्य मण्डी शेड में ही किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जहां पर चना उपार्जन का कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है, वहां उपार्जन कार्य जारी रखा जाये।

श्री पटेल ने ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल का पंजीयन 25 जून तक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चना, मसूर, सरसों की खरीदी की तिथि भारत सरकार की समर्थन मूल्य नीति के अनुसार 29 जुलाई तक होना संभावित है। इसे दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाये। बैठक में श्री पटेल ने धार कलेक्टर द्वारा 6 जून को खरीदी कार्य बंद करने पर नाराजगी जताई। उन्होंने इस संबंध में कलेक्टर से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिये।

श्री पटेल ने परिवहन कार्य में लापरवाही बरतने वाले ट्रांसपोर्टरों से राशि काटने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर परिवहन कार्य 72 घंटे से अधिक देरी से प्रारंभ हुआ है, वहां अनिवार्य रूप से ट्रांसपोर्टरों से राशि काटी जाये। श्री पटेल ने बैठक में गत वर्ष प्रायवेट वेयर हाउस पर बनाये गये खरीदी केन्द्रों, आधा प्रतिशत कमीशन राशि प्राप्त करने वाले वेयरहाउस, वेयर हाउसों को दी गई राशि संबंधी समस्त जानकारी उपलब्ध कराये जाने के निर्देश प्रमुख सचिव, सहकारिता को दिये।

श्री पटेल ने मण्डी एक्ट में संशोधन के उपरांत सहकारी समितियों को उपार्जन से प्राप्त होने वाली राशि और होने वाले नुकसान का आकलन कराये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समितियों को नुकसान न हो, इसके लिये आवश्यक प्रबंध किये जायें।

तेन्दूपत्ता संग्राहकों के लिये पारिश्रमिक और बोनस बना बड़ा सहारा

भोपाल, लॉकडाउन के दौरान आदिवासी बाहुल्य जिले बैतूल में तेन्दूपत्ता संग्राहकों के लिये पारिश्रमिक और बोनस वितरण खुशियों का सबब बनकर आया है। वन विभाग ने अब तक जिले के 81 हजार 937 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 25 करोड़ 53 लाख 55 हजार रुपये का पारिश्रमिक एवं बोनस वितरण किया है। इसमें 15 करोड़ 14 लाख 96 हजार रुपये का पारिश्रमिक और 10 करोड़ 38 लाख 59 हजार रुपये तेन्दूपत्ता का वर्ष 2018 का बोनस शामिल है।

उत्तर बैतूल वन मण्डल के दस प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों मेंढापानी, खैरी, घोड़ाडोंगरी, डोकली, सलैया, पूंजी, शाहपुर, धार, धपाड़ा एवं डाबरी के 25 हजार 360 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2020 में संग्रहित 33 हजार 40 मानक बोरा की 9 करोड़ 26 लाख एक हजार 975 रुपये तेन्दूपत्ता संग्रहण मजदूरी का भुगतान किया गया। साथ ही 11 हजार 392 संग्राहकों को 4 करोड़ 60 लाख 25 हजार 144 रुपये वर्ष 2018 की बोनस राशि भुगतान की गई। इसी तरह दक्षिण बैतूल वन मण्डल के सात प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों रतेड़ाकला, खेड़लीबाजार, चांदू, कोथलकुण्ड, खेड़ीसांवलीगढ़, झल्लार एवं जीन के 12 हजार 320 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2020 सीजन में संग्रहित 12 हजार 518 मानक बोरा की 3 करोड़ 12 लाख 97 हजार 75 रुपये तेन्दूपत्ता संग्रहण मजदूरी का भुगतान किया गया। वहीं 4 हजार 971 संग्राहकों को 2 करोड़ 14 लाख 69 हजार 639 रुपये वर्ष 2018 की बोनस राशि भुगतान की गई है।

पश्चिम बैतूल वन मण्डल के दस प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों चिरापाटला, चूनाहजूरी, चिचौली, भीमपुर, नांदा, तावड़ी, पाट, पिपरिया, दामजीपुरा एवं कुरसना के 18 हजार 211 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2020 सीजन में संग्रहित 15 हजार 39 मानक बोरा की 3 करोड़ 75 लाख 97 हजार 513 रुपये तेन्दूपत्ता संग्रहण मजदूरी का भुगतान किया गया। साथ ही 9593 संग्राहकों को 3 करोड़ 63 लाख 64 हजार 443 रुपये वर्ष 2018 की बोनस राशि भुगतान की गई है।

कोरोना महामारी से बचाव के लिये सोशल डिस्टेंसिंग एवं हैण्ड सेनेटाइजर का उपयोग लघु वनोपज संघ के निर्देशानुसार किया गया। लॉकडाउन के दौरान उक्त राशि मिलने से तेन्दूपत्ता संग्राहकों में प्रसन्नता है एवं वे प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

शाला प्रारंभ करने के संबंध में आमजन से सुझाव आमंत्रित

भोपाल, कोविड वायरस के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार समस्त शैक्षणिक संस्थाओं को मार्च 2020 से बंद कर दिया गया था। इस महामारी के नियंत्रण के पश्चात् शैक्षणिक संस्थाएं पुनः प्रारंभ करने पर विचार किया जा रहा है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शाला प्रारंभ करने के लिये आमजन से सुझाव आमंत्रित किये गये हैं।

सुझाव के लिये शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल पर http://educationportal.mp.gov.in/feedback/public/RegisterUser.aspx लिंक पर सत्र 2020-21 में शाला प्रारंभ करने के संबंध में जनसमुदाय अपने सुझाव दे सकते हैं।

स्व-सहायता समूह की महिलाएं बनेंगी आत्मनिर्भर

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश बनाने की पहल में स्व-सहायता समूह की महिलाओं की प्रमुख भूमिका रहेगी। मध्यप्रदेश ग्रामीण डे आजीविका परियोजना के तहत गठित स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को रोज़गार से जोड़कर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के लिये कौशल उन्नयन प्रशिक्षण की शुरुआत की गई है।

मुख्यमंत्री ने स्व-सहायता समूहों के सदस्यों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली थी। उन्होंने महिलाओं को स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक रोज़गार के अवसर उपलब्ध करवाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिये। सभी जिलों में महिला स्व-सहायता समूहों को रोज़गार से जोड़ा जा रहा है।

उमरिया जिले में स्कूली विद्यार्थियों के गणवेश की सिलाई का कार्य स्व-सहायता समूह की महिलाओं को सौंपा गया है। गणवेश की सिलाई गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरी की जा सके, इसके लिए महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिलाने की पहल की गई है। जिले में स्व-सहायता समूह की 258 महिलाओं का प्रशिक्षण 11 सिलाई प्रशिक्षण केन्द्रों पर शुरू कर दिया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

आवासीय विद्यालयों में स्वीकृत सीटों के अनुसार होगा छात्रों का प्रवेश

आदिम जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह विभागीय संचालक मंडल की बैठक को संबोधित करती हुईं।

भोपाल, आदिम जाति कल्याण मंत्री सुश्री मीना सिंह ने कहा है कि विभाग द्वारा संचालित एकलव्य समेत अन्य आवासीय विद्यालयों में स्वीकृत सीटों के अनुसार शत-प्रतिशत छात्रों का प्रवेश सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के सहयोग से संचालित आवासीय विद्यालयों के विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधा के समान ही राज्य सरकार के कन्या आवासीय विद्यालयों की छात्राओं को भी यह सुविधा दी जाए।

आदिम जाति कल्याण मंत्री ने कहा कि एकलव्य आवासीय विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने संस्था के लिये मंजूर क्वालिटी सेल को तत्काल शुरू करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। सुश्री मीना सिंह ने एकलव्य आवासीय विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिये मंजूर राशि का उपयोग करने और निर्माण कार्य तत्काल शुरू किये जाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये।

आदिम जाति कल्याण विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती पल्लवी जैन गोविल ने एकलव्य आवासीय विद्यालय परिसर में सौर ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिये एजेंसी का चयन करने में संयंत्रों के रख-रखाव की शर्तों का विशेष ख्याल रखने के निर्देश दिये। उन्होंने एकलव्य संस्थाओं में मंजूर शैक्षणिक पदों पर चयन प्रक्रिया को तत्काल शुरू किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिये। प्रमुख सचिव ने कहा कि एकलव्य विद्यालयों में जिला स्तर पर होने वाली निगरानी समिति की बैठक का प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से राज्य मुख्यालय बुलाया जाए।

बैठक में आयुक्त आदिम-जाति कल्याण श्री वी. चंद्रशेखर ने बताया कि प्रदेश में संचालित 22 कन्या शिक्षा परिसरों के लिये 'अपना विद्यालय अपना घर' योजना की मंजूरी प्राप्त हो चुकी है। योजना का क्रियान्वयन इसी शैक्षणिक सत्र में शुरू किया जा रहा है।

बैठक में बताया गया कि इस शैक्षणिक सत्र में 123 विशिष्ट आवासीय संस्थाओं में कक्षा 8वीं और 9वीं में प्रवेश परीक्षा का आयोजन ई-गवर्नेंस सर्विस इण्डिया लिमिटेड के माध्यम से किया जा चुका है। प्रदेश में रेसिडेंशियल एकेडमिक सोसायटी के माध्यम से 46 एकलव्य आदर्श विद्यालय, 69 कन्या शिक्षा परिसर और 8 आवासीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं। इनमें विद्यार्थियों के लिये 60 हजार 400 से अधिक सीटें मंजूर हैं।

बैठक में बताया गया कि 30 एकलव्य विद्यालयों में ऑडिटोरियम के लिये 60 करोड़ रुपये की राशि मंजूर हुई है। दो एकलव्य आवासीय विद्यालयों के उन्नयन के लिये 7 करोड़ रुपये के मान से राशि मंजूर की गई है। इसके साथ ही बैठक में एकलव्य आवासीय विद्यालयों में सीबीएसई पाठ्यक्रम के अनुसार छात्रों को अध्ययन कराये जाने पर भी चर्चा हुई।

मोहल्ला स्तर पर ऑक्सीमीटर प्रदाय करने पर हो रहा है विचार

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कोरोना नियंत्रण में मोहल्ला और कॉलोनी स्तर पर ऑक्सीमीटर के प्रदाय पर विचार किया जा रहा है। इससे सर्वे कार्य में आसानी होगी। रोग के लक्षण मिलने पर व्यक्ति को उपचार के लिए तत्काल स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाने में मदद मिलेगी। प्रशासन के साथ आम जनता को कोरोना नियंत्रण में भागीदार बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कोरोना नियंत्रित हो रहा है, लेकिन किसी भी स्तर पर असावधानी नहीं होनी चाहिए। हम सभी के सम्मिलित प्रयासों से कोरोना परास्त होगा।

आमजन में से व्यक्तियों का चयन कर देंगे सामाजिक जिम्मेदारी

श्री चौहान ने कहा कि जनता के सहयोग से कोरोना वायरस की समस्या को पूरी तरह समाप्त करने में मदद मिलेगी। सोशल डिस्टेंसिंग के महत्व से आम जनता को अवगत कराने के लिए जनता में से ही सजग प्रतिनिधियों का चयन कर उन्हें दायित्व दिया जाएगा। हमारा प्रदेश, पूरा देश और पूरा विश्व भी कोरोना से मुक्त हो, हम सभी सामान्य जीवन जी सकें, इसके लिए सामूहिक प्रयत्न आवश्यक हैं। प्रदेशवासियों से मेरा कहना है कि ईश्वर भी उन्हीं की सहायता करते हैं जो स्वयं अपनी सहायता करते हैं।

सावधानी और अनुशासन की तपस्या आवश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना को समाप्त करना सावधानी रूपी तपस्या के बिना संभव नहीं है। अनुशासन बनाकर रखने की तपस्या करते रहें तो कोरोना की समस्या से मुक्ति पा लेंगे। इस वायरस पर अकुंश लगाने के प्रयास सफल भी हो रहे हैं। लापरवाही से मामला बिगड़ सकता है, सावधानियां बरतने में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। दो गज की दूरी बनाये रखें। फेस मास्क, गमछा और अंगोछा उपयोग में लाते रहें। संक्रमण से बचने का ईमानदारी से प्रयास हो। बार-बार हाथ धोने की प्रैक्टिस चलती रहे। सार्वजनिक स्थानों पर न थूकें। उत्सव आदि कम मनायें। इनमें संख्या भी कम हो और सोशल डिस्टेंसिंग बनी रहे। भीड़ को रोकना सिर्फ प्रशासन का काम नहीं है। ये जनता की भी ड्यूटी है। व्यवस्था बनाने के लिए आत्मानुशासन का पालन करना होगा।

नगरीय निकायों के करों का अधिभार माफ

भोपाल, राज्य शासन द्वारा नगरीय निकायों के कर आदि पर 22 मार्च से 15 जून 2020 तक के देय अधिभार (सरचार्ज) को माफ कर दिया गया है। ऐसे नागरिक, जो 31 जुलाई 2020 तक नगरीय निकायों के कर जमा करेंगे, उनके लॉकडाउन अवधि को अधिभार की गणना में नहीं लिया जावेगा। गौरतलब है कि कोरोना वायरस महामारी के कारण लॉकडाउन लागू होने के कारण आम नागरिक नगरीय निकायों के विभिन्न कर जैसे सम्पत्ति कर, जल कर/जल उपभोक्ता प्रभार आदि का भुगतान नहीं कर पाये हैं। इससे करों आदि पर अधिभार देय हो गये हैं।

प्रदेश के परिवहन कार्यालयों में सभी कार्य होंगे ऑनलाइन

भोपाल, मध्यप्रदेश के सभी जिला परिवहन कार्यालयों में सभी कार्य ऑनलाइन किये जाएंगे। समस्त प्रकार के कार्यों के लिये डिजिटल माध्यम से टैक्स एवं फीस ही स्वीकार की जाएगी।

परिवहन आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कोविड-19 के संक्रमण एवं लॉकडाउन के मद्देनजर परिवहन कार्यालय बंद किये गये थे। शासन के निर्णयानुसार 8 जून से अनलॉक की घोषणा के बाद परिवहन कार्यालयों में चरणबद्ध रूप से सेवायें आरंभ की जा रही हैं। जिसके तहत सभी प्रकार के कार्यों के लिये ऑनलाइन आवेदन लेना, केवल डिजिटल माध्यम से टैक्स एवं फीस जमा करना और नवीन वाहनों के पंजीयन आवेदन केवल वीआईडी के माध्यम से ही स्वीकार किये जाएंगे।

नवीन लर्निंग लाइसेंस के आवेदन के लिये पूर्व आवंटित स्लॉट की तुलना में 50 प्रतिशत स्लॉट ही निर्धारित करना और वाहनों के फिटनेस जारी करने संबंधी आवेदन के लिये पूर्व आवंटित स्लॉट की तुलना में 70 प्रतिशत स्लॉट ही निर्धारित किया जाएगा। प्रक्रम वाहन के नवीन परमिट जारी करने के लिये क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार की बैठक आगामी आदेश तक आहूत नहीं की जायेगी। परिवहन कार्यालयों में उपरोक्त सभी प्रकार के कार्यों में सोशल डिस्टेंसिंग तथा उचित सेनेटाइजेशन की व्यवस्था कार्यालय में आवश्यक रूप से की जाने, आवेदकों को मास्क लगाकर ही कार्यालय में प्रवेश देने और समय-समय पर संपूर्ण परिवहन कार्यालय को सेनेटाइजेशन भी किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश

प्रत्येक व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करेंगे - कृषि मंत्री

हरदा, जिले में प्रत्येक व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रोज़गारमूलक प्रशिक्षण पर जोर दिया जाएगा, जिससे वह अपनी आजीविका उपार्जन कर आत्मनिर्भर बन सके। मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में हरदा जिला भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह बात किसान कल्याण तथा कृषि विकास मंत्री श्री कमल पटेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा हरदा के जनप्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कही।

श्री पटेल ने कहा कि देश को विकसित और समृद्धशाली बनाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत अभियान चलाया है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अभियान चलाकर उसे तेजी से पूरा करना है। श्री पटेल ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि हो इसके लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। किसानों के कल्याण के लिए आरंभ की गई संबल योजना में ढाई एकड़ तक भूमिधारक किसानों को शामिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे अधिकतम छोटे और सीमांत किसानों को योजना का लाभ मिल सकेगा।

श्री पटेल ने बैतूल सांसद श्री दुर्गादास उईके, टिमरनी विधायक श्री संजय शाह, वरिष्ठ नेता श्री अमरसिंह मीणा सहित हरदा के जनप्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि गांव का प्रत्येक गरीब सरकारी योजनाओं से लाभान्वित हो। हमारा लक्ष्य है कि हरदा जिले में कोई भी गरीब व असहाय न रहे।

श्री पटेल ने कहा कि जिले में हर जरूरतमंद को आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान करते हुए आत्मनिर्भर भारत-आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण की दिशा में हरदा प्रभावी भूमिका निभा सके।

पंच-परमेश्वर योजना से ग्राम पंचायतों में बह रही विकास की धारा

भोपाल, सरकार ने पंच-परमेश्वर योजना को पुनः प्रारंभ कर विकास को एक नई दिशा दी है। ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिये पंच-परमेश्वर योजना में राशि उपलब्ध करवाई गई है। इस राशि से ग्रामीण अंचलों में विकास के साथ पेयजल, स्वच्छता और स्थानीय स्तर पर लोगों को रोज़गार उपलब्ध करवाया जा रहा है। हाल ही में पंच-परमेश्वर योजना में 14वें वित्त आयोग की 1 हजार 555 करोड़ रुपये की राशि ग्राम पंचायतों में भेजी गई है।

पंच-परमेश्वर योजना में कटनी जिले की 407 ग्राम पंचायतों को 29 करोड़ 88 लाख 16 हजार 492 रुपये की राशि आवंटित की गई है। ग्राम पंचायतों द्वारा इस राशि का उपयोग कोरोना की रोकथाम के साथ ही अच्छी गुणवत्ता के स्थाई प्रकृति के विकास कार्य में किया जा रहा है। पंचायतें प्राथमिकता के आधार पर जल और स्वच्छता संबंधी कार्य करवा रही हैं। कोरोना की महामारी के दौरान सरकार ने कोविड-19 की रोकथाम के लिये ग्राम पंचायतों को 14वें वित्त आयोग की प्राप्त राशि से 15 प्रतिशत राशि खर्च करने की अनुमति दी है। इस राशि से मजदूरों एवं जरूरतमंदों को मास्क, साफ-सफाई, साबुन, सेनेटाइजर, पीपीई किट आदि खरीदे जा सकते हैं। जिले की ग्राम पंचायतों के अधोसंरचना विकास, पेयजल संबंधी और संधारण कार्य के लिये 14वें वित्त आयोग से एक पंचायत को औसतन 8 लाख रुपये तक प्राप्त हुए हैं। कोरोना संक्रमण के दौर में लॉकडाउन अवधि में अन्य राज्यों से लौटे प्रवासी मजदूरों को स्थानीय रोज़गार मुहैया कराने लगभग 6 हजार 500 कार्य मनरेगा के चल रहे हैं। इसी प्रकार पंच-परमेश्वर योजना में भी जल स्वच्छता के टिकाऊ कार्य किये जा रहे हैं। ग्राम पंचायतों द्वारा स्थानीय और प्रवासी मजदूरों को ज्यादा से ज्यादा काम मिले, इसके लिये जल संग्रह के काम, मेड़ बंधान, तालाब निर्माण, गहरीकरण, सम्पर्क ग्रामीण सड़क, खेत-तालाब, गौशाला निर्माण, नदी पुनरुद्धार, वॉटर शेड के काम बहुतायत में किये गये हैं। वर्तमान में जिले में केवल मनरेगा के कार्यों से 72 हजार मानव दिवस प्रतिदिन रोज़गार सृजित किया जा रहा है।

जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत कैलवारा खुर्द के ग्राम प्रधान सरपंच माधुरी पाठक ने बताया कि ग्राम पंचायत में 145 मजदूर काम पर लगे हैं। पंच-परमेश्वर योजना में उनकी पंचायत को 10 लाख 98 हजार 753 रुपये मिले हैं। ग्राम पंचायत ने अब तक 5 हजार 98 मानव दिवस का रोज़गार सृजित किया है। ग्राम पंचायत पड़रिया सरपंच आशीष तिवारी ने बताया कि पंच-परमेश्वर योजना में उन्हें 7 लाख 37 हजार 496 रुपये मिले हैं। ग्राम पंचायत में 125 मजदूर कार्यरत हैं तथा पंचायत ने 3 हजार 420 दिवस का रोज़गार सृजित किया है। छहरी के सरपंच जगदीश उरमलिया ने बताया कि उनकी पंचायत को योजना में 5 लाख 95 हजार 431 रुपये मिले हैं।

फीवर क्लीनिक से मिला दो लाख से अधिक लोगों को निःशुल्क उपचार

भोपाल, राज्य शासन की पहल पर फीवर क्लीनिक के माध्यम से 15 जून तक की स्थिति में 2 लाख से अधिक लोगों का निःशुल्क उपचार किया गया। प्रदेशवासियों को सहज स्वास्थ्य सुविधाएं एवं आवश्यक दवायें उपलब्ध करवाने के लिये मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा लिये गये निर्णय के परिप्रेक्ष में प्रदेश में 909 फीवर क्लीनिक की स्थापना की गई।

प्रदेश में कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत राज्य शासन द्वारा हर क्षेत्र में कदम बढ़ाते हुए हर वर्ग को राहत पहुंचाने का बीड़ा उठाया। इसी क्रम में प्रदेश के सभी जिलों में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतर व्यवस्था स्थापित करने के लिये फीवर क्लीनिक खोलने का निर्णय लिया गया। फीवर क्लीनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक कारगर वैकल्पिक व्यवस्था बन कर उभरे हैं।

प्रदेश में 2 लाख 10 हजार 309 लोगों को न केवल उपचार का लाभ दिया गया, बल्कि उन्हें चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा भी मिली है। इन क्लीनिकों में चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श के साथ सर्दी, खांसी और बुखार वाले व्यक्तियों का उपचार किया जा रहा है। आवश्यकता होने पर संदिग्ध मरीजों के सैंपल भी लिए जा रहे हैं।

प्रदेश में संचालित 909 फीवर क्लीनिक में भोपाल संभाग के 130 फीवर क्लीनिक में 8 हजार 700 व्यक्तियों, रीवा संभाग के 107 फीवर क्लीनिक में 30 हजार, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 141 फीवर क्लीनिक में 20 हजार 238, जबलपुर संभाग के 179 फीवर क्लीनिक में 53 हजार 196, शहडोल संभाग के 71 फीवर क्लीनिक में 49 हजार 295, इंदौर संभाग के 160 फीवर क्लीनिक में 29 हजार, उज्जैन संभाग के 111 फीवर क्लीनिक में 13 हजार 316, सागर संभाग के 86 फीवर क्लीनिक में 11 हजार 83 और होशंगाबाद संभाग के 35 फीवर क्लीनिक में 8 हजार 797 लोगों ने आकर निःशुल्क चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क उपचार लिया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश शासन

1 मध्यप्रदेश बना नंबर वन



अब तक का देश में सर्वाधिक गेहूं उपार्जन वाला राज्य बना मध्यप्रदेश

- देश के सभी राज्यों द्वारा कुल उपार्जित गेहूं का एक तिहाई उपार्जन सिर्फ मध्यप्रदेश से।
- गत वर्ष की तुलना में प्रदेश में गेहूं उपार्जन में 74 प्रतिशत की वृद्धि।
- उपार्जन केन्द्रों की संख्या 3 हजार 545 से बढ़ाकर 4 हजार 500 से अधिक की गई।
- 2500 से अधिक गोदामों में गेहूं का सुरक्षित भंडारण।
- उपार्जन में लघु एवं सीमांत किसानों की दो गुनी संख्या को सीधा लाभ।
- कोरोना संकट में सोशल डिस्टेंसिंग का पालन एसएमएस के माध्यम से सुनिश्चित।
- इतने बड़े उपार्जन अभियान में एक व्यक्ति भी कोरोना से संक्रमित नहीं।
- मध्यप्रदेश द्वारा विकेंद्रीकृत उपार्जन की व्यवस्था अंतर्गत स्वयं की आवश्यकता के अलावा अन्य प्रदेशों के लिये भी उपार्जन।
- लॉकडाउन के बावजूद ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तीव्र वित्त प्रवाह सुनिश्चित।

1.29 करोड़ मी. टन से ज्यादा गेहूं खरीदने का बना रिकॉर्ड

विश्व स्तरीय अभियान

इतनी बड़ी मात्रा में गेहूं उपार्जन का यह अभूतपूर्व अभियान विश्व के सबसे बड़े लॉजिस्टिक अभियानों में से एक।
जिसके तहत...

50 दिनों में

16 लाख किसानों से

4500 से अधिक उपार्जन केंद्रों पर खरीदी कर

₹24000 करोड़ की राशि का भुगतान

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

किसानों की खुशहाली में सबसे आगे मध्यप्रदेश

D-11033/R-44044/2020

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

चर्चा में

निसावा

गोदरेज ग्रुप की नई एमडी और सीईओ बनीं

महज 42 वर्ष की उम्र में निसावा, गोदरेज ग्रुप की नई एमडी और सीईओ बन गई हैं। वे फिलहाल गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड की कार्यकारी अध्यक्ष हैं। आदि गोदरेज की छोटी बेटी निसावा ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से एमबीए की पढ़ाई की है। वे विवेक गंभीर की जगह एमडी और सीईओ का कार्यभार संभालेंगी। गंभीर ने हाल ही में इस्तीफा दिया है।

व्हाट्सएप अकाउंट

एक साथ चार डिवाइस में चल सकेगा

आने वाले समय में व्हाट्सएप अकाउंट एक साथ कई डिवाइस में चलाया जा सकेगा। यह मैसेजिंग एप ऐसा फीचर विकासित करने में जुटा है, जिसके जरिये वह अपने यूजर को एक साथ चार डिवाइस में एक ही अकाउंट के संचालन की सुविधा प्रदान करेगा। व्हाट्सएप को ट्रैक करने वाली डब्ल्यूएबीटाइंफो ने हाल ही में ट्वीट कर इस फीचर के बारे में जानकारी दी है।

पुणे

ग्राहक खुद भरेंगे पेट्रोल-डीजल

पुणे में पेट्रोल पंप कर्मियों और ग्राहकों को सीधे संपर्क से बचाने के लिये पेट्रोल पंप पर ग्राहक खुद ही अपनी गाड़ी में पेट्रोल भरेंगे। पेट्रोल या डीजल भरने के दौरान पंपकर्मी ग्राहक को निर्देशित करते रहेंगे। इसके साथ ही ग्राहक को पेट्रोल या डीजल भरने से पहले अपने हाथों को सेनेटाइज करना होगा।

डेविड और सिमॉन रयूबेन

अरबपति भाइयों ने ऑक्सफोर्ड को 608 करोड़ रुपये दान किये

मुंबई में जन्मे और वर्तमान में ब्रिटेन में बसे अरबपति बंधु डेविड और सिमॉन रयूबेन ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के नए कॉलेज के लिये 608 करोड़ रुपये दान दिये हैं। यह 30 साल में ऑक्सफोर्ड का पहला कॉलेज होगा। इसका नाम भी पार्क कॉलेज से बदल कर रयूबेन कॉलेज होगा। यहां मशीन लर्निंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पर्यावरण परिवर्तन और सेल्युलर लाइफ की पढ़ाई की जायेगी।

अनमोल नारंग

अमेरिकी सैन्य अकादमी से स्नातक होने वाली पहली सिख महिला बनीं

अनमोल नारंग अमेरिकी सैन्य अकादमी से ग्रेजुएट होने वाली पहली सिख महिला बन गई हैं। वह अमेरिका में ही जन्मीं थी। इस उपलब्धि पर सेकेंड लेफ्टिनेंट अनमोल ने कहा कि किसी के लिये कॅरियर में कोई भी रास्ता चुनना मुमकिन है। नारंग अब बेसिक ऑफिसर लीडरशिप का कोर्स पूरा करेंगी। इसके बाद उनकी पहली पोस्टिंग होगी।

फिल्म 'गॉन विद द विंड' को

एचबीओ मैक्स ने अस्थायी रूप से लायब्रेरी से हटाया

एचबीओ मैक्स ने क्लासिक फिल्म गॉन विद द विंड को अपनी मूवी लायब्रेरी से अस्थाई तौर पर हटा दिया है। नस्लीय समानता और रंगभेद के खिलाफ दुनियाभर में चल रहे आंदोलन के कारण एचबीओ ने इसे हटाया है। इसमें अमेरिकी समाज के नस्लीय पूर्वाग्रहों को दिखाया गया था। 1939 की इस फिल्म को 8 ऑस्कर अवॉर्ड मिले थे।

अंकित भरत

भारतीय मूल के डॉक्टर ने कोरोना पेशेंट के फेफड़ों को किया ट्रांसप्लांट

अमेरिका में भारतीय मूल के डॉक्टर अंकित भरत के नेतृत्व में डॉक्टर्स की एक टीम ने बेहद जटिल सर्जरी में कामयाबी पा ली है। एक महिला के कोरोना से पूरी तरह खराब हो चुके फेफड़ों की सर्जरी कर उसे नये फेफड़े लगाये हैं। महामारी होने के बाद अमेरिका में इस तरह की पहली सर्जरी है। मेरठ में जन्में अंकित भरत ने कहा कि ये उनकी जिंदगी की सबसे कठिनतम सर्जरी थी।

प्रभाकर राघवन

गूगल सर्च के हेड बने

दुनिया के सबसे बड़े सर्च इंजन गूगल ने भारत में जन्में प्रभाकर राघवन को गूगल सर्च का हेड बनाया है। उनकी प्रारंभिक और स्कूली शिक्षा भोपाल में हुई है। उन्होंने आईआईटी मद्रास से स्नातक की डिग्री ली है। राघवन ने 2012 में गूगल ज्वॉइन किया था। वे सीधे सुंदर पिचाई को रिपोर्ट करेंगे।

कैथरीन सुलिवन

महासागर में सबसे गहरी जगह पहुंचने वाली पहली महिला बनीं

अंतरिक्ष में चलने वाली पहली अमेरिकी महिला कैथरीन सुलिवन पृथ्वी के महासागर में सबसे गहरे ज्ञात स्थान पर पहुंचने वाली पहली महिला बन गई हैं। एक सबमर्सिबल में वह मरियाना ट्रेंच (प्रशांत महासागर) स्थित 'चैलेंजर डीप' की तली तक करीब 11 किलोमीटर नीचे पहुंची।

मकोको गोरिल्ला का

सीटी स्कैन किया गया

35 वर्षीय दक्षिण अफ्रीका के मकोको गोरिल्ला को नाक में पॉलिप बढ़ने के कारण दक्षिण अफ्रीका के जू से अस्पताल ले जाया गया। 210 किलोग्राम वजन के मकोको को प्रिटोरिया के हॉस्पिटल में हेलीकॉप्टर से लाया गया। यहां इसका सीटी स्कैन किया गया। हालांकि मकोको को जू में भी कई तरह के ट्रीटमेंट दिये गये, लेकिन कोई उपचार काम नहीं आया।

गैरसैंण

उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनी

उत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने चमोली जिले के गैरसैंण (भराड़ीसैंण) को राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने की अनुमति दे दी है। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मार्च में इसे ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने का ऐलान किया था। गौरतलब है कि गैरसैंण क्षेत्र में स्थानीय तौर पर गढ़वाली और कुमाऊंनी भाषा बोली जाती है।

आई-लैब

गांव और दुर्गम क्षेत्रों में कोरोना की जांच करेगी, देश की पहली चलती-फिरती लैब

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री हर्षवर्धन ने देश की पहली चलती-फिरती लैब की शुरुआत की है। आई-लैब वैन देश के दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर कोरोना की टेस्टिंग करेगी। आई-लैब एक दिन में 25 आरटी-पीसीआर टेस्ट और 300 एलाइजा टेस्ट कर सकती है। इसके अलावा इसमें टीबी और एचआईवी जांच की सुविधा भी है, जांच सरकारी योजना के मुताबिक दरों पर की जाएगी। केंद्रीय मंत्री श्री हर्षवर्धन ने कहा, आंध्र प्रदेश मेड-टेक ज़ोन टीम ने डीवीटी के समर्थन से रिकॉर्ड आठ दिन में आई-लैब को तैयार किया है।

उर्जित पटेल

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी के चेयरमैन बने

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर उर्जित पटेल को नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी (एनआईपीएफपी) के चेयरमैन पद पर नियुक्त किया गया है। उर्जित पटेल से पहले इस पद पर विजय केलकर थे, जिन्होंने 2014 में पदभार संभाला था। उर्जित पटेल को चार साल की अवधि के लिए इस पद पर नियुक्त किया गया है। एनआईपीएफपी वित्त मंत्रालय, पूर्ववर्ती योजना आयोग और कई राज्य सरकारों द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक स्वायत्त निकाय है। यह एक स्वतंत्र गैर-सरकारी निकाय है और केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्यों को सलाह देते हुए सार्वजनिक नीति में अनुसंधान करता है।

'जर्मीक्लीन'

डीआरडीओ ने तैयार की कपड़ों को सैनेटाइज करने वाली मशीन

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने दिल्ली पुलिस की मांग पर वर्दियों को सैनेटाइज करने वाली मशीन बनाई है। इसे 'जर्मीक्लीन' नाम दिया गया है। 'जर्मीक्लीन' 15 मिनट में 25 जोड़ी कपड़े सैनेटाइज कर सकती है। मशीन एक सैनेटाइज चैम्बर के रूप में तैयार की है, जिसमें कपड़े रखने पर वह उसे कीटाणुमुक्त बनाती है। डीआरडीओ के मुताबिक, सैनेटाइजिंग चैंबर मशीन 'जर्मीक्लीन' को दिल्ली के संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में लगाया गया है। इस मशीन की मदद से वर्दी, डंडा, शील्ड और हेलमेट को संक्रमणमुक्त किया जा सकता है।

स्मृति शेष

बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का निधन

बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का निधन हो गया है। वे पिछले कुछ समय से अवसाद से ग्रसित थे। उनकी आखिरी फिल्म छिछोरे में उन्होंने सशक्त भूमिका निभाई थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। काई पो छे, शुद्ध देसी रोमांस और केदारनाथ उनकी चर्चित फिल्में रहीं।

सबसे उम्रदराज फर्स्ट क्लास क्रिकेटर वसंत रायजी का निधन

दुनिया के सबसे उम्रदराज फर्स्ट क्लास क्रिकेटर वसंत रायजी का 100 वर्ष की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। 11 साल लंबे कॅरियर में 9 फर्स्टक्लास मैच खेलने वाले रायजी ने 277 रन बनाये थे। उन्होंने 1939 में क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया के लिये डेब्यू किया था। इस साल 26 जनवरी को उन्होंने अपना 100वां जन्मदिन मनाया था।

भोजपुरी फिल्मों के म्यूजिक डायरेक्टर धनंजय मिश्रा का निधन

बहुचर्चित भोजपुरी गाना 'रिंकिया के पापा' का म्यूजिक कंपोज करने वाले भोजपुरी म्यूजिक डायरेक्टर धनंजय मिश्रा का निधन हो गया। धनंजय मिश्रा ने कई भोजपुरी फिल्मों के लिये संगीत दिया जिनमें जय वीरू, दबंग सरकार, संघर्ष, भूमिपुत्र जैसी फिल्में शामिल हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) राज मोहन का निधन

1971 भारत-पाकिस्तान युद्ध के नायक रहे महावीर चक्र विजेता लेफ्टिनेंट जनरल (रिटायर्ड) राज मोहन वोहरा का कोरोना संक्रमण के कारण निधन हो गया। लेफ्टिनेंट जनरल वोहरा को 1971 युद्ध में अदम्य साहस दिखाने और शानदार नेतृत्व के लिये 1972 में महावीर चक्र से सम्मानित किया गया था। यह देश का दूसरा सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है। युद्ध के दौरान लेफ्टिनेंट वोहरा की अगुवाई में भारतीय सेना के जवानों ने पाकिस्तान के 27 टैंकर को धवस्त कर दिया था।

'श्री गणेश' धारावाहिक के अभिनेता जगेश मुकाती का निधन

पौराणिक धारावाहिक 'श्री गणेश' में भगवान गणेश का किरदार निभाने के लिये पहचाने जाने वाले टेलीविजन अभिनेता जगेश मुकाती का 47 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

MADHYA PRADESH AGENCY FOR PROMOTION OF INFORMATION TECHNOLOGY

MAP_IT (A Regd. Society of Govt. of M.P. Under Department of Science and Technology)
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011, Tel : +91-755-2518702, Fax : +91-755-2579824
Website : www.mapit.gov.in, E-Mail : map_it@mp.nic.in, info@mapit.gov.in

Ref. No.: MAPIT/DeGS/Recruitment/2020/2951 **Date : 16.06.2020**

CORRIGENDUM–2

Recruitment – 2020

Filling up of Vacant Post in District e-Governance Society (DeGS)

Madhya Pradesh Agency for Promotion of Information Technology, a registered society under the Department of Science and Technology, Government of Madhya Pradesh invites online application for filling up of vacant post at District e-Governance Society (DeGS) asper following details :

S. No.	Post	Monthly Honorarium	Location	Minimum Eligibility Criteria	No. of Vacant Post*
1.	District e-Governance Manager (DeGM)	Rs. 35,000/-	District	GATE 2020 (CS/IT), B.E(CS/IT)/ B.Tech (CS/IT)/MCA/ M.SC (CS/IT). Cut Off Marks in Graduation/PG–UR/ OBC – 60%, SC/ST – 50%	11
2.	Lead Trainer	Rs. 35,000/-	District	GATE 2020 (CS/IT), B.E(CS/IT)/ B.Tech(CS/IT)/MCA/M.SC(CS/IT) or Graduation in any discipline+B level certificate from DOEACC/NIELIT. Cut Off Marks in Graduation/PG–UR/ OBC– 60%, SC/ST– 50%	11
3.	Assistant e-Governance Manager (AeGM)	Rs. 30,000/-	Block/ Tehsil	GATE 2020 (CS/IT), B.E(CS/IT)/ B.Tech(CS/IT)/MCA/M.SC(CS/IT). Cut Off Marks in Graduation/PG – UR/OBC– 60%, SC/ST– 50%	155
4.	Trainer	Rs. 30,000/-	District	GATE 2020 (CS/IT), B.E(CS/IT)/ B.Tech(CS/IT)/MCA/M.SC(CS/IT) or Graduation in any discipline+B level certificate from DOEACC/NIELIT. Cut Off Marks in Graduation/PG– UR/OBC– 60%, SC/ST– 50%	8

*Vacancy might vary

The details regarding eligibility criteria, qualification, experience, age limit and other details for the above posts may be viewed in Rulebook on MAPIT website– **www.mapit.gov.in** and MP Online website.Online Applications will be received through MP Online Portal website – **www.mponline.gov.in**.

Online link for submission of application form is open from **18.06.2020 to 31.07.2020.**

M.P. Madhyam/97637/44035/2020 **CHIEF EXECUTIVE OFFICER**

MADHYA PRADESH POLICE HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(A Government of Madhya Pradesh Undertaking)
Bhadbhada Road, Bhopal-462003

No.MPPHIDC/Accounts/588/2020 **Bhopal, Dated :16.06.2020**

NOTICE INVITING TENDER FOR LOAN/CREDIT FOR CONSTRUCTION OF RESIDENTIAL HOUSES FOR POLICE PERSONNEL

Madhya Pradesh Police Housing & Infrastructure Development Corporation Limited, Bhadbhada Road, Bhopal is inviting sealed offers from Financial Institutions/Nationalized Banks for sanction of loan for construction of residential houses for Police Personnel.

The last date and time for submission of Bids is **29.06.2020 till 15.00 Hrs**. The amount of loan and other terms and conditions are as follows :-

1. The approximate amount of loan required from Financial Institution/Nationalized Bank is Rs.1731.00 crores which is to be made available in three instalments during the financial year 2020-21 and 2021-22 and 2022-23 respectively. An amount of Rs.577.00 crores will be required during the financial year 2020-21 and the remaining loan amount of Rs.1154.00 crores will be required during the financial year 2021-22 and 2022-23 in two instalments of Rs 577.00 Crores.
2. Government of Madhya Pradesh shall give guarantee for security of sanctioned loan amount.
3. Repayment of the loan amount will be made in 17 years which includes 02 years moratorium period. Repayment of loan amount will be made by quarterly instalments.
4. The sealed offer accompanied with consent for providing loan amount of Rs.1731.00 Crores with the annual rate of interest to be charged.
5. The Sealed offers will be opened on 29.06.2020 at 15:30 Hrs in the presence of concerned authorised representatives of Financial Institutions/Nationalized Banks.
6. The Sealed offers will be addressed to the Managing Director, Madhya Pradesh Police Housing & Infrastructure Development Corporation Limited, Bhadbhada Road, Bhopal–462003.
7. The Managing Director, Madhya Pradesh Police Housing & Infrastructure Development Corporation Limited, Bhopal reserves the right to accept or reject the offer without assigning any reason.
8. The above Notice Inviting Offer will be available in Madhya Pradesh Police Housing & Infrastructure Development Corporation Website **policehousing.mp.gov.in**

M.P. Madhyam/97644/44037/2020 **CHIEF PROJECT ENGINEER**

M.P. RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryawas Bhawan, Bhopal M.P.–462 011
No. 8924/FA/WB/CMGSY/2020 Bhopal, Dated : 16.06.2020

IFB No. -WB–22/897

Online item rate bids are invited on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in** for Construction/Up-gradation of Rural Roads under World Bank and AIIB Financed MPRC Project P-157054, as under :

S. No.	Name of District	Number of Packages	No. of Roads	Grand Total (In Rs.)
1	2	3	4	5
1.	Bhind	2	5	71300000.00
2.	Damoh	2	2	24091000.00
3.	Narsinghpur	1	3	50938000.00
4.	Rajgarh	1	2	50235000.00
5.	Satna	1	1	43863000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from 19.06.2020 17:30 hrs.
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed IFB and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

Madhyam/97626/44032/2020 **CHIEF GENERAL MANAGER**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, मदभदा रोड संभाग क्रमांक-01 भोपाल
फोन नं. : 0755-4222322, ई-मेल : mpphc.bhopal@yahoo.com
Mobile No. 9425601532
क्रमांक-म.प्र.पु.आ.एवं.अ.वि.नि/290/पयं/भोपाल-1/तशा/2020
भोपाल, दिनांक : 15.06.2020

प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम संभाग क्रमांक-01 भोपाल द्वारा (1) हॉक फोर्स परिसर भोपाल में संत्री ड्यूटी हेतु मोर्चा के समीप गार्ड (02 गार्ड रूम) का निर्माण कार्य, ऑनलाइन TENDER ID NO:-2020_MPPHC_93811_1 (2) आरआरपी लाइन भोपाल में संचालित जिम के बगल में खाली पड़ी जगह पर पार्क बनाकर एंटी स्किड टाइल्स, पार्क फेंसिंग एवं सौंदर्यीकरण कार्य, ऑनलाइन TENDER ID NO:-2020_MPPHC_93812_1 हेतु निविदा क्रमांक 04/2020-21 आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 26.06.2020 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही किए जावेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/97638/44036/2020 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, संभाग क्रमांक - 03, गोरखपुर थाने के पीछे, 1558, ऋषि काटेज, रतन कालोनी, जबलपुर (म.प्र.) - 482003
फोन : 0761-4927003, Email : mpphcjabalpur3@gmail.com

निविदा प्रेस विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम, जबलपुर संभाग क्र.-03 के अंतर्गत जिला - छिंदवाड़ा, तहसील परासिया अंतर्गत चांदामेटा में अर्द्धशहरी थाना भवन एवं जिला - सिवनी में अर्द्धशहरी थाना भवन, कोतवाली के निर्माण कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-03/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2020_MPPHC_93688,93689) एवं जिला - छिंदवाड़ा, तहसील सौंसर अंतर्गत पिपलानारायणबार में पुलिस चौकी भवन एवं जिला - सिवनी थाना (अजाक) परिसर में पृथक से महिला कक्ष के निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-04/2020-21 (ऑनलाइन निविदा क्र. 2020_MPPHC_93690, 93691) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र **दिनांक 19.06.2020 से 29.06.2020 समय सायं 05.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं सबमिट (प्रस्तुत) किये जा सकते हैं। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं एवं निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उक्त वेबसाइट पर ही प्रदर्शित किए जावेंगे पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

म.प्र. माध्यम/97657/44039/2020 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, मदभदा रोड, संभाग क्रमांक-02, भोपाल
मोबाइल : 9425601534, ई-मेल : bhopaldivision2@gmail.com
क्र.-मप्रपुआअविनि/158/पयं/भोपाल-02/तशा/2020 भोपाल, दिनांक : 19.06.2020

प्रेस विज्ञप्ति

"बाह्य विद्युतीकरण कार्य (6+24) आवास गृह बोड़ा एवं बाह्य विद्युतीकरण कार्य (6+24) आवास गृह कुरावर, जिला-राजगढ़" के निर्माण हेतु निविदा क्रमांक-02/2020-21(ऑनलाइन निविदा क्रमांक-MPPHCL/TENDER No. 2020_MPPHC_94323_1 एवं 2020_MPPHC_94330_1) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 02.07.2020 समय 5.00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे जा सकते हैं, विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/97681/44041/2020 **परियोजना यंत्री**

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल (मध्यप्रदेश)

पॉलीटेक्निक डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा (पीपीटी-2020) आवश्यक सूचना

मध्यप्रदेश स्थित शासकीय/स्वशासी/स्व-वित्तीय/अनुदान प्राप्त/निजी क्षेत्र की एआईसीटीई अनुमोदित डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम संचालित करने वाली संस्थाओं में प्रोफेशनल एक्ज़ामिनेशन बोर्ड, भोपाल द्वारा आयोजित प्री-पॉलीटेक्निक टेस्ट (पीपीटी) की मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाता है।

कक्षा 10वीं उत्तीर्ण अथवा सम्मिलित होने वाले विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2020-2021 में डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे पीपीटी-2020 में अनिवार्यतः सम्मिलित हों। पीपीटी-2020 हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की **अंतिम तिथि 25 जून, 2020** है।

विस्तृत जानकारी हेतु पीईबी की वेबसाइट **peb.mp.gov.in** एवं **peb.mponline.gov.in** का अवलोकन करें।

म.प्र. माध्यम/97631/44034/2020 **संचालक, तकनीकी शिक्षा, म.प्र.**

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
ई-मेल : mpphcl_ujjain@yahoo.in, फोन : 0734-2527715
मोबा. : 9406808103
क्र. 484-85/पय/मप्रपुहाइडेकालि/20/उज्जैन दिनांक : 17.06.2020

निविदा आमंत्रण सूचना

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 02/2019-20 दिनांक 17.6.2020 के अंतर्गत जिला बड़वानी में अर्द्धशहरी थाना भवन, अंजड एवं निविदा क्रमांक 03/2019-20 दिनांक 17.6.2020 के अंतर्गत जिला देवास, शाजापुर एवं रतलाम में पुलिस चौकी भवनों के निर्माण कार्य की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2020_MPPHC_93974, 2020_MPPHC_93975, 2020_MPPHC_93976 एवं 2020_MPPHC_93977 कुल 4 निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 19.6.2020, 17.00 बजे** से क्रय किये जा सकते हैं एवं **दिनांक 3.7.2020, 18.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/97651/44038/2020 **परियोजना यंत्री**

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

(म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के अधीन)
खण्ड-2, पंचम तल, पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल
क्रमांक : 8900/वि-12/स्था./म.प्र.ग्रा.स.वि.प्रा./20 दिनांक : 15.06.2020

विज्ञप्ति

म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण में मुख्य महाप्रबंधक के पैनल हेतु 1 पद पर प्रतिनियुक्ति आधार पर, चयन हेतु अर्हताधारी अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किए जाते हैं।

प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति हेतु पूर्णतः भरे हुये आवेदन जमा करने की **अन्तिम दिनांक 06.07.2020** है। इस सम्बन्ध में विस्तृत विज्ञप्ति, उक्त पद हेतु वेतन, न्यूनतम अर्हतायें, आयु सीमा, पदस्थापना एवं आवेदन पत्र का प्रारूप इत्यादि अन्य जानकारी, विभागीय वेबसाइट **www.mprrda.com/default.html** पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/97627/44033/2020 **मुख्य महाप्रबंधक (प्रशा.)**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये

सामान्य गणित

(1) वह समय ज्ञात कीजिये जिसमें 3456 रुपये की धनराशि $\frac{25}{3}\%$ के चक्रवृद्धि ब्याज पर 4394 रुपये हो जाएगी -
(a) 3 वर्ष (b) 2 वर्ष
(c) 4 वर्ष (d) 2.5 वर्ष

उत्तर - (a) 3 वर्ष

व्याख्या - $A=P\left(1+\frac{R}{100}\right)^T$

$4394=3456\left(1+\frac{25}{3\times100}\right)^T$

$\frac{2197}{1728}=\left(\frac{325}{300}\right)^T$

$\frac{2197}{1728}=\left(\frac{13}{12}\right)^T$

$\left(\frac{13}{12}\right)^3=\left(\frac{13}{12}\right)^T$

Ans - $\therefore T=3$ वर्ष

(2) यदि $a+\frac{1}{a}+1=0$ है, तब a^9+3a^3-1 का मान -
(a) 3 (b) 2
(c) 0 (d) 1

उत्तर - (a) 3

व्याख्या - दिया है

$a+\frac{1}{a}+1=0$

$=a^2+a+1=0$

दोनों पक्षों में (a-1) से गुणा करते हैं

$\Rightarrow (a-1)(a^2+a+1)=0\times(a-1)$

$\Rightarrow a^3-1=0$

$\therefore a^3=1$

$\therefore a^9+3a^3-1=(a^3)^3+3(a^3)-1$
$=1^9+3\times1-1$
$=4-1=3$

(3) यदि एक वस्तु को 27,120 रुपये में बेचने पर 13% का लाभ होता है, तो वस्तु का क्रय मूल्य क्या है -
(a) 24,600 रुपये
(b) 24,000 रुपये
(c) 22,800 रुपये
(d) 25,300 रुपये

उत्तर - (b) 24,000 रुपये

व्याख्या - माना कि वस्तु का क्रय मूल्य C है।
13% लाभ के बाद विक्रय मूल्य $=1.13C=27120$
$\therefore C=27120/1.13=24000$
$\therefore$ वस्तु का क्रय मूल्य 24000 रुपये है।

(4) यदि $\tan\theta=\frac{3}{4}$ है, तब $\cos2\theta$ का मान ज्ञात कीजिए -
(a) 12/25 (b) 4/25
(c) 9/30 (d) 7/25

उत्तर - (d) 7/25

व्याख्या - $\tan\theta=3/4$

$\cos\theta=4/5$

$\sin\theta=3/5$

$\cos2\theta=\cos^2\theta-\sin^2\theta=$

$(4/5)^2-(3/5)^2=16/25-9/25$

$\therefore \cos2\theta=\cos^2\theta-\sin^2\theta=7/25$

(5) 36, 12.84 और 28.78 का योग ज्ञात कीजिये -
(a) 47.1 (b) 46.9
(c) 47 (d) 46

उत्तर - (c) 47

व्याख्या - $5.\overline{36}=5+36/99$

$12.8\overline{4}=12+84/99$

$28.\overline{78}=28+78/99$

तीनों को जोड़ने पर
योग $=(5+12+28)+198/99=45+2=47$

(6) एक त्रिभुज का परिमाप 84 सेमी और अतः त्रिज्या 5 सेमी है। त्रिभुज का क्षेत्रफल क्या है -
(a) 840 सेमी²
(b) 110 सेमी²
(c) 150 सेमी²
(d) 210 सेमी²

उत्तर - (d) 210 सेमी²

व्याख्या - परिमाप = 84 सेमी

S = परिमाप/2 $=\frac{84}{2}=42$ सेमी

r = 5 सेमी

Δ का क्षेत्रफल = rs = 42 x 5
210 सेमी²

(7) 800 ग्राम का (35/2)% - 400 ग्राम का (45/2)% का मान ज्ञात करें -
(a) 50 ग्राम
(b) 150 ग्राम
(c) 100 ग्राम
(d) 80 ग्राम

उत्तर - (a) 50 ग्राम

व्याख्या - 800 ग्राम का (35/2)% - 400 ग्राम का (45/2)% = 35 x 800/200 - 45 x 400/200 = 50 ग्राम

(8) एक दुकानदार वैग पर 10% छूट प्रदान करता है जिन्हें क्रय मूल्य से 30% अधिक अंकित किया गया है। राहुल ने 1170 रुपये में वैग खरीदा। वैग का क्रय मूल्य (रुपये में) क्या था -
(a) 1250 (b) 1300
(c) 1500 (d) 1000

उत्तर - (d) 1000

व्याख्या - माना कि क्रय मूल्य x है।
$\Rightarrow$ अंकित मूल्य $=1.3x$
$\Rightarrow$ विक्रय मूल्य = 10% छूट के साथ अंकित मूल्य
$=1.3x-0.1\times1.3x=1.17x$
$\Rightarrow 1.17x=1170$
$\therefore x=cp=1170/1.17=1000$ रुपये

(9) $(0.00032)^{0.6}$ का मान ज्ञात कीजिए -
(a) 0.08 (b) 0.008
(c) 0.8 (d) 8

उत्तर - (b) 0.008

व्याख्या - दिया गया व्यंजक
$\Rightarrow ?=(0.00032)^{0.6}$
$\Rightarrow ?=(32\times10^{-5})^{0.6}$
$\Rightarrow ?=(2\times10^{-1})^{5\times0.6}$
$\Rightarrow ?=2^3\times10^{-3}$
$\therefore ?=0.008$

(10) यदि $\sin\theta\times\cos\theta=\frac{1}{2}$, तो $\sin\theta-\cos\theta$ का मान क्या होगा, जहां $0^\circ<\theta<90^\circ$ है?
(a) 0 (b) $\sqrt{2}$
(c) 2 (d) 1

उत्तर - (a) 0

व्याख्या - $\sin\theta\times\cos\theta=1/2$
$\Rightarrow$ दोनों तरफ 2 से गुणा करने पर,
$\Rightarrow 2\sin\theta\cos\theta=1$
$\Rightarrow \sin2\theta=1$
$\Rightarrow \sin2\theta=\sin90^\circ$
$\theta=45^\circ$
$\Rightarrow \sin45^\circ-\cos45^\circ$
$\Rightarrow \frac{1}{\sqrt{2}}-\frac{1}{\sqrt{2}}$
$\Rightarrow 0$

(11) $[(5^2)^{x+2}\times(5^{-x})^4=(5)^{x-5}]$ में x का मान ज्ञात कीजिये -
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

उत्तर - (c) 3

व्याख्या - दिया गया है,
$\Rightarrow (5^2)^{x+2}\times(5^{-x})^4=(5)^{x-5}$
$\Rightarrow (5)^{(2x+4-4x)}\times(5)^{x-5}$
$\Rightarrow (5)^{(4-2x)}\times(5)^{x-5}$
$\Rightarrow 4-2x=x-5$
$\therefore x=3$

(12) $\sqrt{5\sqrt{5\sqrt{5\sqrt{5}}}}$ ..... का मान क्या होगा -
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 5

उत्तर - (d) 5

व्याख्या - माना $\sqrt{5\sqrt{5\sqrt{5\sqrt{5}}}}$ .....$=x$
दोनों पक्षों को वर्ग करने पर हमें प्राप्त होता है,
$\Rightarrow \sqrt{5\sqrt{5\sqrt{5\sqrt{5}}}}$ .....$=x^2$
$\Rightarrow 5x=x^2$
$\Rightarrow 5=x$
$x=5$

(13) यदि $A=\sqrt{8+2\sqrt{15}}$ और $B=\sqrt{8-2\sqrt{15}}$ तब $(A+B)^2$ का मान है?
(a) 25 (b) 20
(c) 18 (d) 15

उत्तर - (b) 20

व्याख्या - $A=\sqrt{8+2\sqrt{15}}$

$\Rightarrow A=\sqrt{((\sqrt{5})^2+(\sqrt{3})^3+2\times\sqrt{5}\times\sqrt{3})}$

$\Rightarrow A=\sqrt{(\sqrt{5}+\sqrt{3})^2}$

$\Rightarrow A=(\sqrt{5}+\sqrt{3})$

इसी प्रकार

$\Rightarrow B=\sqrt{8-2\sqrt{15}}$

$\Rightarrow B=\sqrt{((\sqrt{5}-\sqrt{3})^2)}$

$\Rightarrow B=(\sqrt{5}-\sqrt{3})$

$\Rightarrow (A+B)^2$

$\Rightarrow (\sqrt{5}+\sqrt{3}+\sqrt{5}-\sqrt{3})^2$

$\Rightarrow (2\sqrt{5})^2$

$\Rightarrow 20$

(14) बहुपद $4x^3-2x^2y^3+6$ की घात ज्ञात कीजिये -
(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

उत्तर - (c) 5

व्याख्या - $4x^3\rightarrow$ घात 3
$2x^2y^3\rightarrow$ घात $2+3=5$
$6x^0y^0\rightarrow$ घात 0
$\therefore$ दिए गए बहुपद की घात 5 है।

(15) यदि $\text{cosec}2\theta=\sec(3\theta-15^\circ)$ तो θ बराबर है -
(a) 21° (b) 20°
(c) 25° (d) 22°

उत्तर - (a) 21°

व्याख्या - $\text{cosec}2\theta=\sec(3\theta-15^\circ)$
$\Rightarrow \text{cosec}2\theta=\text{cosec}[90^\circ-(3\theta-15^\circ)]$
$\Rightarrow [\text{cosec}(90-\theta)=\sec\theta]$
$\Rightarrow 2\theta=90^\circ-3\theta+15^\circ$
$\Rightarrow \theta=21^\circ$

(16) यदि $x+\frac{1}{9x}=5$ है, तब $9x^3+\frac{1}{81x^3}=$ का मान -
(a) 2220 (b) 1110
(c) 1620 (d) 1731

उत्तर - (b) 1110

व्याख्या - दिया है,

$x+\frac{1}{9x}=5$

दोनों पक्षों में 3 से गुणा करते हैं

$3x+\frac{1}{3x}=15$

दोनों पक्षों का घन करते हैं

$27x^3+\frac{1}{27x^3}+3\times\left(3x+\frac{1}{3x}\right)=3375$

$27x^3+\frac{1}{27x^3}+3x\times15=3375$

$27x^3+\frac{1}{27x^3}=3330$

फिर से दोनों पक्षों में 3 से भाग करते हैं

$\therefore 9x^3+\frac{1}{81x^3}=1110$

(17) 10.8 और 4.8 का औसत आनुपातिक और 2 और 4 के तीसरे अनुपात का योग है -
(a) 15.2 (b) 11.2
(c) 8.2 (d) 10.2

उत्तर - (a) 15.2

व्याख्या - 4.8 और 10.8 का औसत आनुपातिक है -

$\Rightarrow x=\sqrt{(4.8\times10.8)}$

$\Rightarrow x=\sqrt{(51.84)}$

$\Rightarrow x=7.2$

2 और 4 का तीसरा अनुपात है-

$\Rightarrow y=4^2/2$

$\Rightarrow y=16/2$

$\Rightarrow y=8$

उपरोक्त दोनों का योग = 8 + 7.2 = 15.2

(18) यदि $a+b+c=13$ और $a^2+b^2+c^2=53$ है, तब $a(b+c)+b(c+a)-ab$ का मान है -
(a) 49 (b) 58
(c) 46 (d) 43

उत्तर - (b) 58

व्याख्या - दिया है

$a+b+c=13$

दोनों पक्षों का वर्ग करते हैं

$(a+b+c)^2=13^2$

$\Rightarrow a^2+b^2+c^2+2(ab+bc+ca)=169$

$\Rightarrow 53+2(ab+bc+ca)=169$

$\Rightarrow 2(ab+bc+ca)=116$

$\therefore ab+bc+ca=58$

$\therefore a(b+c)+b(c+a)-ab=ab+ac+bc+ab-ab$
$=ab+bc+ca=58$

(19) आसमा ने कुछ राशि पहले तीन वर्षों के लिए 6% प्रति वर्ष के साधारण ब्याज पर, अगले दो वर्षों के लिए 8% प्रति वर्ष और पांच वर्ष से अधिक अवधि के उपरांत 10% प्रति वर्ष की दर से उधार ली। 12 वर्ष के अंत में, साधारण ब्याज 5824 रुपये है। ज्ञात कीजिये कि उनके द्वारा कितनी राशि उधार ली गयी थी -
(a) 5200 रुपये
(b) 5400 रुपये
(c) 5600 रुपये
(d) 5800 रुपये

उत्तर - (c) 5600 रुपये

व्याख्या - मान लीजिये उधार ली गयी राशि y रुपये है।

$S.I.=\frac{P\times R\times T}{100}$

(जहां SI = साधारण ब्याज, P = मूलधन, R = ब्याज दर, T = समय)

$S.I.=\frac{y\times6\times3}{100}+\frac{y\times8\times2}{100}+\frac{y\times10\times7}{100}=5824$

y = 5600 रुपये

(20) निम्नलिखित प्रश्न में '?' के स्थान पर क्या मान आना चाहिए -
$3^4\times2^6\div4^2+5^2\times7^1+1=5^3\times2^?$
(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 5

उत्तर - (b) 2

व्याख्या -

$3^4\times2^6\div4^2+5^2\times7^1+1=5^3\times2^?$

$\Rightarrow 3^4\times2^6\div4^2+5^2\times7^1+1$

$=81\times2^2+175+1=500$

$\Rightarrow 5^3\times2^?=500=5^3\times2^2$

$\therefore ?=2$

(21) सुशांत की उम्र उसके दो पुत्रों की उम्रों के योग की 4 गुना है। पांच वर्षों के बाद उसकी उम्र उसके पुत्रों के उम्र के योग की तीन गुना होगी। सुशांत की वर्तमान उम्र क्या है -
(a) 100 वर्ष (b) 45 वर्ष
(c) 105 वर्ष (d) 60 वर्ष

उत्तर - (a) 100 वर्ष

व्याख्या - माना कि दोनों पुत्रों की वर्तमान उम्र x वर्ष और सुशांत की वर्तमान उम्र 4x है।
5 वर्ष के बाद, दोनों पुत्रों की उम्र = (x+5+5) वर्ष और सुशांत की उम्र = (4x +5) वर्ष प्रश्नानुसार
$\Rightarrow 3(x+10)=4x+5$
$\Rightarrow 3x+30=4x+5$
$\Rightarrow x=25$ वर्ष
$\therefore$ सुशांत की वर्तमान उम्र = $4x=4\times25=100$ वर्ष

(22) नीरज ने विषय A में 73 अंक प्राप्त किए। उसने विषय B में 59% अंक और विषय C में x अंक प्राप्त किए। प्रत्येक विषय में अधिकतम अंक 150 थे। नीरज द्वारा तीनों विषयों में प्राप्त कुल प्रतिशत अंक 53% थे। तो उसे विषय C में कितने अंक प्राप्त हुए थे -
(a) 77 (b) 80
(c) 76 (d) 79

उत्तर - (a) 77

व्याख्या - नीरज ने विषय A में 73 अंक प्राप्त किए।
नीरज ने विषय B में 59% अंक प्राप्त किए =150 का 59%
इस प्रकार B में अंक = 88.5
नीरज ने C में 'x' अंक प्राप्त किए इस प्रकार तीनों विषयों में प्राप्त अंक $=73+88.5+x$
$\therefore$ कुल अंक $=161.5+x$
लेकिन, उसने कुल मिलाकर 53% अंक प्राप्त किए।

$\therefore \frac{161.5+x}{150+150+150}\times100=53$

$\therefore 161.5+x=\frac{53\times450}{100}$

$\therefore 161.5+x=238.5$

$\therefore x=77$

इस प्रकार, नीरज ने विषय C में 150 में से 77 अंक प्राप्त किए।

- साहिल शर्मा
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण जानकारी

समृद्ध जैव विविधता वाला प्रदेश है मध्यप्रदेश

जैव विविधता तथा जैव प्रौद्योगिकी के संरक्षण और विकास के लिए एक अलग प्रशासनिक विभाग का गठन करने वाला देश का अग्रणी राज्य है मध्यप्रदेश

जंगल, बाघ और जैव विविधता के कारण मध्यप्रदेश की पहचान देश में ही नहीं, पूरे विश्व में है। मध्यप्रदेश जैव विविधता के मामले में काफी समृद्ध प्रदेश है। भारतीय वन्यजीव संस्थान ने भारत को 10 जैव भौगोलिक क्षेत्रों में बांटा है। जैव भौगोलिक क्षेत्र ऐसे विशाल इलाके हैं, जहां जलवायु तथा पौधों और प्राणियों की विविधता समान होती है। मध्यप्रदेश दो मुख्य जैव भौगोलिक क्षेत्रों में आता है। अर्द्ध शुष्क क्षेत्र, जो राज्य में 22 प्रतिशत इलाके में फैला है और दक्कन पठार क्षेत्र जो राज्य के 78 प्रतिशत से ज्यादा इलाके में फैला है। मध्यप्रदेश विभिन्न प्रकार की पारिस्थितिकी प्रणालियों में समृद्ध है। यह पश्चिम की अर्द्ध-शुष्क झाड़ियों से लेकर सतपुड़ा के आर्द्र जंगलों तक फैला हुआ है। अमरकण्टक और पचमढ़ी जैसी जगहों में सदाबहार जंगल भी दिखते हैं। वहीं मध्य भाग के चारागाह और सभी जगहों की नदियां और प्राकृतिक एवं मानव निर्मित झीलें न सिर्फ विविधता को बढ़ाती हैं, बल्कि दुनिया के कुछ अत्यंत संकटग्रस्त प्राणियों को भी आश्रय देती हैं। चंबल नदी में पायी जाने वाली गेन्जेटिक डॉल्फिन और कान्हा में पाया जाने वाला बारासिंगा इसका उदाहरण हैं।

प्रदेश के इलाकों में विविधता के कारण ही राज्य में 4 तरह के प्रमुख जंगल, 10 राष्ट्रीय उद्यान और 25 अभ्यारण्यों से ही इसे बाघ प्रदेश यानी टाईगर स्टेट का गौरव प्राप्त हुआ है। राज्य में लगभग पांच हजार तरह के पौधे हैं, जिनमें सैकड़ों औषधीयुक्त पौधे हैं। प्रदेश में राष्ट्रीय पक्षी मोर सहित 500 पक्षियों की प्रजातियां और 165 से अधिक मछलियों की भी प्रजातियां हैं। कुछ विशेष स्तनधारी प्रजातियां भी पाई जाती हैं। राज्य में लगभग 4.67 करोड़ पालतू जानवर हैं। इनमें से गाय और भैंस 79 फीसदी, बकरी 17 फीसदी और अन्य 4 फीसदी में सुअर, भेड़ तथा दूसरे जानवर शामिल हैं।

गाय की जिन महत्वपूर्ण नस्लों को मध्यप्रदेश की नस्लों के रूप में मान्यता दी जाती है, उनमें से मालवी, निमाड़ी, केनकथा, ग्वालो प्रमुख हैं। मध्यप्रदेश में भैंस की नेटिव नस्ल भदावरी, बकरी की बरारी और जमनापारी, भेड़ की जलोनी, ऊंट की मालवी और मुर्गी की कड़कनाथ (कालामासी) है।

फसलों के मामले में मध्यप्रदेश में शिवपुरी मूंगफली, शाजापुर काबुली चने, होशंगाबाद सोयाबीन, विदिशा गेहूँ, बालाघाट सुगन्धित धान और मुरैना सरसों के लिए पहचाने जाते हैं। वहीं फलोद्यान में रीवा के आम, शाजापुर के संतरे, बड़वानी के पपीते और सीहोरा, जबलपुर के सिंघाड़े अपनी पहचान रखते हैं। सब्जी वर्ग में जैव विविधता के समृद्ध क्षेत्र को देखा जाये तो शाहपुरा, जबलपुर मटरफली, मैहर टमाटर, इन्दौर आलू एवं लहसुन, गुना धनिया और गाडरवारा, नरसिंहपुर दाल के लिए पहचाने जाते हैं। पशु वर्ग में मालवी गाय के लिए राजगढ़, केनकथा के लिए पन्ना व छतरपुर, भदावरी भैंस के लिए भिण्ड व मुरैना और कड़कनाथ मुर्गे के लिए झाबुआ को जैव विविधता का समृद्ध क्षेत्र माना जाता है।

पृथ्वी पर आज मौजूद जैव विविधता लगभग 3.5 अरब वर्षों के विकास का परिणाम है। लेकिन मनुष्यों के प्रभुत्व के बाद, जैव विविधता में तेजी से गिरावट शुरू हुई है और एक के बाद एक प्रजाति विलुप्त होने लगी हैं। शोध बताते हैं कि एक पारिस्थितिक तंत्र जितना अधिक विविध होगा, उतना ही पर्यावरणीय तनाव का सामना कर सकेगा और उतना ही अधिक उत्पादक होगा। सभी मनुष्यों के लिए जैव विविधता पहले दैनिक जीवन के लिए एक संसाधन है। जैव विविधता कई संस्कृतियों की आध्यात्मिक विरासत का भी हिस्सा है।

प्रकृति का एक अनिवार्य घटक है जैव विविधता

'जैव विविधता' शब्द मूलतः दो शब्दों जैव और विविधता से मिलकर बना है। सामान्यतः जैव विविधता का अर्थ जीव जन्तुओं एवं वनस्पतियों की विभिन्न प्रजातियों से है। जैव विविधता को सभी स्रोतों, स्थलीय, समुद्री और अन्य जलीय पारिस्थितिकी प्रणालियों और पारिस्थितिक परिसरों सहित जीवित जीवों के बीच परिवर्तनशीलता के रूप में भी परिभाषित किया जाता है, इसमें प्रजातियों और पारिस्थितिक तंत्रों के बीच प्रजातियों के भीतर विविधता शामिल होती है। हमारे देश में प्राचीनकाल से ही जैव विविधता संरक्षण को महत्व दिया जाता रहा है। पृथ्वी पर विद्यमान समस्त पेड़-पौधों, जीव-जन्तु, कीट-पतंगे, नभचर-जलचर जैव विविधता के अंग हैं साथ ही उनके समस्त आवास जैसे नदी, पहाड़, वन, खेत, तालाब जैव विविधता के अवयव हैं। जैव विविधता प्रकृति की जैव सम्पदा और समृद्धि का सम्पूर्ण स्वरूप है। मानव जीवन के अस्तित्व के लिए आवश्यक खाद्य सुरक्षा, भोजन अथवा भोजन श्रृंखला की निरन्तरता और आवास, प्राणवायु, वस्त्र, जैविक खाद, घरेलू आवश्यकता की सामग्री और औषधियों की उपलब्धता के लिए जैव विविधता जरूरी है।

प्रकृति में मानव, अन्य जीव-जन्तु तथा वनस्पतियां एक-दूसरे से इस प्रकार जुड़ी हैं कि किसी के भी बाधित होने से सभी का सन्तुलन बिगड़ जाता है। जैव विविधता में हर प्रकार के पारिस्थितिक सम्मिलित होते हैं चाहे वो प्रबंधित हों या अप्रबंधित। यह प्रकृति का एक अनिवार्य घटक है और यह मानव जाति के लिए भोजन, ईंधन, आश्रय, दवाइयों और अन्य संसाधनों को प्रदान करके मानव प्रजातियों के अस्तित्व को सुनिश्चित करता है। जैव विविधता की समृद्धि क्षेत्र की जलवायु और क्षेत्र पर निर्भर करती है।

जैव विविधता के प्रकार

जैव विविधता के मुख्य रूप से तीन स्तर होते हैं :- आनुवांशिक जैव विविधता, प्रजाति जैव विविधता और पारिस्थितिकी प्रणाली की जैव विविधता। पहली प्रजाति विविधता, यह जीवधारियों की विभिन्न जातियों के बीच पायी जाती है। पृथ्वी पर लगभग 12.5 करोड़ जातियां हैं। धरती पर कीड़े एवं सूक्ष्म जीव सर्वाधिक मात्रा में पाये जाते हैं।

दूसरी पारिस्थितिक विविधता, इसके अन्तर्गत समस्त इको सिस्टम आते हैं। पारिस्थितिक तन्त्र की विविधता का मूल्यांकन वहां पायी जाने वाली प्रजातियों की विविधता से होता है। जिस क्षेत्र में जितनी अधिक प्रजातियां होती हैं, उस क्षेत्र की जैव विविधता उतनी ही अधिक होती है।

तीसरी आनवुंशिक जैव विविधता, एक ही प्रजाति के जीव जन्तु व वनस्पति में पायी जाने वाली भिन्नता को आनुवंशिक जैव विविधता कहा जाता है। जन्तुओं में जीन तथा क्रोमोसोम में उत्परिवर्तन के कारण यह विविधता पायी जाती है।

जैव विविधता के छः मान्य स्वरूप इस प्रकार हैं वनस्पतिक जैव विविधता, प्राणी जैव विविधता, कृषि जैव विविधता, पालतू पशुओं की जैव विविधता, उद्यानिकी जैव विविधता और मत्स्य जैव विविधता।

पारिस्थितिकी उत्पादकता बढ़ाती है जैव विविधता

विश्व के जैव विविधता प्रधान देशों में भारत का स्थान अहम है। दुनिया की कम से कम 40 प्रतिशत अर्थव्यवस्था और गरीबों की जरूरतों की 80 प्रतिशत वस्तुएं जैविक संसाधनों से ली गई हैं। जैव विविधता पारिस्थितिकी उत्पादकता को बढ़ाती है, जहां प्रत्येक प्रजातियां, चाहे कितना भी छोटा हो, सभी की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है। एक स्वस्थ जैव विविधता सभी के लिए कई प्राकृतिक सेवाएं प्रदान करती है। जैव विविधता संसाधन का पुनः निर्माण सम्भव नहीं है। वैज्ञानिकों द्वारा अभी तक ऐसी कोई भी विधि विकसित नहीं की गई है, जिससे विलुप्त जीव-जन्तुओं अथवा वनस्पतियों को पुनः उत्पन्न किया जा सके। इसलिए जैव विविधता का संरक्षण अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

मध्यप्रदेश ने जैव विविधिता के लिये उठाए महत्वपूर्ण कदम

जैव विविधता एवं जैव प्रौद्योगिकी के संरक्षण एवं विकास के लिए एक पृथक प्रशासनिक विभाग का गठन करने वाला देश का अग्रणी राज्य मध्यप्रदेश है। विभाग के गठन के पश्चात प्रदेश सरकार ने जैव विविधता अधिनियम 2002 और मध्यप्रदेश जैव विविधता नियम 2004 को पारित किया। इसी अधिनियम के अन्तर्गत वर्ष 2003 में जैव प्रौद्योगिकी नीति लागू कर 'जैव प्रौद्योगिकी परिषद्' का गठन किया गया।

मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड का गठन 11 अप्रैल 2005 को किया गया। जैव विविधता और जैव प्रौद्योगिकी से परिचित करवाने और मानव, जीव तथा प्राकृतिक संसाधनों के अस्तित्व की रक्षा के सन्दर्भ में जैव विविधता और जैव प्रौद्योगिकी के महत्व को प्रतिपादित करने के लिए इन संस्थानों ने उल्लेखनीय कार्य किये हैं और निरंतर कर रहे हैं। मध्यप्रदेश जैव प्रौद्योगिकी परिषद्, जैव प्रौद्योगिकी आधारित उद्योगों एवं स्थानीय समुदायों के माध्यम से जैव प्रौद्योगिकी के प्रयोगों तथा शोध को प्रोत्साहन देने के लिए शासकीय विभागों और संस्थाओं को सहायता प्रदान करता है। यह परिषद् जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में शिक्षा का विकास भी सुनिश्चित करती है और प्रदेश के जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अध्ययनरत छात्रों की व्यावहारिक कार्यकुशलता में अभिवृद्धि भी करती है। परिषद् द्वारा प्रदेश में जैव प्रौद्योगिकी आधारित कई शोध परियोजनाएं संचालित की जा रही हैं।

मध्यप्रदेश जैव विविधता बोर्ड और गतिविधियां

मध्यप्रदेश जैव विविधता बोर्ड का प्रमुख उद्देश्य जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन, जैविक सम्पदा के संवहनीय उपयोग एवं जैविक स्रोतों से उपलब्ध लाभों के न्यायपूर्ण और बराबरी की साझेदारी सुनिश्चित करना है। बोर्ड द्वारा विभिन्न जैव विविधता संबंधित योजनाएं क्रियान्वित की जाती हैं जिनमें प्राकृतिक स्रोत का संरक्षण, शोध, दस्तावेजीकरण, क्षमता विकास, प्रचार-प्रसार और प्रदेश की कृषि, मत्स्य, उद्यानिकी, रेशम, पशुपालन की योजनाओं में विलुप्त प्रजातियों के संरक्षण के मुद्दों को जोड़ना प्रमुख है। जैव विविधता संबंधी ज्ञान को बढ़ावा देना, जैव विविधता से आजीविका और इससे संबंधी अन्य कार्य भी इसमें शामिल हैं।

मध्यप्रदेश जैव विविधता बोर्ड ने प्रदेश में लगभग 23,743 जैव विविधता प्रबंध समितियों का गठन किया है। प्रदेश भर में 22 मई को अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस और एक से सात अक्टूबर तक वन्य प्राणी सप्ताह का आयोजन भी बोर्ड द्वारा कराया जाता है। प्रचार-प्रसार योजनाओं के तहत प्रति वर्ष 05 जून को पर्यावरण दिवस का आयोजन, वन मेले का आयोजन, न्यूज लेटर, पठनीय प्रकाशन, जैव विविधता उद्यानों का निर्माण और जैव विविधता संबंधी कार्यशालाओं और गोष्ठी के आयोजन जैसे कार्य भी मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड की गतिविधियों में शामिल हैं।

मध्यप्रदेश में जैव प्रौद्योगिकी उद्योगों की स्थापना के प्रचुर अवसर हैं। मध्यप्रदेश मुख्य रूप से खरीफ फसलों की पैदावार वाला राज्य है और देश के सकल खाद्यान्न उत्पादन का साढ़े सात फीसदी खाद्यान्न राज्य में ही पैदा होता है। देश में सोयाबीन का जितना उत्पादन होता है उसका साठ प्रतिशत उत्पादन मध्यप्रदेश में होता है और मध्यप्रदेश गेहूँ उत्पादन के मामले में देश का बड़ा गेहूँ उत्पादक प्रदेश है। जैविक खेती के मामले से भी मध्यप्रदेश एक प्रमुख राज्य है। लहसुन और धनिया के उत्पादन में मध्यप्रदेश का देश में अहम स्थान है।

मध्यप्रदेश में जैव विविधता से संबंधित प्रमुख तथ्य

- सीधी, शहडोल और मण्डला के आदिवासी इलाकों में कोदों-कुटकी, कुलथी, रामी जैसे मोटे अनाज तिलहन और औषधीय तथा सुगंधित पौधे बहुत होते हैं।
- झाबुआ, धार, खण्डवा, बड़वानी और खरगोन में स्थानीय मक्का, सोरघम और कपास का उत्पादन होता है।
- मालवा में दुरूम गेहूं की कई किस्में पैदा की जाती थीं, दुरूम में काफी प्रोटीन होता है। अभी इसे ज्यादा इलाकों में पैदा नहीं किया जाता।
- प्रदेश में धान की कई किस्में पायी जाती हैं। अभिवाजित मध्यप्रदेश में कृषि वैज्ञानिक डॉ. रिछारिया ने 23,500 धान की किस्मों की पहचान की थी। वहीं प्रदेश में कोदों, कुटकी, समा, ज्वार, बाजरा, मक्का, सहित मोटे अनाजों की कई किस्म पायी जाती हैं।
- मध्यप्रदेश जल संसाधनों से संपन्न राज्य है। नर्मदा और ताप्ती बेसिन राज्य की दो बड़ी नदी प्रणालियां हैं। ये जल संसाधन मछलियों के लिए कई प्रकार का आवास उपलब्ध कराती हैं। भारत के प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण के अनुसार राज्य में लगभग 172 किस्म की मछलियां हैं, नर्मदा नदी में 95 उपजातियों की मछलियां तथा ताप्ती में 51 उप जातियों की मछलियां पायी जाती हैं।
- मध्यप्रदेश में लगभग 216 वृक्ष प्रजातियां पाई जाती हैं। प्रदेश में वृक्ष प्रजातियों की झाड़ी, साक, घास, लता, प्रजातियों में भी गंभीर बदलाव आ रहा है। वन विभाग ने इन प्रजातियों को बचाने का कार्य शुरू कर दिया है।
- वन विभाग ने दुर्लभ संकटापन्न 32 प्रजातियों के एक करोड़ पौधे तैयार किये हैं। सभी प्रजातियों के पौधों को आम लोग भी वन विभाग की नर्सरियों से सस्ती दर पर खरीद सकते हैं।
- मध्यप्रदेश सरकार ने छिंदवाड़ा के पातालकोट और सतना की नरो हिल्स को जैव विविधता विरासत स्थल घोषित किया है। दोनों स्थानों पर पक्षी, कीट-पतंगे, वनस्पति और वन्यप्राणियों की विविध प्रजातियों का संरक्षण किया जाएगा। मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड को इन स्थानों पर दुर्लभ जड़ी-बूटियों का भंडार मिला है।
- छिंदवाड़ा के पातालकोट क्षेत्र में ब्रायोफाइट्स एवं टेरिडोफाइट्स सहित दुर्लभ वनस्पति और प्राणियों का अनूठा भूभाग है। यहां भारिया समुदाय के लोग रहते हैं, जिन्हें यहां उत्पन्न होने वाली जड़ी-बूटियों का पारंपरिक ज्ञान है। वे इन जड़ी-बूटियों से प्रभावी औषधियां तैयार करते हैं।
- सतना वनमंडल में फैली नरो हिल्स स्थल विलक्षण है। इसमें बड़ी संख्या में वनस्पति और वन्य प्राणियों की प्रजाति पाई जाती हैं। यहां भी दुर्लभ ब्रायोफाइट्स और टेरिडोफाइट्स हैं, जिन्हें स्थानीय समुदाय सहेजे हुए हैं।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामियक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26-अरेरा हिल्स, 'किसान भवन', जेल रोड, भोपाल, 462011, (म.प्र.), तकनीकी संभाग क्र.01, भोपाल

क्रमांक/निर्माण/2020-21/207 **भोपाल, दिनांक 18.06.2020**

तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना

प्रमुख अभियंता, म.प्र. लोक निर्माण विभाग में समरूप कार्य हेतु पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाइन निविदाएं, कृषि अनुसंधान निधि के डिपोजिट वर्क योजना अंतर्गत निर्मित रोग अन्वेषण प्रयोगशाला भवन में 'बॉयो सेफ्टी लेवल-II का सम्पूर्ण कार्य' राज्य पशु चिकित्सालय प्रांगण जहांगीराबाद, भोपाल (म.प्र.) में **टर्नकी आधार पर किए जाने हेतु तृतीय बार निविदा (सिस्टम निविदा क्रमांक 2020_MPSAM_94210) के अनुसार दिनांक 08.07.2020 को शाम 05:30 बजे तक ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है।** निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.co.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट : आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उक्त उल्लेखित पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/97667/44040/2020 **कार्यपालन यंत्री**

आपदा प्रबंधन - एक परिचय

आपदा को उस विषय स्थिति या घटनाओं से जोड़कर देखा जा सकता है, जो विनाशक दशाओं को जन्म देती हैं और भौतिक पर्यावरण और सामाजिक स्थिति को प्रभावित करती हैं। आपदायें प्रभावित लोगों के जीवन और संपत्ति, आधारभूत संरचनाओं और विकास प्रक्रिया में बाधा पहुंचाती हैं। आपदाओं से निपटने में होने वाला खर्च इतना अधिक होता है कि इससे विकास प्रक्रिया या जनहित के कार्यों में लगने वाले संसाधनों को आपदाओं के प्रबंधन में लगाया जाता है, जिससे सामान्य जिंदगी अवरोधित होती है।

यह भी सत्य है कि मानव जाति को आपदाओं के साथ ही अपना जीवन गुजारना होगा। हमारा देश प्राकृतिक और मानव जन्य, दोनों ही प्रकार की आपदाओं के प्रति संवेदनशील है। इस कारण भारत जैसे विकासशील देशों के लिये आपदा प्रबंधन एक महत्वपूर्ण आयाम है, क्योंकि यहां जनसंख्या का घनत्व बहुत अधिक है।

आपदा प्रबंधन

प्रबंधन का अर्थ है, तात्कालिक उपलब्ध संसाधनों से बचाव और नियंत्रण करना। यदि आपदाओं से निपटने की पूर्व तैयारी हो तो उससे होने वाले हानिकारक प्रभावों और जान-माल के नुकसान को बहुत कम किया जा सकता है। दूसरे शब्दों में आपदा प्रबंधन प्रकृति और मानव के मध्य उपयुक्त समायोजन की प्रक्रिया है, जिसमें उचित नियोजन, विश्लेषण, मूल्यांकन द्वारा संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग तथा प्राथमिकताओं में परिवर्तन निहित है। आपदा प्रबंधन में मुख्यतः चार बातों को महत्व दिया जाता है, जिसमें पूर्व तैयारी, जवाबी कार्यवाही, सामान्य जीवन पर लौटना तथा रोकथाम आयोजन और दुष्प्रभावों को कम करने हेतु कार्यवाही शामिल हैं।

आपदा प्रबंधन के लिये की जाने वाली पूर्व तैयारी का अपना महत्व है, क्योंकि इसमें पर्याप्त अग्रिम भौतिक और मनोवैज्ञानिक तरीकों से आपदा के प्रतिकूल प्रभाव को कम किया जा सकता है। आपदा की तैयारी आपदा प्रबंधन की लागत की दृष्टि से महत्वपूर्ण चरण है। किसी व्यवस्थित रूप से तैयार की गई आपदा प्रबंधन योजना के चरणों में शामिल हैं -

- आपदा आने पर कार्यवाही करना
- आपदा का प्रभाव कम करना
- आपदा से निपटने की तैयारी
- आपदा के दौरान कार्यवाही
- आपदा राहत एवं पुनर्वास
- आपदा एवं विकास

समुदाय आधारित आपदा प्रबंधन

प्रभावित समुदाय के दृष्टिकोण से आपदा प्रबंधन के तीन चरण होते हैं, जिसमें आपदा पूर्व अवस्था, आपदा के दौरान तथा आपदा के बाद के आपदा प्रबंधन कार्य शामिल होते हैं।

1. आपदा पूर्व अवस्था- इस चरण में जान-माल तथा पर्यावरण तथा अन्य हानियों को रोकने के प्रयास किये जाते हैं, ताकि आपदा आने पर इससे निपटने के सभी संभव उपाय हो सकें तथा नुकसान कम हो। इस चरण को आपदा रोकथाम, न्यूनीकरण और तैयारी की अवस्था भी कहा जाता है। इस चरण में जो कार्य किये जाते हैं उसमें शामिल है, सामुदायिक जागरूकता और शिक्षा, आपदा से संबंधित जानकारी एकत्रित कर प्रबंधन की योजनाएं बनाना, प्रशिक्षण, अभ्यास, उपलब्ध संसाधनों की जानकारी एकत्रित करना और उन्हें आपदा के समय उपयोग के लिये तैयार रखना, समुचित चेतावनी प्रणाली, पारंपरिक सहायता व्यवस्था, असुरक्षित समूहों जैसे गर्भवती महिलाओं, बीमार, बूढ़े तथा अपंग लोगों की पहचान करना इत्यादि शामिल है।

इसके अलावा आपदा प्रभाव को कम करने की आधारभूत नीतियों को आपदा के समय लागू करने योग्य बनाने के कार्य भी शामिल किये जाते हैं। इनमें मुख्य है भूमि उपयोग को नियंत्रित करना, आपदा प्रतिरोधी भवनों का निर्माण, सामुदायिक गतिविधियों पर नियंत्रण, भवन निर्माण संबंधी उपयुक्त संहिता एवं भवनों के वास्तु शिल्प को आपदा प्रतिरोधी बनाना इत्यादि शामिल है।

आपदा तैयारियों में आपदा को कम करने की कई रचनागत एवं गैर रचनागत कार्य भी शामिल किये जाते हैं। रचनागत कार्यों में उचित जल प्रबंधन, फसलबद्ध परिवर्तन, मवेशी प्रबंधन, मृदा संरक्षण जैसे कार्य शामिल होते हैं। गैर रचनागत उपायों में आपदाओं से रक्षा के लिये पर्याप्त कानून, नियम एवं उपनियमों को प्रभावी ढंग से लागू करना, बीमा एवं ऋण योजनायें, उपयुक्त चेतावनी प्रणाली, स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय करना, आपदा से संबंधित प्रभावी प्रशासकीय एवं तकनीकी ढांचा खड़े करने जैसे इत्यादि कार्य शामिल होते हैं।

2. आपदा के दौरान- इस चरण में जान-माल की सुरक्षा और उनके सामान्य जीवनयापन में आने वाली कठिनाइयों को कम करने के प्रयास किये जाते हैं। इस अवस्था में अधिकांश कार्य/मुख्यतः प्रभावित समुदाय ही करता है और बाहरी सहायता आने के पूर्व से ही प्रथम कार्यकर्ता होते हैं। इस चरण में जो कार्य सम्मिलित किये जाते हैं, वे हैं आपदा केंद्र की स्थापना, आपदा प्रबंधन योजनाओं को तुरंत चालू करना, खान-पान की व्यवस्था, चिकित्सा एवं अन्य संसाधन जुटाना और उसका प्रभावी वितरण, रहने, खाने-पीने तथा स्वच्छता का इंतजाम, प्रभावितों को ढूंढने और उनका बचाव करने के लिये दल भेजना इत्यादि कार्य शामिल होते हैं।

3. आपदा के पश्चात- आपदा प्रबंधन के तीसरे चरण में ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है, जो प्रभावित क्षेत्रों में समुदाय को जितनी जल्दी हो सके सामान्य स्थिति में ला सके। आपदाग्रस्त क्षेत्रों में आपदा के स्वरूप और सहने की क्षमता अनुसार जो कार्य इस चरण में किये जाते हैं, वे हैं समुदाय के लिये मूलभूत सुविधाओं को जुटाना, क्षति का आकलन और मलबा हटाना, प्रभावित समुदाय के मनोवैज्ञानिक प्रभावों को कम करना, अनिवार्य सेवा में जैसे-सड़क, बिजली, संचार व्यवस्था इत्यादि को पुनः शुरू करना, अस्थाई आवास सुलभ कराना जैसे कार्य शामिल होते हैं। इसके अलावा प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता प्रदान करना, रोज़गार के अवसर, नये भवनों का निर्माण तथा मरम्मत, बीमारियों को फैलने से रोकने संबंधी कार्य तथा जीवनोपयोगी सुविधाओं का पुनः निर्माण तथा लंबी अवधि तक चलने वाले विकास कार्यों पर इस चरण में ध्यान दिया जाता है।

आपदा प्रबंधन में आपदाओं के रोकथाम और इसे कम करने की दृष्टि से कई दीर्घकालीन उपाय भी शामिल होते हैं, जैसे बाढ़ रोकने के लिये बांध का निर्माण, सूखा रोकने के लिये सिंचाई सुविधायें मुहैया कराना, भूमि उपयोग की दीर्घकालीन योजना बनाना, भावी आपदाओं को रोकने में समर्थ घरों का निर्माण आदि कार्य महत्वपूर्ण होते हैं।

आपदा प्रबंधन से संबंधित मुद्दे अब प्रशासनिक आचार और संस्कृति का भाग बन गये हैं। आज राज्यों के पास आपदा से निपटने के लिये एक प्रभावी ढांचा उपलब्ध है। इसके लिये कानूनी और प्रशासनिक ढांचा भी उपलब्ध है, जिसे लगातार मजबूत बनाया जा रहा है। वर्ष 2005 में आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू होने के बाद, आपदा प्रबंधन का ढांचा केंद्र एवं राज्यों तथा जिला स्तर तक प्रभावी हो चुका है, जो किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिये पर्याप्त अधिकार और संसाधनों से सुसज्जित है। आवश्यकता इस बात की है कि हर स्तर पर आपदा प्रबंधन योजनाओं की लगातार समीक्षा की जाकर उसे अद्यतन बनाया जाये ताकि, आपदाओं से निपटने में हम हर समय सजग रहें। यह भी आवश्यक है कि आपदा प्रबंधन योजनाओं की जानकारी सभी स्तरों पर हो और इसके जांच एवं ऑडिट कार्य में नागरिकों को भी शामिल किया जाये। विशेषज्ञ, गैर सरकारी तथा समुदाय आधारित संगठन इसमें अपनी विशेष भूमिका प्रभावी ढंग से निभा सकते हैं।

- अनिल कुमार शर्मा
(लेखक, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल के पूर्व मुख्य अभियंता हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण

सामान्य ज्ञान - खेल

1. सुनील छेत्री ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में अब तक कितने गोल किए हैं?
(अ) 72
(ब) 82
(स) 70
(द) 75

2. राफेल नडाल ने अब तक कितने ग्रैंड स्लैम सिंगल टाइटल जीते हैं?
(अ) 16
(ब) 15
(स) 19
(द) 21

3. फीफा वर्ल्डकप-2010 में बेस्ट गोलकीपर का पुरस्कार कितने जीता था?
(अ) ओलिवर कॉन
(ब) डेविड डी. गिया
(स) इकेर कैसिलास
(द) एलिसन बेकर

4. इनमें से किस खिलाड़ी ने वन-डे क्रिकेट में 10 हजार से ज्यादा रन नहीं बनाए हैं?
(अ) विराट कोहली
(ब) वीरेन्द्र सहवाग
(स) राहुल द्रविड़
(द) सौरव गांगुली

5. क्रिकेट खेल में इस्तेमाल होने वाले स्टम्प की लंबाई होती है?
(अ) 26 इंच
(ब) 25 इंच
(स) 27 इंच
(द) 28 इंच

6. सोमदेव देववर्मन किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) बैडमिंटन
(ब) टेनिस
(स) शतरंज
(द) क्रिकेट

7. वर्ष 2019 में एशियन एथेलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत ने कितने पदक जीते हैं?
(अ) 16
(ब) 12
(स) 19
(द) 18

8. क्रिकेट एशिया कप का पहला संस्करण किस देश में खेला गया था?
(अ) बांग्लादेश
(ब) पाकिस्तान
(स) संयुक्त अरब अमीरात
(द) भारत

9. कॉन्कशन नियम किस खेल से संबंधित है?
(अ) क्रिकेट
(ब) फुटबॉल
(स) हॉकी
(द) एथेलेटिक्स

10. इनमें से कौन-सा शब्द फुटबॉल से संबंधित नहीं है?
(अ) पेनाल्टी
(ब) फ्री किक
(स) ऑफ साइड
(द) बीमर

11. पहली बार राष्ट्रमंडल खेल कब आयोजित किए गए थे?
(अ) वर्ष 1920
(ब) वर्ष 1930
(स) वर्ष 1948
(द) वर्ष 1954

12. बटरफ्लाई स्ट्रोक टर्म किस खेल से संबंधित है?
(अ) स्क्वैश
(ब) जिम्नास्टिक
(स) तैराकी
(द) पोल वॉल्ट

13. भारतीय फुटबॉल टीम ने इनमें से किस एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था?
(अ) वर्ष 1954
(ब) वर्ष 1962
(स) वर्ष 1958
(द) वर्ष 1966

14. वाटर पोलो खेल में प्रत्येक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
(अ) 6
(ब) 8
(स) 7
(द) 9

15. गीत सेठी किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं?
(अ) शतरंज
(ब) निशानेबाजी
(स) गोल्फ
(द) बिलियर्ड्स

16. भारत की पहली महिला ग्रैंड मास्टर बनने का गौरव किसके नाम है?
(अ) हरिका द्रोणवल्ली
(ब) सुब्बारमन विजयलक्ष्मी
(स) कोनेरू हम्पी
(द) इनमें से कोई नहीं

17. टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम गेंदों में शतक बनाने का रिकॉर्ड किसके नाम है?
(अ) ब्रेंडन मैक्कुलम
(ब) रोहित शर्मा
(स) क्रिस गेल
(द) एडम गिलक्रिस्ट

18. टेनिस खिलाड़ी सिमोना हालेप का संबंध किस देश से है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया
(ब) रोमानिया
(स) जर्मनी
(द) हंगरी

19. इनमें से किस बल्लेबाज ने टेस्ट में तिहरा शतक नहीं बनाया है?
(अ) राहुल द्रविड़
(ब) महिला जयवर्धने
(स) करूण नायर
(द) अज़हर अली

20. वर्ष 1992 में ओलिंपिक खेल किस शहर में आयोजित किए गए थे?
(अ) अटलांटा (अमेरिका)
(ब) सिडनी (ऑस्ट्रेलिया)
(स) बार्सिलोना (स्पेन)
(द) सियोल (दक्षिण कोरिया)

21. टेनिस की वैश्विक संस्था एटीपी का मुख्यालय किस देश में है?
(अ) ब्रिटेन
(ब) अमेरिका
(स) स्पेन
(द) रूस

22. बलवीर सिंह सीनियर ने किस ओलिंपिक में भारतीय हॉकी टीम की कप्तानी की थी?
(अ) लंदन 1948
(ब) हेलसिंकी 1952
(स) मेलबर्न 1956
(द) रोम 1960

23. रियो ओलिंपिक 2016 में भारतीय दल के ध्वजवाहक थे?
(अ) गगन नारंग
(ब) सुशील कुमार
(स) मैरीकॉम
(द) इनमें से कोई नहीं

24. इनमें से कौन-सा खिलाड़ी प्रोफेशनल फुटबॉलर है?
(अ) फिलिप ह्यूज
(ब) फर्नांडो टोरेस
(स) फर्नांडो अलोंसो
(द) जेमी ड्वायर

25. इनमें से किस खेल से संबंधित खिलाड़ी को पॉली उमरीगर अवॉर्ड दिया जाता है?
(अ) क्रिकेट
(ब) हॉकी
(स) गोल्फ
(द) निशानेबाजी

उत्तरमाला

(1) अ (2) स (3) स (4) ब
(5) द (6) ब (7) अ (8) स
(9) अ (10) द (11) ब (12) स
(13) ब (14) स (15) द (16) ब
(17) अ (18) ब (19) अ (20) स
(21) अ (22) स (23) ब (24) ब
(25) अ

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

नर्सिंग चयन परीक्षा की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

रसायन शास्त्र

1. KNO_3 का मोलर द्रव्यमान होता है :
(A) 101.1 ग्राम/मोल
(B) 98.5 ग्राम/मोल
(C) 125.3 ग्राम/मोल
(D) 79.6 ग्राम/मोल
उत्तर (A) 101.1 ग्राम/मोल
व्याख्या - यहाँ $KNO_3 = 39.1 + 14 + 48 = 101.1$ है।

2. हाइड्रोजन का रेडियोएक्टिव आइसोटोप (समस्थानिक) है :
(A) ${}^{1}_{1}H$ (B) ${}^{2}_{1}H$
(C) ${}^{3}_{1}H$ (D) ${}^{4}_{1}H$
उत्तर (C) ${}^{3}_{1}H$ ट्रीटियम

3. तत्वों की आवर्त सारणी में हेलोजन तथा अक्रिय गैसों के ग्रुप हैं :
(A) 14 तथा 15
(B) 16 तथा 17
(C) 17 तथा 18
(D) 3 तथा 18
उत्तर (C) 17 तथा 18

4. तत्व Li_2 की बंध कोटि (B.O.) का मान है :
(A) शून्य (B) 2
(C) 3 (D) 1
उत्तर (D) 1
व्याख्या - यहाँ $B.O. = \frac{n_b - n_a}{2} = \frac{4-2}{2} = 1$ है।

5. O_2 अणु अनुचुम्बकीय है, क्योंकि इसमें अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या है :
(A) 2 (B) 1
(C) 3 (D) शून्य
उत्तर (A) 2

6. आदर्श गैस समीकरण $\left(p + \frac{a}{V^2}\right)(v - b) = RT$ का किसने प्रतिपादन किया :
(A) फर्मी (B) जूल
(C) न्यूटन (D) वानडर वाल्स
उत्तर (D) वानडर वाल्स

7. कार्बन डाई-आक्साइड (Co_2) गैस का क्रांतिक ताप है :
(A) 20°C (B) 80°C
(C) 304K (D) 324K
उत्तर (C) 304K

8. एक गैस का 0.20 वायुमण्डलीय दाव पर आयतन 500 mL है। गैस के ताप को स्थिर रखकर इसके आयतन को 10 mL कर देते हैं। इस अवस्था में इसका दाव होगा :
(A) 20 atm
(B) 10 atm
(C) 40 atm
(D) 15 atm
उत्तर (B) 10 atm
व्याख्या - बॉयल के नियम से $P_1V_1 = P_2V_2$ है। अत: $0.2 \times 500 = P_2 \times 10$ से $P_2 = 10 atm$ है।

9. द्रव की पृष्ठ ऊर्जा W का मान होता है :
(A) $W = T \times l$
(B) $W = T \times \Delta A$
(C) $W = \frac{T}{l}$
(D) $W = \frac{T}{\Delta A}$
उत्तर (B) $W = T \times \Delta A$

10. एक गैस का परम ताप T केल्विन तथा मोलर द्रव्यमान M हैं। गैस की वर्ग माध्य मूल चाल C_{rms} है। इनमें संबंध है :
(A) $C_{rms} \propto \sqrt{T}$, $C_{rms} \propto \sqrt{M}$
(B) $C_{rms} \propto T$, $C_{rms} \propto M^{3/2}$
(C) $C_{rms} \propto \sqrt{T}$ तथा $C_{rms} \propto \frac{1}{\sqrt{M}}$
(D) $C_{rms} \propto T^2$, $C_{rms} \propto \frac{1}{\sqrt{M}}$
उत्तर (C) $C_{rms} \propto \sqrt{T}$ तथा $C_{rms} \propto \frac{1}{\sqrt{M}}$
व्याख्या - यहाँ $C_{rms} = \sqrt{\frac{3RT}{M}}$ है।

11. एक *fcc* यूनिट सेल में कितने परमाणु होते हैं :
(A) 1 (B) 2
(C) 3 (D) 4
उत्तर (D) 4

12. कोलाइडी किलयन में कणों का आकार होता है :
(A) 1 से 100 nm
(B) 1 nm से कम
(C) 100 nm से 200 nm
(D) 0.5 से 1.0 nm
उत्तर (A) 1 से 100 nm

13. अभिक्रिया $\frac{1}{2}N_2(g) + \frac{3}{2}H_2(g) \rightarrow NH_3(g)$; $\Delta H = -46$ KJ ताप 298K पर हो रही है। इसमें Δng का मान होगा :
(A) -2 (B) -1
(C) 1 (D) 2
उत्तर (B) -1
व्याख्या - यहाँ $\Delta ng = 1 - \frac{1}{2} - \frac{3}{2} = -1$

14. यदि एन्ट्रॉपी S, परम ताप T तथा एन्थैल्पी H हों, तो ग्विस (Gibbs) ऊर्जा G का मान होता है :
(A) G = H + TS
(B) G = TH + S
(C) $G = \frac{TS}{H}$
(D) G = H - TS
उत्तर (D) G = H - TS

15. उत्क्रमणीय अभिक्रिया $2A + B \rightleftharpoons 3C + 3D$ के लिए साम्य स्थिरांक K होगा :
(A) $K = \frac{[C]^3[D]^3}{[A]^2[B]}$
(B) $K = \frac{[C]^3}{[B]}$
(C) $K = \frac{[D]^3}{[A]^2}$
(D) $K = \frac{[A]^2[B]}{[C]^2}$
उत्तर (A) $K = \frac{[C]^3[D]^3}{[A]^2[B]}$

16. अभिक्रिया

में X है :
(A) फीनोल
(B) एल्कोहल
(C) क्लोरोबैंजीन
(D) $FeCl_3$
उत्तर (C) क्लोरोबैंजीन

17. ईथनोल को 433K ताप पर सान्द्र H_2SO_4 के साथ गर्म करने पर प्राप्त होता है :
(A) ब्यूटेन
(B) ईथीन
(C) प्रोपेन
(D) बैंजीन
उत्तर (B) ईथीन $CH_2 = CH_2$

18. निम्नलिखित में से कौन सा पेन्टीन का आइसोमर नहीं है :
(A) n-पेन्टीन
(B) आइसोपैन्टीन
(C) न्यूओपैन्टीन
(D) p-पैन्टीन
उत्तर (D) p-पैन्टीन

19. यौगिक $CH_3CH_2Br_2$ का IUPAC नाम है :
(A) ईथइल ब्रोमाइड
(B) ब्रोमोप्रोपेन
(C) ब्रोमोईथेन
(D) आइसोब्रोमेन
उत्तर (C) ब्रोमोईथेन

20. क्लोरोफार्म को वायु तथा सूर्य के प्रकाश में रखने पर बनता है :
(A) $CH_2 = CH_2$
(B) $CoCl_2$
(C) CH_4
(D) CH_3COOH
उत्तर (B) $CoCl_2$ फॉसजीन

21. क्वाण्टम संख्या $l = 3$, $n = 4$, के उपकोष में इलेक्ट्रानों की अधिकतम संख्या है :
(A) 10 (B) 12
(C) 14 (D) 16
उत्तर (C) 14

22. निम्नलिखित में से किसकी बंधन कोटि 1.5 है :
(A) O_2^{2-} (B) O_2
(C) O_2^- (D) O_2^+
उत्तर (C) O_2^-

23. अभिक्रिया $N_2 + 3H_2 \rightleftharpoons 2NH_3$ + ऊष्मा में ताप बढ़ाने पर साम्यावस्था :
(A) बाईं ओर हट जाती है
(B) दायीं ओर हट जाती है
(C) कोई प्रभाव नहीं
(D) अभिक्रिया दर पर प्रभाव नहीं
उत्तर (A) बाईं ओर हट जाती

24. लेविस अम्ल का सही क्रम है :
(A) $BCl_3 > BF_3 > BBr_3$
(B) $BF_3 > BBr_3 > BCl_3$
(C) $BBr_3 > BF_3 > BCl_3$
(D) $BBr_3 > BCl_3 > BF_3$
उत्तर (D) $BBr_3 > BCl_3 > BF_3$

25. प्राकृतिक बहुलक (पोलीमर्स) हैं :
(A) स्टार्च तथा PVC
(B) प्रोटीन तथा PVC
(C) स्टार्च तथा सैल्यूलोज
(D) प्रोटीन तथा नायलोन
उत्तर (C) स्टार्च तथा सैल्यूलोज

26. कक्षीय ज्यामितीय आकृति तथा कक्षीय अभिविन्यास को किन क्वाण्टम संख्याओं से व्यक्त करते हैं :
(A) n तथा *l*
(B) n तथा m_l
(C) m*l* तथा m_s
(D) *l* तथा m_l
उत्तर (D) *l* तथा m_l

27. क्वाण्टम संख्याओं n, *l*, m_l तथा m_s का कौन सा सम्मूचय सही है :
(A) $n = 0, l = 0, m_l = 1, m_s = \frac{1}{2}$
(B) $n = 1, l = 0, m_l = 2, m_s = 1$
(C) $n = 3, l = 1, m_l = -1, m_s = -\frac{1}{2}$
(D) $n = 3, l = 2, m_l = 2, m_s = -1$
उत्तर (C) $n = 3, l = 1, m_l = -1, m_s = -\frac{1}{2}$

28. अभिक्रिया $C_2H_4(g) = I_2(g) \rightarrow C_2H_4I_2(g)$ का दर समीकरण, दर $= K[C_2H_4(g)][I_2(g)]^{3/2}$ है, तो अभिक्रिया की कुल कोटि होगी :
(A) 1.0 (B) 1.5
(C) 0.5 (D) 2.5
उत्तर (D) 2.5

29. एमोनिया उत्पादन की हैबर विधि में Fe उत्प्रेरक को दूषित करता है:
(A) Ni (B) H_2S
(C) Cu (D) Cl_2
उत्तर (B) H_2S

30. फैराडे के विद्युत विश्लेषण के प्रथम नियम से इलेक्ट्रोड पर जमा द्रव्यमान m का मान होता है :
(A) m = ZI (B) m = Zt
(C) m = ZIt (D) $m = \frac{ZI}{t}$
उत्तर (C) m = ZIt

31. प्रामाणिक हाइड्रोजन इलेक्ट्रोड (SHE) का समस्त तापों पर विभव का मान होता है :
(A) 1.5 V (B) 0.45 V
(C) 1.08 V (D) शून्य
उत्तर (D) शून्य।

32. एक तनु अम्ल के लिए वियोजन नियतांक (Dissociation Constant) α का मान होता है :
(A) $\alpha = \frac{Ka}{C}$ (B) $\alpha = \sqrt{\frac{Ka}{C}}$
(C) $\alpha = \frac{C}{Ka}$ (D) $\alpha = \sqrt{\frac{C}{Ka}}$
उत्तर (B) $\alpha = \sqrt{\frac{Ka}{C}}$

33. निम्नलिखित में से अभयधर्मी ऑक्साइड है :
(A) Z_nO (B) CaO
(C) SO_2 (D) FeO
उत्तर (A) Z_nO

34. कौन सा तत्व संक्रमण तत्व नहीं है :
(A) Cu (B) Ag
(C) Au (D) Zn
उत्तर (D) Zn

- डॉ. एस.एस. पालीवाल
(लेखक, भौतिकी के अवकाश प्राप्त प्राध्यापक हैं)

बिजली बिलों में राहत संबंधी देयकों का पात्र उपभोक्ताओं को वितरण शुरू

भोपाल, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ने कहा है कि कोविड-19 के संबंध में जारी विद्युत बिलों में दी गई राहत की पात्रता रखने वाले उपभोक्ताओं को देयक जारी होना शुरू हो गए हैं। उन्होंने कहा है कि पात्र उपभोक्ताओं को बिल जारी करने के पहले बिलों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करें, ताकि उपभोक्ताओं को राज्य शासन की मंशा अनुसार कोविड-19 से संबंधित विद्युत बिलों में राहत मिल सके। उपभोक्ताओं की बिल संबंधी शिकायतों का निराकरण तत्काल किया जाए और इसके लिए जरूरत के अनुसार सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए स्थानीय स्तर पर उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर लगाए जा सकते हैं। भोपाल रीजन के अंतर्गत आठ जिलों में 45 विभिन्न स्थानों पर एटीपी मशीन उपभोक्ताओं की सेवा के लिए लगाई जा रही है, जिसमें उपभोक्ता नगद भुगतान कर सकते हैं। प्रबंध संचालक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निष्ठा एप के जरिए मीटर वाचन की मॉनीटरिंग करें और कॉर्पोरेट कार्यालय में भी मीटर वाचन मॉनीटरिंग सेल से समन्वय बनाए रखें। प्रबंध संचालक भोपाल रीजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आठों जिलों की विद्युत बिलों के वितरण की समीक्षा कर रहे थे।

प्रबंध संचालक ने कहा कि कृषि उपभोक्ताओं के आधार नंबर एवं मोबाइल नंबर बिलिंग प्रणाली के साथ शत-प्रतिशत जोड़ें। इसके साथ ही घरेलू, गैर घरेलू एवं अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं के आधार एवं मोबाइल नंबर को जोड़ने को अभियान के तौर पर चलाया जाए। उपभोक्ताओं द्वारा एक जून से पहले दिए गए चेक यदि अस्वीकृत हो गए हैं, तो ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाए और बिल की मांग राशि उनके बिलों में जोड़ी जाए।

प्रबंध संचालक ने ग्रामीण क्षेत्र में राजस्व वसूली एवं विद्युत सुधार के लिए 'निष्ठा विद्युत मित्र योजना' का उल्लेख करते हुए कहा कि स्व-सहायता समूह की महिलाओं को समुचित मार्गदर्शन करें और उन्हें सही राह दिखायें, जिससे कि कंपनी के राजस्व में वृद्धि हो। बिजली चोरी की रोकथाम और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिल सकें तथा महिला स्व-सहायता समूह को आर्थिक रूप से सक्षम बनाया जा सके।

प्रबंध संचालक ने खराब तथा जले मीटर तत्काल बदलने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में खराब तथा जले मीटर बदलने के लिए पेन्डिंग नहीं होने चाहिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैर घरेलू तथा अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं के मीटरों को प्राथमिकता के आधार पर बदला जाए। उन्होंने उपभोक्ता शिकायतों की प्रतिदिन मॉनीटरिंग करने के लिए मैदानी अधिकारियों से कहा, ताकि उपभोक्ताओं की संतुष्टि में वृद्धि हो सके। प्रबंध संचालक ने मीटर रीडिंग चक्र और बिलिंग चक्र से सुधार की आवश्कता बताई ताकि उपभोक्ताओं को सही समय पर बिल मिल सके और कंपनी को सही समय पर राजस्व मिल सके। उन्होंने बकायादार उपभोक्ताओं से राजस्व प्राप्त करने के लिए राजस्व स्टाफ और लाइन स्टाफ को निरंतर सक्रिय बनाने पर बल दिया।

प्रबंध संचालक ने कहा कि एग्रीकल्चर फीडरों में लोड पोटेन्शियल को देखते हुए पम्प कनेक्शनों की संख्या को बढ़ाने के लिए नए कनेक्शन दिए जाएं। मौजूदा पम्प कनेक्शनों के लोड को देखते हुए सही लोड का मापन (कनेक्टेड लोड) कर स्वीकृत किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में राजस्व वसूली के लिए कॉमन सर्विस सेन्टर, एम.पी. ऑनलाइन और ऑनलाइन उपाय एप माध्यमों से उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित किया जाए ताकि राजस्व संग्रहण प्रभावी ढंग से हो सके।

प्रबंध संचालक ने विद्युत आपूर्ति की भी समीक्षा की और निर्देशित किया कि पात्रता वाले खराब तथा जले ट्रांसफार्मर 3-4 दिन के अंदर बदल दिए जाएं। ट्रांसफार्मर की असफलता दर 5 प्रतिशत तक सीमित की जाए और ट्रिपिंग (विद्युत अवरोध) की शिकायतें न्यूनतम होनी चाहिए। प्राकृतिक आपदा को छोड़कर ट्रिपिंग होती है, तो आपूर्ति की बहाली तत्परता से की जानी चाहिए, ताकि उपभोक्ताओं की कंपनी के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो। उन्होंने कहा कि जिन जूनियर इंजीनियर द्वारा ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना घोषित नहीं की है, उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

आर्थिक सामान्य ज्ञान

1. 2019 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार?
(अ) 2.9 ट्रिलियन डॉलर
(ब) 2.73 ट्रिलियन डॉलर
(स) 1.9 ट्रिलियन डॉलर
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (अ) 2.9 ट्रिलियन डॉलर

2. भारतीय अर्थव्यवस्था में औपचारिक रोज़गार की दर 2011-12 में 8% थी, 2017-18 में यह कितने प्रतिशत हो गई है?
(अ) 8% (ब) 9.98%
(स) 10% (द) 12%
उत्तर- (ब) 9.98%

3. विश्व में दूध का सबसे बड़ा उत्पादक कौन-सा देश है?
(अ) भारत
(ब) न्यूजीलैण्ड
(स) रूस
(द) चीन
उत्तर- (अ) भारत
व्याख्या - 2018-19 में भारत में दूध का उत्पादन 187.7 मिलियन टन था और पिछले वर्ष की तुलता में इसकी विकास दर 6.5% थी। वर्ष 2025 तक दूध उत्पादन दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है।

4. स्वच्छता संबंधी व्यवहार में बदलाव लाने तथा ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन की पहुंच बढ़ाने पर जोर देने के उद्देश्य से कौन-सी नई रणनीति प्रस्तावित है?
(अ) जन आरोग्य योजना
(ब) दस वर्षीय ग्रामीण स्वच्छ रणनीति
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (ब) दस वर्षीय ग्रामीण स्वच्छ रणनीति
व्याख्या - 2019 से 2029 के लिये यह रणनीति प्रस्तावित है।

5. केन्द्रीय बजट में पशुओं को होने वाली बीमारी 'ब्रूसेलोसिस' को किस वर्ष तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है?
(अ) 2020 (ब) 2022
(स) 2025 (द) 2030
उत्तर- (स) 2025
व्याख्या - यह एक संक्रमित रोग है, जो बैक्टीरिया के कारण होता है।

6. सरकार ने देश में निर्यातों को प्रोत्साहित करने के लिये कौन-सी योजना प्रारम्भ करने की घोषणा बजट में की है?
(अ) NIRVIK योजना
(ब) Export-Import योजना
(स) उपरोक्त दोनों
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) NIRVIK योजना
व्याख्या - इसका उद्देश्य छोटे निर्यातकों को साख की सुविधा प्रदान करना तथा कम प्रीमियम पर अधिक बीमा उपलब्ध करवाना है। इस योजना में 5 वर्षों में 30 लाख करोड़ का निर्यात करने का लक्ष्य रखा गया है।

7. नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना (एनआईपी) कब प्रारम्भ की गई?
(अ) 31 दिसम्बर, 2019
(ब) 1 जनवरी, 2020
(स) 1 फरवरी, 2020
(द) 1 मार्च, 2020
उत्तर- (अ) 31 दिसम्बर, 2019
व्याख्या - इस योजना के तहत 103 लाख करोड़ की 6500 परियोजनायें जो स्वच्छ ऊर्जा, साफ पानी, रेलवे स्टेशन और बस एयरपोर्ट से जुड़ी हैं, कार्य कर रही हैं।

8. वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिये आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार औद्योगिक विकास की दर कितनी अनुमानित की गई है?
(अ) 2% (ब) 2.5%
(स) 3% (द) 3.5%
उत्तर- (ब) 2.5%
व्याख्या - 2.5% औद्योगिक विकास की दर अनुमानित की गई है।

9. आर्थिक सर्वेक्षण कहां प्रस्तुत किया गया था?
(अ) राज्यसभा में
(ब) लोकसभा में
(स) राज्यसभा व लोकसभा दोनों में
(द) राष्ट्रपति भवन में
उत्तर- (स) राज्यसभा व लोकसभा दोनों में

10. वर्ष 2019-20 के लिये आर्थिक सर्वेक्षण में कृषि में विकास दर कितनी अनुमानित की गई है?
(अ) 2.8% (ब) 3%
(स) 3.8% (द) 4%
उत्तर- (अ) 2.8%
व्याख्या - आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार कृषि एवं सहायक गतिविधियों में 2.8% की दर से विकास अनुमानित है।

11. वर्ष 2019 में किस गतिविधि की स्वर्ण जयंती मनाई गई है?
(अ) सरकारी उपक्रमों का निजीकरण
(ब) बैंकों का पूंजीकरण
(स) बैंकों का राष्ट्रीयकरण
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (स) बैंकों का राष्ट्रीयकरण
व्याख्या - 1969 में पहली बार व्यापारिक बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ था।

12. वर्ष 2020 के आर्थिक सर्वेक्षण की अतिमहत्वपूर्ण थीम क्या है?
(अ) बेरोज़गारी
(ब) धन का सृजन
(स) औद्योगिक सुधार
(द) स्टार्टअप नवोन्मेष
उत्तर- (ब) धन का सृजन
व्याख्या- इस वर्ष के आर्थिक सर्वेक्षण का प्रारम्भ धन के सृजन से किया गया है। इस हेतु विकल्पों को चुनने की स्वतंत्रता की बात भी की गई है।

13. वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिये आर्थिक सर्वेक्षण में राष्ट्रीय आय (जीडीपी) की विकास दर कितने प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया है?
(अ) 5 - 5.5 प्रतिशत
(ब) 6 - 6.5 प्रतिशत
(स) 5 - 6 प्रतिशत
(द) 7.5 प्रतिशत
उत्तर- (ब) 6 - 6.5 प्रतिशत
व्याख्या - आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 में आने वाले वित्तीय वर्ष के लिये 6 से 6.5 प्रतिशत की विकास दर का अनुमान है।

14. आर्थिक सर्वेक्षण 2019-20 में भोजन की थाली के लिये पहली बार किस शब्द का प्रयोग किया गया है?
(अ) थालीनामिक्स
(ब) फुंडनामिक्स
(स) प्लूटोनामिक्स
(द) भोजनामिक्स
उत्तर- (अ) थालीनामिक्स

15. आर्थिक सर्वे के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों पर जीएसटी की दर कितनी है?
(अ) 5 प्रतिशत
(ब) 7 प्रतिशत
(स) 10 प्रतिशत
(द) 12 प्रतिशत
उत्तर- (अ) 5 प्रतिशत

16. आर्थिक सर्वे के अनुसार 2019-20 में निर्यात की प्रमुख मद कौन-सी है?
(अ) बहुमूल्य पत्थर
(ब) पेट्रोलियम उत्पाद
(स) औषधि एवं जैव पदार्थ
(द) लोहा एवं स्टील
उत्तर- (ब) पेट्रोलियम उत्पाद

17. आर्थिक सर्वे के अनुसार आयात की प्रमुख मद है?
(अ) सोना
(ब) क्रूड पेट्रोलियम
(स) बहुमूल्य धातुयें
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (ब) क्रूड पेट्रोलियम

18. आर्थिक सर्वे 2019-20 के अनुसार भारत के किन राज्यों में सर्वाधिक वन क्षेत्र है?
(अ) कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, केरल
(ब) कर्नाटक, मणिपुर, केरल
(स) अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (अ) कर्नाटक, आंध्रप्रदेश, केरल
व्याख्या - कर्नाटक, आंध्रप्रदेश व केरल में सर्वाधिक वन क्षेत्र है जबकि अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम में सबसे कम है।

19. आर्थिक सर्वेक्षण 2020 ने किस क्षेत्र के लिये कर्मचारी स्टॉक ऑनरशिप की चर्चा की है?
(अ) निर्माण क्षेत्र
(ब) बैंकिंग
(स) अधोसंरचना
(द) कृषि
उत्तर- (ब) बैंकिंग
व्याख्या - आर्थिक सर्वेक्षण 2020 के अनुसार बैंकिंग क्षेत्र ने अन्य क्षेत्रों के समान विकास नहीं किया है। इसीलिये इस क्षेत्र के लिये कर्मचारी स्टॉक ऑनरशिप प्रोग्राम लाया जाना प्रस्तावित है।

20. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 2018 में कितनी नई कम्पनियां गठित की गई हैं?
(अ) 1,00,000
(ब) 1,24,000
(स) 1,39,000
(द) 1,55,879
उत्तर- (ब) 1,24,000
व्याख्या - आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार 2014 में यह आंकड़ा 70,000 था। 2018 में इसमें 80 प्रतिशत की विकास दर रही। अधिकांश कम्पनियां सेवा क्षेत्र की हैं तथा दिल्ली, मिजोरम, उत्तरप्रदेश, केरल, हरियाणा व अंडमान निकोबार द्वीपक्षेत्र में रजिस्टर्ड हुई हैं।

21. वर्ष 2024-25 तक 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने के लिये भारत को अधोसंरचना क्षेत्र में कितना निवेश करना आवश्यक है?
(अ) 1.2 ट्रिलियन डॉलर
(ब) 4.4 ट्रिलियन डॉलर
(स) 1.8 ट्रिलियन डॉलर
(द) 1.4 ट्रिलियन डॉलर
उत्तर- (द) 1.4 ट्रिलियन डॉलर

22. आर्थिक विकास की व्याख्या के विभिन्न आधार कौन-से हैं?
(अ) सकल राष्ट्रीय आय
(ब) प्रतिव्यक्ति आय
(स) आर्थिक कल्याण
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - आर्थिक विकास की व्याख्या उपरोक्त सभी प्रकार से की जा सकती है।

23. भारतीय औद्योगिक वित्त निगम की स्थापना कब की गई थी?
(अ) 1945 (ब) 1948
(स) 1993 (द) 2011
उत्तर- (ब) 1948

24. जनयोजना का प्रारूप किसने तैयार किया था?
(अ) एम.एन. राय
(ब) दादा भाई नौरोजी
(स) महात्मा गांधी
(द) जयप्रकाश नारायण
उत्तर- (अ) एम.एन. राय

25. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संबंधी नियमों को निर्धारित करने वाली संस्था कौन-सी है?
(अ) अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक संस्थान
(ब) विश्व बैंक
(स) संयुक्त राष्ट्र
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (ब) विश्व बैंक

26. तीसा की भयानक आर्थिक मंदी से उबारने के लिये किसने सुझाव दिया था?
(अ) प्रो. कीन्स
(ब) अमर्त्य सेन
(स) प्रो. मार्शल
(द) महात्मा गांधी
उत्तर- (अ) प्रो. कीन्स
व्याख्या - प्रो. कीन्स ने 1929 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'रोज़गार के सामान्य सिद्धांत' पुस्तक में ये सुझाव दिये थे।

27. हाल ही में विश्व बैंक ने रेमिटेंस (प्रेषण) पर अपनी रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस आधार पर बताइये कौन-सा/कौन-से कथन सत्य हैं?
(अ) भारत रेमिटेंस के मामले में दुनिया में सबसे बड़ा प्राप्तकर्ता है।
(ब) वर्ष 2019 में भारत में रेमिटेंस के रूप में प्राप्त होने वाले धन में 5.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कुल 83 मिलियन अमेरिकी डॉलर प्राप्त हुये थे।
(स) वर्ष 2020 में पाकिस्तान का रेमिटेंस 23 प्रतिशत गिरावट के साथ 17 बिलियन डॉलर पहुंचने की संभावना है।
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द) उपरोक्त सभी

28. सुजलाम सुफलाम जल संचय योजना किस राज्य में प्रारंभ की गई है?
(अ) राजस्थान (ब) गुजरात
(स) मध्यप्रदेश (द) उत्तरप्रदेश
उत्तर- (ब) गुजरात
व्याख्या - इस योजना में जल निकायों को गहरा आकार दिया जाता है। यह योजना सार्वजनिक निजी भागीदारी पद्धति पर आधारित है, जिसमें होने वाले खर्च का 60 प्रतिशत सरकार तथा 40 प्रतिशत निजी क्षेत्र द्वारा व्यय किया जाता है।

29. गरीबी के कुचक्र को किसने परिभाषित किया है?
(अ) रैगनर नर्क्स
(ब) प्रो. फिशर
(स) प्रो. कीन्स
(द) महात्मा गांधी
उत्तर- (अ) रैगनर नर्क्स

30. ग्लोबल नेटवर्क अगेंस्ट क्राइसिस द्वारा खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट जारी की गई है। इसके संबंध में निम्न में से सत्य कथन बताइये?
(अ) रिपोर्ट के अनुसार कोविड 19 के कारण वर्ष 2020 के अंत तक पूरे विश्व में 25 करोड़ से अधिक लोग भुखमरी का शिकार हो सकते हैं।
(ब) ग्लोबल नेटवर्क अगेंस्ट फूड क्राइसिस को वर्ष 2016 में मानवीय शिखर सम्मेलन के समय यूरोपीय संघ, खाद्य एवं कृषि संगठन तथा विश्व खाद्य कार्यक्रम के द्वारा प्रारम्भ किया गया है।
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (स) उपरोक्त दोनों

31. खाद्य एवं कृषि संगठन की स्थापना किस वर्ष की गई?
(अ) 1940 (ब) 1945
(स) 1955 (द) 1960
उत्तर- (ब) 1945
व्याख्या - खाद्य एवं कृषि संगठन संयुक्त राष्ट्र संघ की एक एजेंसी है, जिसका उद्देश्य कृषि उत्पादकता और ग्रामीण आबादी के जीवन निर्वाह की स्थिति में सुधार करते हुये पोषण तथा जीवन स्तर को उन्नत बनाना है।

32. ओपन मार्केट ऑपरेशन के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिये और सही कथन बताइये?
(अ) इसके अंतर्गत केन्द्रीय बैंक सरकारी सिक्योरिटी और ट्रेजरी बिल की खरीदी व बिक्री करते हैं।
(ब) इसके माध्यम से अर्थव्यवस्था में मुद्रा की आपूर्ति को नियंत्रित किया जाता है।
(स) जब अर्थव्यवस्था में मुद्रा की आपूर्ति बढ़ाना होता है, तो केन्द्रीय बैंक बाजार में सिक्योरिटी क्रय करता है तथा जब मुद्रा की आपूर्ति घटाना होता है, तो बाजार में सरकारी सिक्योरिटी की बिक्री करता है, इससे अर्थव्यवस्था में तरलता घट जाती है।
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द) उपरोक्त सभी

33. संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (अंकटाड) की स्थापना कब हुई थी?
(अ) 1946
(ब) 1955
(स) 1964
(द) 1970
उत्तर- (स) 1964
व्याख्या - 30 दिसम्बर 1964 को इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा पारित प्रस्ताव के अंतर्गत की गई थी। इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्जरलैण्ड) में है।

34. ऑपरेशन ट्विस्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये तथा सही कथन बताइये?
(अ) यह एक मौद्रिक नीति है, जिसे पहली बार अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने 1961 में उपयोग किया गया था।
(ब) इसके अंतर्गत भारतीय रिजर्व बैंक भारत सरकार में बाण्ड खरीदता है और उसे बाजार में बोली के माध्यम से बेचता है।
(स) उपरोक्त दोनों
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- (स) उपरोक्त दोनों

35. भारत का सबसे पहला बैंक कौन-सा है?
(अ) बैंक ऑफ हिन्दुस्तान
(ब) बैंक ऑफ इंण्डिया
(स) कैनरा बैंक
(द) भारतीय स्टेट बैंक
उत्तर- (अ) बैंक ऑफ हिन्दुस्तान
व्याख्या - इसकी स्थापना 1770 में हुई थी। बैंक ऑफ इंडिया दूसरा बैंक है, जिसकी स्थापना 1776 में हुई थी।

- डॉ. माया राठी
(लेखिका, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय, भोपाल में अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं।)

नेट/जेआरएफ परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

हिन्दी

1. 'कुवलम माला कथा' के रचनाकार हैं?
(A) रोड कवि
(B) उद्यतन सूरि
(C) दमोदर शर्मा
(D) ज्योतिरीश्वर

2. 'लाल चन्द्रिका' के रचनाकार हैं?
(A) लल्लू लाल
(B) सदल मिश्र
(C) गंगा प्रसाद शुक्ल
(D) शिव प्रसाद

3. "साखी सबदी दोहरा कहि कहनी उपखान। भगति निसूपहिं अद्यम कवि निंदहि वेद पुरान।" किस कवि की पंक्तियां हैं?
(A) कबीरदास
(B) भिखारीदास
(C) तुलसीदास
(D) सूरदास

4. 'बीसलदेव रासो' के रचनाकार हैं?
(A) जगनिक
(B) शारंग धर
(C) नल्लसिंह
(D) नरपति नाल्ह

5. अददहमाण की रचना है?
(A) प्राकृत पैंगलम
(B) सन्देश रासक
(C) जयचन्द प्रकाश
(D) प्रबंध चिंतामणि

6. 'काव्यालंकार संग्रह' के रचनाकार हैं?
(A) उद्भट
(B) भामह
(C) दण्डी
(D) वामन

7. 'एवं क्रमहेतुमधि धाय रसविषयम लक्षणसूत्रमाह' यह रस संबंधी सूत्र किस आचार्य का है?
(A) भरत मुनि
(B) आनन्दवर्द्धन
(C) अभिनव गुप्त
(D) हेमचन्द्र

8. 'उक्ति व्यक्ति प्रकरण' ग्रंथ का विषय है?
(A) पुराण
(B) प्रेम काव्य
(C) भक्ति काव्य
(D) व्याकरण

9. "मस्तीन सुखा डाहिवी आसीम औरम थाहिवी।। धी धी धुना नुप जाहिवी। फीफी फितासह साहिवी।।" उपरोक्त पंक्तियां किस भाषा का नमूना हैं?
(A) मागधी
(B) पैशाची
(C) धांगरू
(D) कौरवी

10. अष्टछाप के कवि नहीं हैं?
(A) रैदास
(B) कृष्णदास
(C) परमानन्ददास
(D) नन्ददास

11. राधावल्लभ सम्प्रदाय के आचार्य हैं?
(A) रामानुजाचार्य
(B) गोस्वामी हित हरिवंश
(C) वल्लभाचार्य
(D) शंकराचार्य

12. मलिक मुहम्मद जायसी की रचना नहीं है?
(A) मधुमालती
(B) अखरावट
(C) आखरी कलाम
(D) पद्मावत

13. नायिका भेद पर आधारित ग्रंथ "रस मंजरी" के रचनाकार हैं?
(A) सूरदास
(B) भूषण
(C) नंददास
(D) विद्यापति

14. कृपाराम द्वारा रचित नायिका-भेद की सबसे पुरानी पुस्तक है?
(A) हित-तरंगिणी
(B) श्रुति भूषण
(C) उज्ज्वल नीलमणि
(D) कर्णाभरण

15. 'कवि कुल कल्प तरु' के रचनाकार हैं?
(A) देव
(B) केशवदास
(C) चिन्तामणि
(D) भिखारीदास

16. नीति कवि 'दीनदायल गिरि' की रचना नहीं है?
(A) अनुरामथाण
(B) वैराग्य विनेश
(C) विश्वनाथ नवरत्न
(D) छत्र प्रकाश

17. रीतिमुक्त श्रृंगारी कवि नहीं हैं?
(A) सेनापति
(B) द्विजदेव
(C) आलम
(D) ठाकुर

18. आठवीं शताब्दी के कवि नहीं हैं?
(A) सरहपा
(B) हेमचन्द्र
(C) शबरपा
(D) स्वयंभू

19. सखी सम्प्रदाय को कहा जाता है?
(A) राधावल्लभ सम्प्रदाय
(B) हरिदास सम्प्रदाय
(C) चिन्त्माचिन्त्य सम्प्रदाय
(D) अष्टछाप सम्प्रदाय

20. 'प्रयोगवाद' शब्द का सबसे पहले प्रयोग किस आलोचक ने किया है?
(A) नगेन्द्र
(B) नन्द दुलारे वाजपेयी
(C) विजयदेव नारायण साही
(D) रघुवंश

21. 'फोर्ट विलियम कॉलेज' की स्थापना किस वर्ष हुई?
(A) 1801 ई.
(B) 1810 ई.
(C) 1800 ई.
(D) 1802 ई.

22. 'देहरि भई विदेस' किस विधा की रचना है?
(A) नाटक
(B) उपन्यास
(C) आत्मकथ्य
(D) संस्मरण

23. 'भारोपीय परिवार' की भाषा नहीं है?
(A) केल्टिक
(B) इतालिक
(C) जर्मनिक
(D) सियोयन

24. मैथली का प्राचीनतम उपलब्ध ग्रंथ है?
(A) वर्णरत्नाकर
(B) कीर्तिलता
(C) चर्यापद
(D) ज्ञानेश्वरी

25. 'उत्तरायण' महाकाव्य के रचनाकार हैं?
(A) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध'
(B) राम कुमार वर्मा
(C) सियारामशरण गुप्त
(D) राम नरेश त्रिपाठी

26. आधुनिक आर्य भाषाओं के वर्गीकरण के अनुसार पूर्वी समुदाय की भाषा नहीं है?
(A) उड़िया
(B) मराठी
(C) बिहारी
(D) बांग्ला

27. 'हिन्दुस्तानी' शब्द यूरोप के लोगों की देन है। यह कथन किसका है?
(A) गार्सा-द-तासी
(B) शिवसिंह सेंगर
(C) ग्रियर्सन
(D) रामचन्द्र शुक्ल

28. पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत नहीं आती है?
(A) बांगरु
(B) कन्नौजी
(C) बुन्देली
(D) बघेली

29. मार्क्सवादी आलोचक नहीं हैं?
(A) रामविलास शर्मा
(B) नामवर सिंह
(C) शिवदान सिंह चौहान
(D) विजयदेव नारायण साही

30. 'काव्यादर्श' ग्रंथ के रचनाकार हैं?
(A) दण्डी
(B) वामन
(C) रुद्रट
(D) भामह

31. आचार्य कुन्तक काव्य शास्त्र में किस सम्प्रदाय के प्रर्वतक माने जाते हैं?
(A) औचित्य
(B) वक्रोक्ति
(C) ध्वनि
(D) रीति

32. हिन्दी में 'लोक जागरण' की अवधारणा किस आलोचक की है?
(A) रामविलास शर्मा
(B) शिवदान सिंह चौहान
(C) प्रकाशचन्द्र गुप्त
(D) राहुल सांस्कृत्यायन

33. "भेजे मन भावन के ऊधव के आवन की सुधि ब्रज - गांवनि मैं पावन जबै लगीं" उपरोक्त पंक्तियां किस काव्य कृति की हैं?
(A) रसकलस
(B) गंगावतरण
(C) उद्धवशतक
(D) भ्रमरगीत

34. जादुई यथार्थवाद (मैजिक रियलिज्म) शब्द का सबसे पहले प्रयोग किसने किया?
(A) फ्रांजकाफ्का
(B) फ्रेन्जरोह
(C) कामू
(D) सार्त्र

35. 'बौद्धगान ओ दोहा' का सम्पादन किसने किया है?
(A) राहुल सांस्कृत्यायन
(B) सूर्यकांत शास्त्री
(C) प्रबोध चन्द्र बागची
(D) हरप्रसाद शास्त्री

36. 'दोहा' या 'दूहा' किस भाषा का लोकप्रिय छंद रहा है?
(A) पालि
(B) प्राकृत
(C) अपभ्रंश
(D) अवधी

37. 'शंकर शेष' द्वारा रचित नाटक नहीं है?
(A) कोर्ट मार्शल
(B) एक और द्रोणाचार्य
(C) घरौंदा
(D) अरे मायावी सरोवर

38. 'नई कहानी' आन्दोलन चलाने वाले लेखक नहीं हैं?
(A) राजेन्द्र प्रसाद
(B) गंगा प्रसाद विमल
(C) कमलेश्वर
(D) मोहन राकेश

39. 'प्रभा खेतान' की आत्मकथा है?
(A) एक कहानी यह भी
(B) पिंजरे की मैना
(C) अन्या से अनन्या
(D) हादसे

40. 'पहला गिरमिटिया' उपन्यास के लेखक हैं?
(A) अभिमन्यु अंत
(B) विष्ण प्रभाकर
(C) गिरिराज किशोर
(D) श्री लाल शुक्ल

41. 'कामरेड का कोट' किसकी रचना है -
(A) अमरकांत
(B) राजेश जोशी
(C) सृंजय
(D) फणीश्वर नाथ रेणु

42. 'उक्ति व्यक्ति प्रकरण' के लेखक कौन हैं -
(A) पुष्पदंत
(B) रोड कवि
(C) ठाकुर ज्योतिरीश्वर
(D) दामोदर शर्मा

43. 'श्यामा स्वप्न' के लेखक कौन हैं -
(A) किशोरीलाल गोस्वामी
(B) ठाकुर जगमोहन
(C) ब्रजनंदन सहाय
(D) गोपालराम गहमरी

44. 'मेरी तेरी उसकी बात' के लेखक हैं -
(A) भगवतीचरण वर्मा
(B) यशपाल
(C) अमृतलाल नागर
(D) शिवप्रसाद सिंह

45. अनुमितिवाद की अवधारणा/किसकी है?
(A) शंकुक
(B) रुद्रट
(C) भट्टनायक
(D) विश्वनाथ

46. उत्तर संरचनावाद के मुख्य विचारक हैं?
(A) दान्ते
(B) ब्रैडले
(C) सास्यूर
(D) जॉनसन

47. 'अर्द्धकथानक' किस भाषा की रचना है?
(A) अवधी
(B) ब्रज
(C) बुन्देली
(D) राजस्थानी

48. इनमें से कौन-सी दलित आत्मकथा नहीं है?
(A) नागफनी
(B) जूठन
(C) अपनी खबर
(D) मुर्दहिया

49. "उज्ज्वल वरदान चेतना का, सौन्दर्य जिसे सब कहते हैं" यह पंक्ति कामायनी के किस सर्ग से है?
(A) श्रद्धा
(B) आशा
(C) लज्जा
(D) आनन्द

50. "कितना अनुभूतिपूर्ण था वह एक क्षण का आलिंगन" कथन किस रचना से है?
(A) ध्रुवस्वामिनी
(B) प्रेम योगिनी
(C) कर्पूर मंजरी
(D) नीलदेवी

उत्तरमाला

(1)	B	(2)	A	(3)	C
(4)	D	(5)	B	(6)	A
(7)	C	(8)	D	(9)	B
(10)	A	(11)	B	(12)	A
(13)	C	(14)	A	(15)	C
(16)	D	(17)	A	(18)	B
(19)	B	(20)	B	(21)	C
(22)	C	(23)	D	(24)	A
(25)	B	(26)	B	(27)	C
(28)	D	(29)	D	(30)	A
(31)	B	(32)	A	(33)	C
(34)	B	(35)	D	(36)	C
(37)	A	(38)	B	(39)	C
(40)	C	(41)	C	(42)	D
(43)	B	(44)	B	(45)	A
(46)	C	(47)	B	(48)	C
(49)	C	(50)	A.		

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) के जनसंचार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

आकाशवाणी और वन्या रेडियो से प्रसारित हो रहे हैं शैक्षणिक कार्यक्रम

भोपाल, कोरोना संकटकाल में पढ़ाई की निरंतरता के लिए राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा प्रारंभिक कक्षाओं के विद्यार्थियों की शैक्षणिक दृष्टि से पिछड़े आदिम जाति क्षेत्रों में शैक्षिक जन जागरूकता के लिए, आदिम जाति कल्याण विभाग से सहयोग प्राप्त किया गया है। जिसके अनुसार आदिम जाति कल्याण विभाग के वन्या सामुदायिक रेडियो केंद्रों से भी रेडियो स्कूल कार्यक्रम का प्रसारण विगत 8 जून से प्रारंभ किया गया है, जिसके तहत वन्या सामुदायिक रेडियो के भावरा जिला अलिराजपुर (भीली), खालवा जिला खण्डवा (कोरकू), नालछा जिला धार (भीली), मेघनगर जिला झाबुआ (भीली), सेसईपुरा जिला श्योपुर (सहरिया), चिचोली जिला बैतूल (गोंडी), तामिया जिला छिन्दवाड़ा (भारिया), घाड़ा जिला डिण्डोरी (बैगानी) से भी सोमवार से शनिवार तक रोजाना प्रतिदिन-11 बजे 12 बजे तक रेडियो स्कूल कार्यक्रम प्रसारित किया जा रहा है।

इस प्रसारण के पूर्व इन केंद्रों से स्थानीय बोलियों में कार्यक्रम से संबंधित जानकारी प्रसारित की जाती है, जिससे स्थानीय पालक इस कार्यक्रम से परिचित होकर बच्चों की पढ़ाई को निरन्तर रखने के लिए जुड़ रहे हैं।

M.P. POLICE HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
(A GOVERNMENT OF MADHYA PRADESH UNDERTAKING)
BHADBHADA ROAD, BHOPAL – 462003
No. MPPHIDC/Accounts/603/2020 Bhopal, Dated : 19.06.2020

CORRIGENDUM - 1

Subject : NOTICE INVITING TENDER FOR LOAN/CREDIT FOR CONSTRUCTION OF RESIDENTIAL HOUSES FOR POLICE PERSONNEL.
Reference : This Office Letter No. MPPHIDC/Accounts/588/2020 Bhopal, Dated: 16.06.2020

1. The last date and time for submission of Bids is hereby extended to **10.07.2020 till 15.00 Hrs.**
2. The Sealed offers will be opened on **10.07.2020 at 15:30 Hrs.** in the presence of concerned authorised representatives of Financial Institutions/Nationalized Banks.

M.P. Madhyam/97689/44042/2020 **CHIEF PROJECT ENGINEER**

खेलचर्चा

बीसीसीआई सितंबर में आयोजित कर सकता है आईपीएल

ट्वेंटी-20 विश्वकप पर फैसला आने के बाद होगा आईपीएल पर निर्णय

मुंबई, कोरोना महामारी का व्यापक असर खेल जगत पर पड़ा है। विश्व क्रिकेट को पटरी पर लाने के प्रयास शुरू हो गये हैं। जुलाई में इंग्लैंड और वेस्टइंडीज सीरीज के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट दोबारा शुरू हो रहा है। विश्व क्रिकेट की बेहद लोकप्रिय लीग आईपीएल के आयोजन के प्रयास शुरू हो गये हैं। जानकारी के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) 25 सितंबर से 30 अक्टूबर के बीच आईपीएल का आयोजन कर सकता है। बीसीसीआई इस पर अंतिम फैसला आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के आयोजन पर संशय समाप्त होने के बाद लेगा। ऐसे में आईपीएल का आयोजन तभी संभव है, जब 18 अक्टूबर से 15 नवंबर तक होने वाला आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप स्थगित हो।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) आईसीसी क्रिकेट विश्वकप के आयोजन से हाथ खड़े कर रहा है। आईसीसी भी विश्वकप के आयोजन के विकल्प तलाश रहा है। माना जा रहा है कि जुलाई माह में ट्वेंटी-20 विश्वकप पर आईसीसी अंतिम फैसला ले सकता है। ऐसे में बहुत हद तक संभव है कि विश्वकप स्थगित हो जायेगा। बीसीसीआई इन्हीं पहलुओं पर सभी फ्रैंचाइजी, प्रसारणकर्ता और संबंधित पक्षों

के साथ चर्चा कर रहा है।

भारत के बाहर हो सकता है आयोजित

कोरोना महामारी के चलते आईपीएल के मैच देश के चुनिंदा स्टेडियम में खेले जायेंगे। अगर देश में कोरोना की स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो यह टूर्नामेंट किसी अन्य देश में भी आयोजित हो सकता है। हालांकि बीसीसीआई की पहली प्राथमिकता देश में ही यह टूर्नामेंट कराने की है। श्रीलंका और संयुक्त अरब अमीरात ने आईपीएल की मेजबानी का प्रस्ताव बीसीसीआई के सामने रखा है। वैसे भी वर्ष 2009 में दक्षिण अफ्रीका तथा वर्ष 2014 में संयुक्त अरब अमीरात में आईपीएल आयोजित हो चुका है।

फॉर्मेट में हो सकता है बदलाव

बीसीसीआई ने संभावना जताई है कि इस बार आईपीएल के फॉर्मेट में बदलाव हो सकते हैं। आईपीएल की अवधि 54 दिन की जगह 36 दिन हो सकती है और प्रतिदिन 2 मैच आयोजित हो सकते हैं। इस बार प्ले ऑफ फॉर्मेट की जगह सेमीफाइनल हो सकते हैं। प्ले ऑफ में टॉप-4 टीमों को क्वालिफायर-1, एलिमिनेटर और क्वालिफायर-2 खेलने होते हैं।

सितंबर से आयोजित हो सकते हैं एशियाई टूर गोल्फ टूर्नामेंट

सिंगापुर, एशियाई टूर गोल्फ के सीईओ चो मिन थेंट ने कहा है कि एशियाई टूर गोल्फ टूर्नामेंट सितम्बर से आयोजित हो सकते हैं। थेंट ने कहा कि विश्वभर में फैली कोरोना महामारी के बीच एशियाई टूर गोल्फ टूर्नामेंट दोबारा शुरू करने को लेकर सतर्क रवैया अपनाया जा रहा है। हम सितंबर से दिसंबर 2020 के बीच 10 से 12 टूर्नामेंट आयोजित करने पर विचार कर रहे हैं। थेंट ने कहा कि कोरिया ओपन के साथ सत्र शुरू हो सकता है। पैनासोनिक ओपन के साथ एशियाई टूर भारत में वापसी करेगा, इसके बाद इंडिया ओपन तथा एक अन्य संभावित टूर्नामेंट दिल्ली में हो सकता है।

फेडरर चोट के कारण पूरे सत्र से हुए बाहर

बर्न, स्विट्ज़रलैंड के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोज़र फेडरर घुटने की चोट के कारण वर्ष 2020 के पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। फेडरर ने ट्विटर पर एक बयान जारी कर कहा कि घुटने की चोट के कारण वे वर्ष 2020 के सत्र में नहीं खेल पाएंगे। उन्हें अगले सत्र में वापसी की उम्मीद है। फेडरर ने कहा कि कुछ सप्ताह पहले रिहैबिलिटेशन के शुरुआती चरण में मुझे परेशानी हुई और मुझे तुरंत अपने दाएं घुटने की ऑर्थोस्कोपिक सर्जरी करवानी पड़ी। फेडरर ने कहा कि मैंने शीर्ष स्तर पर वापसी के लिए शत-प्रतिशत फिट होने की योजना बनाई है। उल्लेखनीय है कि 20 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीत चुके फेडरर वर्ष 2017 में भी घुटने की सर्जरी करवा चुके हैं।

अज़रबेजान, सिंगापुर और जापान ग्रांप्री हुईं रद्द

पेरिस, कोरोना महामारी का असर फॉर्मूला वन पर भी पड़ा है। फॉर्मूला वन ने इस वर्ष अज़रबेजान, सिंगापुर और जापान ग्रांप्री को रद्द करने का फैसला लिया है। इसके साथ ही इस वर्ष अब तक 7 ग्रांप्री रेस रद्द हो गई हैं। फॉर्मूला वन ने कहा कि फॉर्मूला वन चैम्पियनशिप का आगाज जुलाई माह में ऑस्ट्रिया ग्रांप्री से होगा। ऑस्ट्रिया ग्रांप्री में 3 और 10 जुलाई को दो रेस आयोजित होंगी, वहीं 17 जुलाई को हंगरी ग्रांप्री होगी। फॉर्मूला वन द्वारा जारी बयान के अनुसार सिंगापुर और अज़रबेजान में स्ट्रीट सर्किट के निर्माण में लगने वाले लंबे समय के कारण रेस की मेजबानी करना असंभव है तथा जापान में यात्रा प्रतिबंधों के कारण इन रेस को रद्द किया गया है।

फीफा रैंकिंग में भारत 108वें स्थान पर पहुंचा

नई दिल्ली, विश्व में फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने जून महीने के लिए रैंकिंग जारी की है। फीफा रैंकिंग में भारतीय फुटबॉल टीम 108वें स्थान पर काबिज है। रैंकिंग में भारतीय टीम के 1187 अंक हैं। रैंकिंग में यूरोपीय देश बेल्जियम ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। बेल्जियम के 1765 रेटिंग अंक हैं। रैंकिंग में फ्रांस (दूसरे), ब्राजील (तीसरे), इंग्लैंड (चौथे), उरुग्वे (पांचवें), क्रोएशिया (छठवें), पुर्तगाल (सातवें), स्पेन (आठवें), अर्जेंटीना (नौवें) तथा कोलंबिया (दसवें) भी टॉप-टेन में शुमार हैं। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के कारण मार्च से ही अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल बंद है।

हॉकी इंडिया ने कोच रजिस्ट्रेशन के लिए शुरू की खुली आवेदन प्रक्रिया

नई दिल्ली, हॉकी इंडिया ने देशभर के कोचों और तकनीकी अधिकारियों के लिए खुली आवेदन और पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक बयान के अनुसार कोच या तकनीकी अधिकारी के रूप में अपना संबंधित हॉकी इंडिया सदस्य इकाई में पंजीकरण करवाने के इच्छुक उम्मीदवार को एक लिंक उपलब्ध कराया जाएगा।

उम्मीदवार द्वारा आवेदन जमा करने के बाद उसे संबंधित हॉकी इंडिया में पंजीकृत सदस्य इकाई के अनुमोदन की आवश्यकता होगी। एक बार जब हॉकी इंडिया सदस्य इकाई आवेदन को मंजूरी दे देते हैं, तो आवेदन को कोच या तकनीकी अधिकारी के पंजीकरण से पहले हॉकी इंडिया की अंतिम स्वीकृति की आवश्यकता होगी।

न्यूजीलैंड में रग्बी देखने पहुंचे 43 हजार दर्शक

ऑकलैंड, कोरोना महामारी के संक्रमण से मुक्त होने के बाद न्यूजीलैंड में खेल गतिविधियां शुरू हो गई हैं। न्यूजीलैंड के ऑकलैंड शहर के ईडन पार्क स्टेडियम में ऑकलैंड ब्लूज और वेलिंग्टन हरिकेंस टीम के बीच रग्बी मुकाबला खेला गया। इस मैच को देखने के लिए 43 हजार दर्शक स्टेडियम पहुंचे। न्यूजीलैंड में 15 वर्षों में यह पहला अवसर है जब इतनी बड़ी संख्या में लोग कोई मैच देखने पहुंचे हैं।

बीसीसीआई ने रद्द किया श्रीलंका और जिम्बाब्वे का दौरा

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऐलान किया है कि भारतीय क्रिकेट टीम कोरोना महामारी की वजह से श्रीलंका और जिम्बाब्वे के दौरे पर नहीं जाएगी।

भारतीय क्रिकेट टीम को 24 जून से 11 जुलाई तक श्रीलंका में तीन मैचों की वन-डे और तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज खेलनी थी। इसके बाद टीम इंडिया को 22 अगस्त से जिम्बाब्वे के दौरे पर जाना था।

बीसीसीआई ने एक बयान जारी कर कहा कि कोरोना महामारी के संक्रमण के खतरों को देखते हुए भारत इन दोनों देशों में क्रिकेट नहीं खेलेगा। बीसीसीआई ने कहा कि देश में कोरोना महामारी के हालात का आकलन कर तथा सरकार की गाइडलाइन पर विचार करने के बाद ही क्रिकेट गतिविधियां बहाल करने पर फैसला होगा।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बीसीसीआई ट्रेनिंग शिविर तभी आयोजित करेगा, जब ऐसा करना सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई अंतर्राष्ट्रीय तथा घरेलू क्रिकेट की बहाली की ओर कदम बढ़ाने के लिये प्रतिबद्ध है।

इंग्लैंड दौरे के लिए पाकिस्तान की 29 सदस्यीय टीम घोषित

कराची, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इंग्लैंड दौरे के लिए 29 सदस्यीय पाकिस्तानी क्रिकेट टीम का ऐलान किया है। इसके अलावा पीसीबी ने 4 खिलाड़ियों को रिज़र्व में भी रखा है।

पाकिस्तानी टीम में पूर्व कप्तान सरफराज अहमद तथा तेज गेंदबाज सोहेल की वापसी हुई है। टीम में हैदर अली के रूप में नया चेहरा शामिल किया गया है। हैदर ने इस वर्ष अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्डकप में शानदार प्रदर्शन किया है।

टीम में आबिद अली, फख़र जमां, इमाम उल हक़, शान मसूद, अज़हर अली, बाबर आज़म, असद शफीक, फवाद आलम, हैदर अली, इफ्तिखार अहमद, खुशदिल शाह, मोहम्मद हफीज़, शोएब मलिक, मोहम्मद रिज़वान, सरफराज़ अहमद, फहीम अशरफ, हैरिस राऊफ, इमरान खान, मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद हुसनैन, नसीम शाह, शाहीन शाह अफरीदी, सोहेल खान, उस्मान शिनवारी, वहाब रियाज, इमाद वसीम, काशिफ भट्टी, शादाब खान और यासिर शाह शामिल हैं।

यूनिस खान बने पाकिस्तान के बल्लेबाजी कोच

पीसीबी ने पूर्व कप्तान यूनिस खान को इंग्लैंड दौरे के लिए पाकिस्तानी क्रिकेट टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। इसके साथ ही पीसीबी ने पूर्व लेग स्पिनर मुश्ताक अहमद को स्पिन सलाहकार तथा मेंटर बनाया है। पीसीबी ने कहा कि इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली टीम में काफी युवा खिलाड़ी हैं। यूनिस और मुश्ताक से इन युवा खिलाड़ियों को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। यूनिस ने 118 टेस्ट तथा 265 वन-डे मैच खेले हैं। वहीं मुश्ताक ने 52 टेस्ट मैचों में 185 विकेट लिए हैं।

आईडब्ल्यूएफ ने संजीता को डोपिंग के आरोपों से किया मुक्त

नई दिल्ली, अंतर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन महासंघ (आईडब्ल्यूएफ) ने भारतीय भारोत्तोलक संजीता चानू के खिलाफ लगाए गए डोपिंग के आरोपों को खारिज कर दिया है। आईडब्ल्यूएफ ने कहा कि संजीता के खिलाफ डोपिंग के आरोपों को उनके नमूनों में एकरूपता नहीं पाए जाने के कारण खारिज किया गया है। आईडब्ल्यूएफ ने यह फैसला वर्ल्ड एंटी डोपिंग एजेंसी भी सिफारिश के आधार पर लिया है।

आईडब्ल्यूएफ के कानूनी सलाहकार लिला सागी ने ई-मेल के जरिए संजीता को इस फैसले से अवगत कराया। ई-मेल में लिखा है कि वाडा ने सिफारिश की है कि नमूने के आधार पर खिलाड़ी के खिलाफ मामला समाप्त किया जाना चाहिए।

संजीता चानू ने फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि मुझे आधिकारिक तौर पर डोपिंग के आरोपों से मुक्त कर दिया गया है। संजीता ने

कहा कि डोपिंग के आरोप के कारण उन्हें टोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वालिफाई करने का मौका नहीं मिला है। उल्लेखनीय है कि संजीता चानू को नवंबर 2017 में एनाबोलिक स्टेराइड टेस्टोस्टेरोन दवा के इस्तेमाल का दोषी पाया गया था।

नाडा ने खिलाड़ियों के लिए जारी किया नया निर्देश

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने खिलाड़ियों के लिए नया फरमान जारी किया है। नाडा ने खिलाड़ियों से हर तीन महीने में अग्रिम रूप से उनके ठिकाने की जानकारी देने को कहा है। नाडा ने कहा कि अगर कोई खिलाड़ी इस आदेश का पालन नहीं करता है तो उन्हें निलंबित किया जा सकता है। नाडा ने कहा कि अगर खिलाड़ी यह जानकारी नहीं देता है, तो उसे नोटिस जारी किया जाएगा। अगर तीन नोटिस मिलने के बाद भी खिलाड़ी अपने ठिकाने की जानकारी नहीं देता है, तो उसे चार वर्ष के लिए निलंबित किया जा सकता है।

- **संजीता चानू ने वर्ष 2014 में हुए ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में 48 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।**
- **गोल्ड कोस्ट राष्ट्रमंडल खेल-2018 में संजीता ने 53 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।**
- **इस फैसले के बाद संजीता को अर्जुन पुरस्कार मिलने के चांस बढ़ गए हैं।**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ रॉबर्ट्स ने दिया इस्तीफा

सिडनी, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) केविन रॉबर्ट्स ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। रॉबर्ट्स की जगह निक हॉकले को अंतरिम सीईओ नियुक्त किया गया है। हॉकले आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप की आयोजन समिति के सीईओ हैं। केविन रॉबर्ट्स ने एक बयान में कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ के रूप में इस खेल का नेतृत्व करना मेरे लिए सम्मान की बात है। उल्लेखनीय है कि रॉबर्ट्स ने ऐसे समय में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का साथ छोड़ा है, जब कोरोना महामारी के कारण ट्वेंटी-20 विश्वकप का आयोजन करना ऑस्ट्रेलिया के लिए कठिन साबित हो रहा है। हाल ही में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया मुख्यालय में 80 प्रतिशत कर्मचारियों को लंबी छुट्टी पर भेजे जाने के कारण केविन रॉबर्ट्स को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

कोरोना के चलते मानवरहित गगनयान मिशन टला

भारत की महत्वाकांक्षी परियोजना मानवरहित गगनयान मिशन को टाल दिया गया है। अब यह इस साल की बजाय अगले साल 2021 में उड़ान भरेगा। इसरो वैज्ञानिकों के अनुसार मानव रहित उड़ान को संभवतः 21-22 के सत्र में अंतिम स्वरूप प्रदान किया जायेगा। इसरो अध्यक्ष के. सिवन ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों के साथ इस वर्ष मानवरहित उड़ान संभव नहीं है।

प्रधानमंत्री की मुख्यमंत्रियों से चर्चा

देश में आर्थिक गतिविधियों को मिले रफ्तार

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'अनलॉक 1.0' के बाद उभरती स्थिति पर चर्चा करने और कोविड-19 महामारी से निपटने हेतु आगे की योजना बनाने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत की। यह मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री की इस तरह की छठी बातचीत थी।

अर्थव्यवस्था में सुधार के लक्षण

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों के दौरान किए गए ठोस प्रयासों से अर्थव्यवस्था में सुधार के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। इस साल मई में उर्वरक की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पिछले साल की तुलना में खरीफ फसलों की बुवाई में उत्साहवर्धक वृद्धि हुई है। दुपहिया वाहनों का उत्पादन बढ़ रहा है। मई में टोल संग्रह में वृद्धि हुई है और निर्यात फिर से उछाल दर्शाने लगा है।

जान और जहान दोनों पर फोकस

प्रधानमंत्री ने जीवन और आजीविका यानी

जान और जहान दोनों पर ही फोकस किए जाने के विशेष महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर परीक्षण (टेस्टिंग) और मरीजों के संपर्क में आए लोगों का पता लगाने पर जोर देने के साथ-साथ स्वास्थ्य अवसंरचना को भी बढ़ावा देने की आवश्यकता है, वहीं दूसरी ओर आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि करनी होगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान जरूरतों और भविष्य की आवश्यकताओं दोनों को ही ध्यान में रखते हुए निर्णय लिए जाने चाहिए।

बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि

प्रधानमंत्री ने कोरोना वायरस की चुनौती से निपटने के लिए बेहतर बुनियादी सुविधाओं और प्रशिक्षित मानवशक्ति की मौजूदगी का जिक्र किया। उन्होंने बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं, सूचना प्रणालियों, भावनात्मक सहायता और जन भागीदारी पर निरंतर जोर दिए जाने की जरूरत को रेखांकित किया।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के लाभ

प्रधानमंत्री ने कहा कृषि, बागवानी, मत्स्य पालन और एमएसएमई का विशेष महत्व है। इनके लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत अनेक प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत की गई घोषणाओं को जल्द-से-जल्द अमल में लाने के लिए एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद चुनाव

भारत आठवीं बार बना गैर-स्थायी सदस्य

भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का गैर-स्थायी सदस्य निर्विरोध चुन लिया गया है। एशिया-प्रशांत श्रेणी की सीट से भारत आठवीं बार गैर-स्थायी सदस्य बना है। भारत 2021-22 कार्यकाल के लिये संयुक्त राष्ट्र की सर्वोच्च संस्था का अस्थाई सदस्य चुना गया है। भारत संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों के एशिया-प्रशांत समूह का समर्थन प्राप्त करने वाला एकमात्र उम्मीदवार था। 193 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र महासभा ने अपने 75वीं सत्र के लिये अध्यक्ष, सुरक्षा परिषद के अस्थाई सदस्यों और आर्थिक एवं सामाजिक परिषद के सदस्यों के लिये चुनाव कराया था, जिसमें भारत के साथ-साथ आयरलैंड, मैक्सिको और नॉर्वे को भी सुरक्षा परिषद् में जगह मिली है जबकि कनाडा को बाहर ही रहना पड़ा।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के प्रतिनिधि तिरुमूर्ति ने कहा कि भारत नेतृत्व जारी रखेगा और एक बहुपक्षीय व्यवस्था को नई दिशा देगा। भारत को 192 वैलिड वोट्स में से 184 वोट मिले। उन्होंने कहा कि 'मुझे बहुत खुशी है कि भारत 2021-22 के लिये संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के तौर पर चुना गया है।

हमें भारी समर्थन हासिल हुआ और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने भारत पर जो भरोसा जताया है उससे मैं अभिभूत हूं।'

जर्मनी में सैनिकों की संख्या कम करेगा अमेरिका

अमेरिका ने तय किया है कि वो जर्मनी में अपने सैनिकों की संख्या कम करेगा। इसके पीछे अमेरिका ने बढ़ते हुये खर्च का हवाला दिया है।

- **फिलहाल सैनिकों की संख्या 52 हजार से घटा कर 25 हजार करने का निर्णय लिया गया है।**
- **इसके पीछे बढ़ते खर्च और जर्मनी द्वारा नाटो को पूर्व भुगतान न किया जाना प्रमुख वजह बताई गई है।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि यह खर्च बहुत बड़ा है। उन्होंने कहा कि जर्मनी केवल 1 फीसदी ही राशि भुगतान कर रहा है, इसके साथ ही वह नाटो को भुगतान करने में विलंब करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सैनिकों को अच्छा वेतन

मिलता है, वे जर्मनी में ही रहते हैं। अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा जर्मनी में खर्च करते हैं।

सैन्य अड्डे के आस-पास वाले इलाके जर्मनी के लिये काफी समृद्धि वाले हैं। जर्मनी सिर्फ लाभ लेता है और उसके बाद भी कारोबार में हमारे साथ अच्छा व्यवहार नहीं करता है।

हमारा कारोबार यूरोपीय संघ के साथ है जिसमें जर्मनी सबसे बड़ा सदस्य है।

ई-शिक्षण सामग्री के लिए समझौता

छात्रों तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचेगी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

ई-शिक्षा को और ज्यादा रचनात्मक बनाने के लिए केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' की उपस्थिति में एनसीईआरटी और रोटरी इंडिया ने एनसीईआरटी के सभी टीवी चैनलों पर कक्षा 1-12 के लिए प्रसारित होने वाली ई-शिक्षण सामग्री के लिए समझौता ज्ञापन पर डिजिटल हस्ताक्षर किए गए।

इस कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री ने कहा कि यह सामग्री उच्च श्रेणी की है और उच्च गुणवत्ता वाली है, इससे हमारे सभी बच्चों को बहुत फायदा पहुंचेगा। श्री निशंक ने कहा कि एमएचआरडी विभिन्न योजनाओं और

पहलों के माध्यम से शिक्षा में प्रौद्योगिकी के एकीकरण की दिशा में काम कर रहा है जैसे कि ऑपरेशन डिजिटल बोर्ड, दीक्षा, ई-पाठशाला, स्वयं और स्वयंप्रभा आदि।

श्री निशंक ने कहा कि ई-लर्निंग के माध्यम से हम प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'एक राष्ट्र एक डिजिटल मंच' के विजन को पूरा करना चाहते हैं।

श्री निशंक ने कहा कि हमने रेडियो और टीवी के माध्यम से अपने छात्रों तक पहुंचने का संकल्प लिया है जहां पर इंटरनेट या मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है और यह समझौता ज्ञापन उस दिशा में एक बहुत बड़ा कदम है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से छात्रों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचेगी।

- **एनसीईआरटी टीवी टाई-अप :** एनसीईआरटी के बारह राष्ट्रीय टेलीविजन चैनलों के माध्यम से कक्षा 1-12 के लिए पाठ्यक्रम मॉड्यूल का प्रसारण किया जाएगा, जो जुलाई 2020 से उपलब्ध होगा।
- **दीक्षा ऐप टाई-अप :** एक ही समय में भारत सरकार के राष्ट्रीय मोबाइल ऐप दीक्षा के माध्यम से ई-लर्निंग मॉड्यूल भी उपलब्ध होंगे। वर्तमान समय में यह सामग्री हिंदी और पंजाबी में उपलब्ध है और इसे लगभग 10 करोड़ छात्रों के लिए 12 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के स्कूलों में तुरंत लागू किया जाएगा। सामग्री के लिए बौद्धिक अधिकार रोटरी के पास होंगे और एनसीईआरटी को उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे अगले कुछ महीनों में उपयुक्त सामग्री का एनसीईआरटी और संबंधित राज्यों के एससीईआरटी द्वारा सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया जा सके।

इज़रायल - यूएई तनाव

वेस्ट बैंक और जॉर्डन घाटी पर कब्जे को लेकर हुआ विवाद

यूएई और इज़रायल के बीच वेस्ट बैंक और जॉर्डन घाटी को लेकर हुआ विवाद लगातार बढ़ रहा है। अमेरिका में नियुक्त

- **यूएई ने कहा कि इससे इज़रायल की शांति की योजना प्रभावित होगी और हिंसा भी भड़क सकती है।**

यूएई राजदूत ने जॉर्डन घाटी और वेस्ट बैंक के अन्य हिस्सों को कब्जे में लिये जाने के खिलाफ इज़रायल को कड़े लहजे में चेतावनी दी है। इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जॉर्डन घाटी को अपने इलाके में मिलाने के संकल्प की घोषणा की है। माना जा रहा है कि यह प्रक्रिया एक जुलाई से शुरू हो सकती है। इज़रायल का मानना है कि देश की सुरक्षा के लिये जार्डन घाटी महत्वपूर्ण इलाका है। दूसरी ओर यूएई ने कहा है कि इज़रायल का यह कदम अरब देशों से संबंध बेहतर बनाने के प्रयासों को नुकसान पहुंचायेगा। गौरतलब है कि वेस्ट

बैंक एशिया के भू-मध्य सागर तट के पास स्थित चारों तरफ से जमीन से घिरा क्षेत्र है।

पोलैंड ने गलती से चेक गणराज्य की जमीन पर किया कब्जा

पोलैंड ने स्वीकार किया है कि पिछले महीने उसने गलती से कुछ दिनों के लिये चेक गणराज्य की जमीन पर कब्जा कर लिया था।

पोलैंड के रक्षा मंत्रालय के अनुसार यह गलतफहमी की वजह से हुआ था। कहा जा रहा है कि सीमा की निगरानी कर रहे पोलैंड के सैनिकों ने कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने के लिये उठाये गये कदमों को देखते हुये चेक गणराज्य के एक चैपल पर कब्जा कर लिया था। वे कई दिनों तक चैपल के अंदर रहे थे।

उत्तर कोरिया ने नष्ट किया संपर्क कार्यालय

उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच बढ़ती तनातनी के बीच जानकारी मिली है कि उत्तर कोरिया ने केसोंग में बने संपर्क कार्यालय को उड़ा दिया है।

- **उत्तर कोरिया के इस कदम से कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ गया है।**

दक्षिण कोरियाई न्यूज एजेंसी योन्हप ने सैन्य सूत्रों के हवाले से कहा है कि दिन में जोरदार धमाके की आवाज सुनाई दी थी, जिससे स्पष्ट होता है कि कार्यालय को नष्ट कर दिया गया है। सीमापार से उत्तर कोरियाई विद्रोहियों द्वारा आलोचना वाले गुब्बारे उड़ाने से नाराज उत्तर कोरिया की

सेना ने ऐसा करने की धमकी दी थी। ज्ञात रहे कि उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के बीच बना संपर्क कार्यालय कोरोना वायरस की वजह से लंबे समय से बंद था।

इसे वर्ष 2018 में किम जोंग उन और दक्षिण कोरिया के बीच तीन शिखर वार्ता के बाद बनाया गया था।

बीजिंग में बढ़े कोरोना संक्रमण के मामले

चीन में प्रतिदिन कोरोना संक्रमण के नये मामले आ रहे हैं। इसीलिये प्रशासन ने हाल ही में हार्बिन और डालियान सहित 10 शहरों के लोगों को बीजिंग की यात्रा न करने के आदेश दिये हैं। बीजिंग के कई स्थानों में स्कूल, कॉलेज और शॉपिंग मॉल्स को बंद कर दिया गया है। साथ ही लोगों की गतिविधियों

पर प्रतिबंध लगाने के लिये जगह-जगह सुरक्षा चौकियां भी बना दी गई हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार बीजिंग के शिफंदी थोक बाजार गए 29,386 लोगों की जांच की गई है। इस बाजार में कोरोना के मरीज मिले थे।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

हमसे पूछिये स्तंभ में 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं। इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

'रोज़गार और निर्माण' के हमसे पूछिये स्तंभ में प्रकाशित होने वाले सवाल-जवाब पाठकों की सुविधा के लिये हैं। समय-समय पर विभिन्न पाठ्यक्रमों और पदों की अर्हताओं में बदलाव होते रहते हैं। इस विषय को ध्यान में रखते हुये विभिन्न कोर्स, संस्थान और अन्य संबंधित जानकारी के लिये कृपया संबंधित विभाग/संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट या कार्यालय में संपर्क करें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश, पिनकोड-462 011

❍ समुद्र विज्ञान के क्षेत्र में कॅरियर की क्या संभावनाएँ हैं? समुद्र विज्ञान के कोर्स संचालित कराने वाले कुछ प्रमुख संस्थानों की जानकारी प्रदान करें।

- ओम कुमार, भोपाल

● समुद्र विज्ञान अर्थात (ओशियनोग्राफी) के अंतर्गत समुद्र से संबंधित विभिन्न

पहलुओं का गहन अध्ययन किया जाता है। समुद्र वैज्ञानिक समुद्र के पानी की गति और प्रचालन एवं उसके भौतिक तथा रासायनिक गुणों का विस्तृत अध्ययन करते हैं तथा यह ज्ञात करते हैं कि जल के ये गुण तटीय क्षेत्रों, मौसम तथा जलवायु को किस प्रकार से प्रभावित करते हैं। ओशियनोग्राफी के अंतर्गत नमूने एकत्र करना, सर्वेक्षण करना, सागर में कई घंटे अत्याधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए आँकड़ों का विश्लेषण करना जैसे अनेक कार्य सम्मिलित हैं। चूँकि यह कॅरियर रिसर्च ओरिएंटेड होता है इसलिए आपको दीर्घावधियों के लिए समुद्र में रहना होता है तथा इस दौरान समुद्र की सभी चुनौतियों तथा जोखिमों का सामना भी करना पड़ता है। ओशियनोग्राफी क्षेत्र में कॅरियर बहुत चुनौतीपूर्ण है।

गौरतलब है कि ओशियनोग्राफी के अध्ययन के लिए विभिन्न विषयों का परीक्षण करना होता है, अतः इसे अंतर्विषयक विज्ञान कहा जाता है। समुद्र विज्ञान और समुद्र संबंधी क्षेत्रों से जुड़े व्यक्तियों को विज्ञान के कम से कम एक बुनियादी विषय जैसे भू-विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन शास्त्र अथवा इंजीनियरी का ज्ञान अनिवार्य है। लगभग सभी मामलों में गणित का ज्ञान भी अनिवार्य है। समुद्री नीति अध्ययन के लिए कम से कम एक सामाजिक विज्ञान की जानकारी जैसे विधि, राजनीति विज्ञान आदि की जानकारी भी आवश्यक है। इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए शैक्षिक तथा तकनीकी कौशल आवश्यक है। हमारे देश के कई विश्वविद्यालय समुद्र विज्ञान में स्नातक, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरेट उपाधि प्रदान करते हैं।

मरीन साइंस/ओशियनोग्राफी में स्नातक उपाधि प्राप्त करने के लिए बारहवीं की परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषय से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। स्नातकोत्तर स्तर पर मरीन बायोलॉजी, समुद्री भू-विज्ञान, समुद्री भू-भौतिकी, रसायन समुद्री विज्ञान, भौतिक समुद्र विज्ञान, मौसम विज्ञान तथा ओशन लाइफ साइंसेज में एमएससी की जा सकती है। इसके उपरांत एम.फिल. तथा पीएचडी भी की जा सकती है। इस क्षेत्र में उपयुक्त डिग्री लेने के उपरांत आप विभिन्न सरकारी तथा निजी संस्थानों में वैज्ञानिक, इंजीनियर अथवा तकनीशियन के रूप में रोज़गार प्राप्त कर सकते हैं। सरकारी क्षेत्र के संगठनों में आप ऑयल इंडिया, भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण संगठन, भारतीय मौसम वैज्ञानिक सर्वेक्षण संगठन तथा समुद्र विज्ञान विभाग आदि में रोज़गार प्राप्त कर सकते हैं। समुद्री उद्योग, उत्पादों तथा अनुसंधान में रुचि रखने वाली निजी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ भी योग्य एवं प्रशिक्षित युवाओं को काफी अच्छे वेतनमान पर रोज़गार के विभिन्न अवसर प्रदान करती हैं। ओशियनोग्राफी एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें आकर्षक वेतन तथा लाभ प्राप्त किए जा सकते हैं। देश के कई संस्थान ओशियनोग्राफी से जुड़े विभिन्न रोज़गारोन्मुखी पाठ्यक्रम संचालित करते हैं। इन संस्थानों में से प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं-

- कोचीन यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, कोचीन (केरल)।
- कर्नाटक विश्वविद्यालय, पावेट नगर,धारवाड़।
- बेरहामपुर यूनिवर्सिटी, बेरहामपुर, ओडिशा।
- मरीन विज्ञान विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता।
- इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड ओशियन टेक्नोलॉजी, मुंबई।
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मीटीरियोलॉजी, पुणे।
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी, गोवा

❍ मैं इंडियन एयर फोर्स ग्रुप X तथा Y ग्रुप के लिए आवेदन करना चाहता हूँ। कृपया भर्ती प्रक्रिया के लिए जानकारी प्रदान करें?

- संदीप शर्मा, उज्जैन

● इंडियन एयर फोर्स ग्रुप X तथा Y ग्रुप के लिए भारतीय वायु सेना

(आईएएफ) के द्वारा 'एक्स' और 'वाई ग्रुप' में सीधी भर्ती की जाती हैं। इन भर्तियों से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.airmenselection.cdac.in पर प्राप्त की जा सकती है। X तथा Y ग्रुप में चयन हेतु भर्तियाँ समय-समय पर देश के विभिन्न राज्यों में आयोजित की जाती हैं। पात्र अविवाहित पुरुष (भारतीय/नेपाली) उम्मीदवार एयरमैन ग्रुप एक्स (एजुकेशन इंस्ट्रक्टर को छोड़कर) और एयरमैन ग्रुप वाई के लिए आवेदन कर सकते हैं। (ऑटोमोबाइल तकनीशियन, ग्राउंड ट्रेनिंग इंस्ट्रक्टर, इंडियन एयर फोर्स (पुलिस), इंडियन एयर फोर्स (सिक्योरिटी) और म्यूजिशियन ट्रेडों को छोड़कर)।

यह बात महत्वपूर्ण है कि ग्रुप 'एक्स' (एजुकेशन इंस्ट्रक्टर को छोड़कर) किसी भी स्ट्रीम में 12वीं/इंटरमीडिएट उत्तीर्ण या समकक्ष/मैथमेटिक्स, फिजिक्स और इंग्लिश के साथ न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ और अंग्रेजी में कुल 50 प्रतिशत अंक के साथ या किसी भी स्ट्रीम में इंजीनियरिंग में तीन साल का डिप्लोमा कोर्स उत्तीर्ण होना जरूरी है।

इसी तरह ग्रुप 'वाई' ऑटोमोबाइल टेक्नीशियन, जीटीआई, आईएएफ (पी), आईएएफ (एस) और म्यूजिशियन ट्रेडों को छोड़कर- केंद्रीय/राज्य शिक्षा बोर्डों द्वारा अनुमोदित किसी भी संस्थान से किसी भी स्ट्रीम/विषयों में कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक के साथ 12वीं/इंटरमीडिएट उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जबकि ग्रुप 'वाई' केवल मेडिकल असिस्टेंट ट्रेड- फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी और इंग्लिश में कुल न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं/इंटरमीडिएट या समकक्ष उत्तीर्ण होना जरूरी है।

उल्लेखनीय है कि उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया के तहत फेज 1 (ऑनलाइन टेस्ट), फेज 2 टेस्ट, फिजिकल फिटनेस टेस्ट (पीएफटी), एडाप्टेबिलिटी टेस्ट-1 (ग्रुप 'एक्स' और ग्रुप 'वाई' दोनों ट्रेडों के लिए), एडाप्टेबिलिटी टेस्ट-2 (ग्रुप 'एक्स' और ग्रुप 'वाई' दोनों ट्रेडों के लिए) और मेडिकल टेस्ट शामिल हैं।

❍ मैंने 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण की और रेलवे में ट्रेन चालक बनना चाहता हूँ। मुझे ट्रेन चालक बनने के लिए जानकारी प्रदान करें?

- विजय त्रिपाटी, गुना

● रेलवे में ट्रेन चालक को लोको पायलट कहा जाता है। रेलवे में शुरुआत में सहायक लोको पायलट के पद पर चयन किया जाता है और बाद में प्रमोशन से लोको पायलट बना जा सकता है। रेलवे में लोको पायलट बनने के लिए लोको पायलट एवं टेक्निशियन भर्ती के लिए समय-समय पर रिक्तियाँ निकलती रहती हैं। रेलवे में असिस्टेंट लोको पायलट का रोल काफी अहम होता है। असिस्टेंट लोको पायलट ट्रेन ड्राइव करने में लोको पायलट की मदद करता है।

उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे में ट्रेन चालक बनने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं उत्तीर्ण होना है। इसके साथ-साथ 2 साल का आईटीआई डिप्लोमा या पॉलिटेक्निक डिप्लोमा होना आवश्यक है। भारतीय रेलवे में इंजन चालक बनने के लिए आयु सीमा 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

गौरतलब है कि सहायक लोको पायलट की चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा, अभिरुचि परीक्षा और डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन शामिल होता है। लिखित परीक्षा के तहत कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट के दो चरण होते हैं। दोनों ही चरणों में सफल होने वाले उम्मीदवारों को एक और कंप्यूटर बेस्ड एप्टीट्यूड टेस्ट (सीबीएटी) से गुजरना होता है। इन विभिन्न चरणों में सफल होने वाले उम्मीदवारों का मेडिकल टेस्ट किया जाता है जिसमें पास होना बहुत जरूरी होता है। मेडिकल में खासकर आँखों का टेस्ट किया जाता है। जिसमें पता किया जाता है कि आपकी आँखों में कोई दृष्टिदोष तो नहीं है। अगर आप इस टेस्ट में पास हो जाते हैं तो आपको ट्रेनिंग के लिए बुलाया जाता है।

❍ ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस इंजीनियरिंग के क्षेत्र में किस तरह के रोज़गार मिलते हैं। इस फील्ड में कॅरियर बनाने के लिए मुझे क्या करना होगा?

- आसीफ क़ुरैशी, खरगोन

● ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इंजीनियरिंग की वह शाखा

है जिसके अंतर्गत रोबोट की डिजाइनिंग, उनका अनुरक्षण, नए एप्लिकेशन का विकास और अनुसंधान जैसे काम सम्मिलित किए जाते हैं। वर्तमान में विभिन्न क्रियाकलापों में रोबोटों का उपयोग निरंतर बढ़ता ही जा रहा है इसलिए इस क्षेत्र में रोज़गार के बहुत अच्छे अवसर विद्यमान हैं। ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स एक मल्टीडिसिप्लिनरी फील्ड है, जिसमें कम्प्यूटर साइंस, न्यूरोसाइंस, मनोविज्ञान आदि विषय भी शामिल किए जाते हैं। ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में कोर्स करने के उपरांत कई कॅरियर उपलब्ध हैं। इसरो तथा नासा जैसे अंतरिक्ष अनुसंधान संगठनों में रोज़गार के अवसर प्राप्त होते हैं। इसके साथ ही ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जानकारों की माइक्रोचिप बनाने वाले उद्योगों में भी खासी मांग है। ऑटोमेशन तथा आर्टि-फिशियल इंटेलीजेंस में स्पेशलाइजेशन से मैन्युफैक्चरिंग, कृषि, खनन, परमाणु ऊर्जा संयंत्र जैसे क्षेत्रों में कॅरियर निर्माण के दरवाजे खुल जाते हैं। योग्य ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस प्रोफेशनल्स को बड़ा भारी वेतन एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं।

ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के अध्ययन के लिए इंजीनियरिंग डिग्री आवश्यक है। इस क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिक्स तथा कम्प्यूटर साइंस जैसे सहयोगी क्षेत्रों का ज्ञान शामिल होता है। इसलिए इस क्षेत्र में कॅरियर बनाने वालों को इन क्षेत्रों से संबंधित तकनीकों से भी अवगत होना चाहिए। यदि आप ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में डिजायनिंग तथा कंट्रोल में विशेषज्ञता प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल करनी होगी। कंट्रोल तथा हार्डवेयर में डिजायनिंग के लिए इलेक्ट्रिकल या इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीटेक डिग्री लाभदायक होती है।

ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में कॅरियर बनाने की इच्छा रखने वाले छात्र गणित में बहुत अच्छे होने चाहिए। ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में कॅरियर बनाने हेतु 12वीं कक्षा में फिजिक्स एवं मैथ्स विषय होना नितांत आवश्यक है। इसके साथ ही साथ उच्चतम प्रतियोगी तथा तकनीकी क्षेत्र में आविष्कार तथा कुछ नया करने के लिए सृजनात्मक योग्यता भी बेहद जरूरी है। बारहवीं के उपरांत जेईई मेन्स अथवा जेईई एडवांस के द्वारा इस क्षेत्र से संबंधित कोर्स में प्रवेश लिया जा सकता है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), एनआईटी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बैंगलुरु आदि से ऑटोमेशन तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस जैसे प्रतिष्ठित इंस्टीट्यूस से संबंधित कोर्स किया जा सकता है।

❍ मैं ओबेरॉय होटल ग्रुप में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। इस हेतु नई दिल्ली में कहाँ संपर्क किया जा सकता है?

- गौतम सचदेव, विदिशा

● ओबेरॉय होटल ग्रुप विख्यात होटल ग्रुप माना जाता है। ओबेरॉय ग्रुप एक होटल कंपनी है जिसकी स्थापना 1934 में की गई थी। यह दुनिया में सबसे सजे-धजे होटल चेनों में से एक माना जाता है। नई दिल्ली में ओबेरॉय होटल ग्रुप का कार्यालय डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग पर स्थित है। इसकी वेबसाइट www.oberoigroup.com पर विजिट करके विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।

❍ इंडस्ट्रियल एवं फायर सेफ्टी मैनेजमेंट कोर्स के बाद कॅरियर की क्या संभावनाएँ हैं? इस कोर्स से संबंधित प्रमुख संस्थानों की जानकारी भी दें।

- राजीव चतुर्वेदी, राजगढ़ (ब्यावरा)

● इंडस्ट्रियल एवं फायर सेफ्टी मैनेजमेंट का कोर्स उन युवाओं के लिए आकर्षक कोर्स है जो जोखिम, साहस और सेवा के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहते हैं। इंडस्ट्रियल एवं फायर सेफ्टी मैनेजमेंट के अंतर्गत औद्योगिक दुर्घटनाओं तथा आग से होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के क्षेत्र में आने वाली सभी क्रियाएँ शामिल होती हैं। गौरतलब है कि इंडस्ट्रियल एवं फायर सेफ्टी से जुड़े मैनेजरों को विभिन्न शिफ्टों में खतरनाक स्थितियों में काम करना पड़ता है। इन्हें कभी-कभी भयंकर ज्वलनशील रसायनों एवं विस्फोटकों की मौजूदगी में भी अपने काम को अंजाम देना होता है।

इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट का पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक करने के पश्चात फायर प्रोटेक्शन इंजीनियर, एनवायरमेंट सेफ्टी मैनेजर, इंडस्ट्रियल हाइजीन मैनेजर, सिस्टम सेफ्टी इंजीनियर, रिस्क मैनेजमेंट कंसल्टेंट, कंस्ट्रक्शन सेफ्टी इंजीनियर, ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी सुपरवाइजर के रूप में अवसर मिलते हैं। फायर इंजीनियर को निगमों, शिक्षण संस्थानों आदि में नियुक्त किया जाता है। खासतौर पर पेट्रोलियम रिफायनरी, पेट्रोकेमिकल्स, प्लास्टिक, फर्टिलाइजर, टेक्सटाइल, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट, केमिकल इंडस्ट्री, फटाका निर्माण फैक्ट्री और ऐसी ही अन्य जगहों पर इनकी बहुत आवश्यकता है। इंश्योरेंस कंपनियों में सर्वेयर के तौर पर फायर सेफ्टी मैनेजरों को नियुक्त किया जाता है ताकि बीमा क्लेम के दौरान अग्निकांड से हुई आर्थिक क्षति का सही-सही आकलन किया जा सके।

इंडस्ट्रियल एवं फायर सेफ्टी मैनेजमेंट के क्षेत्र में अच्छा कॅरियर बनाने के लिए फायर इंजीनियरिंग में कम से कम स्नातक डिग्री होना आवश्यक है। इस क्षेत्र में स्नातकोत्तर और पीएच-डी स्तर के कोर्स भी उपलब्ध हैं। फायर इंजीनियरिंग के बीई कोर्स में प्रवेश लेने हेतु बारहवीं की परीक्षा गणित विषय समूह के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। फायर इंजीनियरिंग के कोर्स में प्रवेश जेईई मेन्स के द्वारा दिया जाता है। बीई डिग्री के अलावा भी देश के कई प्रायवेट संस्थानों द्वारा फायर इंजीनियरिंग के डिप्लोमा कोर्स भी कराए जाते हैं। डिप्लोमा कोर्स की अवधि तीन महीने से लेकर दो वर्ष तक होती है।

उल्लेखनीय है कि फायर इंजीनियरिंग का कोर्स करने के इच्छुक उम्मीदवार का शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत होना आवश्यक है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फायर एंड सेफ्टी इंजीनियरिंग, नागपुर, राष्ट्रीय इंस्टीट्यूट ऑफ फायर इंजीनियरिंग एंड सेफ्टी मैनेजमेंट, मुंबई, कॉलेज ऑफ सेफ्टी एंड फायर टेक्नोलॉजी, अहमदबाद सहित देश के प्रतिष्ठित संस्थानों से इंडस्ट्रीयल एवं फायर सेफ्टी मैनेजमेंट कोर्स किया जा सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।